✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



जीविका दीदियों के साथ संवाद करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 128 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




## संक्षिप्त समाचार

### 15 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नावकोठी पुलिस ने महेशवाड़ा से 15 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी अंकित कुमार को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। अंकित पर हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित आठ गंभीर मामले दर्ज हैं। एसडीपीओ कुंदन कुमार ने थाने परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अंकित कुमार मंझौल, चेरिया बरियारपुर और नावकोठी थानों में दर्ज विभिन्न मामलों में वांछित था।

### जदयू विधायक डॉ. संजीव कुमार राजद में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू विधायक डॉ. संजीव कुमार के राजद में शामिल होने की घोषणा ने बिहार की राजनीति गरमा गई है। इस फेरबदल से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के भीतर परबत्ता सीट के बंटवारे को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। खगड़िया में भाजपा के पास फिलहाल में कोई विधानसभा सीट नहीं है, इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि यह सीट उसके खाते में जा सकती है। चिराग पासवान की लोजपा (आर) भी इस पर अपनी दावेदारी जता रही है। इसके अलावा जदयू भी इस सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

### पूजा पंडाल के पास युवक की गोली मारकर हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रोज हत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसी क्रम में गया में पूजा पंडाल के पास युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना गयाजी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक की पहचान रोहित कुमार उम्र 19 साल के रूप में हुई है। रोहित कुमार पूजा पंडाल में डांस कर रहा था। इसी दौरान अचानक एक मोहित नाम का युवक वहां पहुंचा और गोली मार दी। सीने में गोली लगते ही रोहित की मौके पर ही मौत हो गई।

### राजनीतिक दलों के साथ चुनाव आयोग की बैठक आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की दिशा तय करने वाली एक अहम बैठक 4 अक्टूबर को पटना में होने जा रही है। इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से चुनावी प्रक्रिया और तैयारियों को लेकर सुझाव लेगा। दिलचस्प बात यह है कि आयोग ने तीन अहम दलों- मुकेश सहनी की वीआईपी, उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम और जीतन राम मांझी की हम-को बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया है। यह फैसला चुनावी मौसम में नई राजनीतिक सरगर्मी को जन्म दे रहा है। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त करेंगे। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### मुंगेर राजद जिलाध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुंगेर जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राजद के जिलाध्यक्ष ने अपने कई समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ। दिलीप जायसवाल ने नए नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस कदम से स्थानीय स्तर पर भाजपा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# बिहार कैबिनेट की बैठक में 129 एजेंडों पर लगी मुहर

## सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा, नियोजित एएनएम कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, स्कूली छात्र-छात्राओं की स्कॉलरशिप दोगुनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दशहरा के अगले दिन यानी शुक्रवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले यह अंतिम बैठक थी। इसी को ध्यान में रखते हुए 129 एजेंडों पर मुहर लगी है। आइये आपको बताते हैं कि किन-किन मुद्दों पर मुहर लगी है। बिहार सरकार के कर्मचारियों का कैबिनेट में डीए बढ़ाया गया है। तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है। अब 55% से बढ़कर 58% डीए हो गया। केंद्र सरकार 3% बढ़ाने का फैसला ले चुकी है। बिहार में फिल्म और नाट्य संस्थान स्थापना के लिए कैबिनेट में स्वीकृति मिली है। राज्य के शहरी क्षेत्र में टीकाकरण अभियान के लिए संविदा पर नियोजित एएनएम कर्मियों का मानदेय 11500 से बढ़ाकर 15000 करने और 5% वार्षिक मानदेय वृद्धि दिए जाने की स्वीकृति दी गयी है। स्कूली छात्र-छात्राओं की स्कॉलरशिप दोगुनी हुई है। कैबिनेट में इसकी स्वीकृति दी गई है। क्लास 1 से 4 तक 600 से बढ़ाकर 1200 किया गया, क्लास 5 से 6 1200 से बढ़ाकर 2400 किया गया। क्लास 7-8 का 1800 से बढ़ाकर 3600 और क्लास 9-10 का बढ़ाकर 1800 से बनाकर 3600 किया गया। स्कॉलरशिप के लिए तीन अरब रुपए की स्वीकृति दी गई है। बिहार वानिकी महाविद्यालय एवं शोध संस्थान मुंगेर में विभिन्न कोटि के 26 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। पूर्व से 204 पदों के सृजन की स्वीकृति दी जा चुकी है। राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र पटना में विभिन्न कोटि के 45 पदों के सृजन



की स्वीकृति दी गई है। संजय गांधी जैविक उद्यान पटना में वन्य जीवन के प्रबंधन और पर्यटकों के प्रबंधन के साथ-साथ सुचारू संचालन के लिए विभिन्न कोटि के 172 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वन प्रमंडल के पुनर्गठन के साथ-साथ 9 नए वन प्रमंडलों के सृजन और उसके लिए विभिन्न कोटि के 927 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में विभिन्न कोटि के 78 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बेगूसराय जिला अंतर्गत सिमरिया धाम का फ़ेज वन के तहत वृहत एवं समग्र विकास के लिए 64 करोड़ 77 लाख 4000 की स्वीकृति दी गई है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर वाराणसी की तर्ज पर विष्णु पद मंदिर गयाजी मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मुख्य परामर्श के रूप में एचसीपी डिजाइन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद का मनोनयन के आधार पर चयन हुआ है। केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के अंतर्गत पूर्णिया जलापूर्ति परियोजना के लिए 284 करोड़ 78 लाख 94479 रुपए की स्वीकृति दी गई। केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत मोतिहारी जलापूर्ति परियोजना के लिए 187 करोड़ 13 लाख 18596 की स्वीकृति दी है।

### दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र का हुआ विस्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत औरंगाबाद जिला के ग्राम भखरूआं (75) एवं तरारी (आंशिक-74) को नगर परिषद्, दाउदनगर में सम्मिलित करते हुए क्षेत्र विस्तार हेतु बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-3, 4 एवं 8 के अन्तर्गत संलग्न अधिसूचना प्रारूप के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र गठित करने के आशय की घोषणा करते हुए आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने एवं धारा-5 अन्तर्गत निर्धारित अवधि में विचार योग्य आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर धारा-6 के अन्तर्गत नगरपालिका का क्षेत्र विस्तार की अधिसूचना निर्गत करने की स्वीकृति दी गई।

## मुख्यमंत्री ने 25 लाख महिलाओं के खाते में डीबीटी से ट्रांसफर किए 2500 करोड़ रुपये

# तेजी से आगे बढ़ रहा बिहार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्य की 25 लाख महिलाओं के बैंक खाते में कुल 2500 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत सभी को 10-10 हजार रुपये की राशि भेजी गई। पटना में 1, अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिलों के लाभार्थियों को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। लालू-राबड़ी राज पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि साल 2005 से पहले बिहार में कोई काम नहीं किया गया था। एक अणे मार्ग से मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से लाभुकों को संबोधित भी किया। इस



मौके पर उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि वर्ष 2005 के पहले की सरकार राज्य के लिए कोई काम नहीं किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले बहुत बुरा हाल था। जब 24 नवंबर, 2005 को एनडीए (जदयू-भाजपा) की सरकार बनी थी, तब से हम लोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं और राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सभी काम किये जा रहे हैं। शुरू से ही महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की शुरूआत की गयी। वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। वर्ष 2016 से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसे जीविका नाम दिया। अब स्वयं सहायता समूह की संख्या लगभग 11 लाख हो गयी है जिसमें जीविका दीदियों की संख्या 1 करोड़ 40 लाख हो गयी है। वर्ष 2024 से (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पिता और दो बेटों की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत सिगोड़ी थाना क्षेत्र के करहरा गांव में पिता व दो पुत्रों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि तीनों की मौत जहरीला खाना खाने की वजह से हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सिगोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि गुरुवार की रात तीनों लोग दुर्गा पूजा मेला घूमने के बाद घर लौटे थे। रात में भोजन करने के बाद सभी सो गए। देर रात अचानक तीनों को पेट दर्द की शिकायत हुई। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मरने वालों की पहचान गया जिले के मंझार गांव निवासी नीरज साव और उनके दो पुत्र निर्मल कुमार (8 वर्ष) व निर्भय कुमार (4 वर्ष) के रूप में हुई है। नीरज साव अपने ससुराल करहरा गांव में काफी समय से परिवार के साथ रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया। आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# रेल मंत्री और जापान के मंत्री का सूरत हाई-स्पीड रेल परियोजना स्थल का दौरा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जापान के भूमि, आधारभूत संरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्री हिरोमासा नाकानो आज सूरत हवाई अड्डे पहुंचे जहां उनका पारंपरिक गरबा से स्वागत किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हिरोमासा नाकानो के साथ सूरत हाई-स्पीड रेल निर्माण स्थल का दौरा किया। दोनों मंत्रियों ने परियोजना के महत्वपूर्ण हिस्सों की समीक्षा की, जिनमें ट्रैक स्लैब लेयिंग कार और ट्रैक स्लैब एडजस्टमेंट फैसिलिटी शामिल थे। दोनों मंत्रियों ने काम की गुणवत्ता और गति पर संतोष व्यक्त किया और निर्माण की तेजी की सराहना की। यह दौरा भारत और जापान के बीच भारत की पहली हाई-स्पीड रेल परियोजना को आगे बढ़ाने में मजबूत सहयोग को दर्शाता है।

# चुनाव प्रेक्षक लोकतंत्र के प्रकाश स्तंभ : ज्ञानेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने आज बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव एवं कुछ राज्यों में उपचुनावों के लिए केंद्रीय प्रेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारियों, 58 आईपीएस अधिकारियों और आईआरएस, आईआरएएस, आईसीएएस और अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। ब्रीफिंग बैठक नई दिल्ली में आईआईआईडीईएम में आयोजित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय प्रेक्षकों को ब्रीफ किया। प्रेक्षकों को संबोधित करते हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार ने उन्हें लोकतंत्र के प्रकाश स्तंभ के रूप में वर्णित किया।

# नीतीश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे डॉ. निर्मल

## डॉ. कुशवाहा ने सासाराम क्षेत्र के सौ से अधिक पूजा पंडालों का किया दौरा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन/सासाराम।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र में जदयू नेता और समाजसेवी डॉ. निर्मल कुशवाहा इन दिनों चर्चा के केंद्र में हैं। क्षेत्र की जनता ने उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने की जोरदार मांग की है। नवरात्रि के अवसर पर डॉ. कुशवाहा ने सासाराम क्षेत्र के सौ से अधिक पूजा पंडालों का दौरा कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं और पूजा समितियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. कुशवाहा ने इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि बिहार ने उनके नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, साइकिल योजना और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं ने समाज को नई दिशा दी है। शराबबंदी और महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री की पहल पूरे देश के लिए मिसाल है। जमुहारा, सनौरा, तिलौथू बाबूगंज, सरैया, पंडरिया, रमडिहरा, चितौली, रणजीतगंज, इन्द्रपुरी, रोपहथा, बरवाडीह और भीसड़ा सहित कई गांवों में जनसंवाद के दौरान भी डॉ. कुशवाहा ने नीतीश कुमार के विकास कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सासाराम विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति और तेज की जाएगी ताकि यहां के लोग बिहार के स्वर्णिम भविष्य में अपनी सशक्त भागीदारी निभा सकें। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी डॉ. कुशवाहा को पार्टी टिकट दिए जाने की मांग की है। जदयू सचिव अनुज चौधरी, संतोष कुशवाहा, मंटू सिंह, तेज नारायण पासवान, कमलेश कुमार और गुड्डू पटेल सहित कई नेताओं ने कहा कि यदि उन्हें टिकट दिया जाता है तो एनडीए की जीत सुनिश्चित होगी। वरिष्ठ कार्यकर्ता मुन्ना कुशवाहा ने कहा, डॉ. कुशवाहा जनता के सच्चे हितैषी हैं। जब भी किसी को मदद की जरूरत पड़ती है, वे हमेशा आगे आते हैं। युवा जदयू नेता गुड्डू पटेल ने कहा कि ह्लउनकी लोकप्रियता ही इस बात का प्रमाण है कि सासाराम में पार्टी को मजबूत करना है तो टिकट उन्हें ही मिलना चाहिए। वहीं महिला कार्यकर्ता रीता देवी का कहना था कि महिलाओं की आवाज़ बुलंद करने और उनके सम्मान की रक्षा करने में डॉ. कुशवाहा ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। पूरे इलाके में पूजा पंडालों के भ्रमण के दौरान जिस तरह से जनता ने उनका स्वागत किया, वह इस बात का संकेत है कि सासाराम की जनता अब उन्हें अपनी आवाज़ के रूप में विधानसभा भेजना चाहती है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

एक अखबार, पूरा बिहार

राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध

अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें

9334115121/8540866721/8789755505

पटना कार्यालय

द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13

मो0-6206165107
7004534093

# गांधी मैदान मसौढ़ी में धू-धू कर जला रावण

## बुराई का हुआ अंत, हजारों की संख्या में उमड़ी लोगों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बुराई पर अच्छाई की प्रतीक और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व मसौढ़ी में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन, एसडीएम अभिषेक कुमार, एएसपी कोमल मीणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत पासवान, बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पार्षद शंभू सिंह विश्वरंजन आदि शामिल रहे। गौरतलब है की कार्यक्रम से पहले श्री राम लक्ष्मण की शोभायात्रा निकाली गई, जहाँ वानर सेना के साथ मसौढी काली पूजा समिति के मंडप से यह शोभायात्रा निकाली गई जो अनुमंडल चौराहा और उसके बाद



स्टेशन रोड मेंन रोड होते हुए गांधी मैदान पहुंचा। सबसे पहले लंका दहन कार्यक्रम कर माता सीता को मुक्त कराया गया, उसके बाद बारी-बारी से सबसे पहले कुंभकरण मेघनाथ और अंत में रावण के पुतले को दहन किया गया। बताया जाता है की इस बार रावण दहन समारोह का आयोजन में 50 फीट का रावण और 45 फीट के मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। बहरहाल श्री श्री काली पूजा समिति के अध्यक्ष पलटन सिंह, सचिव रामनरेश सिंह, महासचिव अश्विनी उर्फ गोल्डी, कोषाध्यक्ष उज्जवल कुमार एवं अन्य सभी सदस्य शामिल रहे। सुरक्षा को लेकर डबल बैरिकेटिंग, सभी गेट पर पुलिस मजिस्ट्रेट, पांच जगहों पर ड्रॉप आउट गेट बनाये गये, वहीं गांधी मैदान में चार वॉच टावर बनाए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से भीड़ नियंत्रण और विधि व्यवस्था का संधारण किया गया। वही रावण दहन के कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या भीड़ उपस्थित रहे पूरा गांधी मैदान खचाखच भरा रहा।



### सिंदूर होली खेल नम आंखों से मां दुर्गा को की गई खोईंचा भराई

**मसौढ़ी।** विजयादशमी के बाद मसौढ़ी मे मां दुर्गा की नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर मसौढ़ी स्थित अस्पताल रोड मे फाइव स्टर क्लब पूजा पांडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी थी, जहाँ शुक्रवार को नम आंखों से श्रद्धालुओं ने विदाई दी। इससे पहले सभी महिलाओं ने मां दुर्गा कि खोईंचा भराई कार्यक्रम की। वहीं इस मौके पर महिलाओं ने सिंदूर होली खेली, एक दूसरे को सिंदूर लगाते हुए हर्षोउल्लास के साथ मां को अंतिम विदाई दी। जहाँ महिलाओं ने जमकर डांस किया। महिलाओं ने कहा कि जब बेटी विदाई होती है तो उसे सिंदूर की होली खेलते हैं। यह रीति रिवाज पिछले कई सालों से होता आ रहा है। ऐसे में इस बार भी परंपरा के अनुसार हम सभी महिलाएं मां की अंतिम विदाई कर रहे हैं। इसके साथ ही खुशी का माहौल भी है कि अगले बरस मां जल्द आना, इसका इंतजार रहेगा, सिंदूर होली खेल कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं लड़कियां मस्ती में सरोबर दिखीं।हर कोई झुमते गाते नाचते हुए मां को अंतिम विदाई दे रहा था। इस दौरान आसपास का पूरा माहौल सिंदूरी दिखा। महिलाओं ने कहा कि पूरे श्रद्धा के साथ पूजा की गयी। बता दें कि सिंदूर की होली खेलने की परंपरा बंगाल में प्रचलित है, शारदीय नवरात्रि के दसवें दिन जब मां दुर्गा जब वापस जाती हैं तो उनकी विदाई के सम्मान में सिंदूर की होली खेली जाती है। मौके पर जुली कुमारी, पुनम देवी, रेखा देवी, निलम देवी, नमिता देवी, खुशी कुमारी शैली कुमारी, मासुम कुमारी, इसके अलावा आयोजं समिति मे राजेश उर्फ पिंटू रजक, छोटे लाल ठाकुर, मुन्ना रजक, पप्पू गांधी अंबर कुमार शामिल रहे।

## नम आंखों से भक्तों ने दी मां आदि शक्ति को विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विजयादशमी के अगले दिन शुक्रवार को भक्तों ने नम आंखों के साथ मां आदि शक्ति को विदा किया। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद शुक्रवार को जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों पर दिख रहा था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ माता को विदा किया। भक्तों की आंखे अंतिम विदाई के दौरान माता से सुख-समृद्धि और निरोग रहने की कामना कर रही थी। बहरहाल पूरे मसौढी में कुल 17 जगहों पर पूजा पंडाल में प्रतिमा स्थापित की गई थी और विसर्जन के लिए मसौढी के पित्तवांस स्थित दूधिचक घाट पर अनुमंडल प्रशासन की ओर से पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार पूरे दलबल के साथ दूधिचक घाट पर विसर्जन का जायजा लिया। बहरहाल मसौढी शहर में पूजा पंडालों में श्री श्री भारत माता पूजा समिति थाना रोड, फाइव स्टार क्लब अस्पताल रोड, दुर्गा पूजा समिति डाक बंगला रोड कि काली पूजा समिति तारेगना गोला, दुर्गा माता समिति जानकी मार्केट, शनि देव हनुमान मंदिर कमेटी, दुर्गा पूजा समिति पाली मोड, न्यू स्टूडेंट क्लब पुरानी बाजार, नवयुवक संघ संगत पर, काली पूजा समिति मालिकाना समेत कुल 17 जगहो पर पूजा पंडाल की प्रतिमा स्थापित की गई, जहां शुक्रवार के दिन उत्साह के साथ दूधिचक घाट पर नाम आंखों के साथ मां दुर्गा की अंतिम विदाई की।

## शहर के तीन स्थानों पर खादी प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों एवं खादी वस्त्रों की बिक्री और प्रदर्शनी हेतु दशहरा से छठ पूजा तक स्टॉल लगाया जायेगा। यह आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत सरकार के ल्लवोकल फॉर लोकल एवं स्वदेशी अपनाओ अभियानङ्क के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिले के प्रमुख पूजा पंडालों के समीप स्टॉल स्थापित किए गए हैं। यह स्टॉल एवं सेल्फी प्वाइंट शहर के विभिन्न जगहों पर स्थापित किया गया। मां दुर्गा पूजा समिति, विद्युत कॉलनी, औरंगाबाद, मां भारती क्लब रमेश चौक एवं मां शेरावली क्लब पूजा समिति, तेलिया पोखर। स्थापित सेल्फी प्वाइंट का उद्देश्य ल्लमेरा वोट मेरा अधिकारङ्क संदेश के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर पंडालों पर उपस्थित लोगों ने उक्त संदेश के साथ सेल्फी लेकर लोकतंत्र और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह पहल न केवल स्थानीय उद्यमियों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार का अवसर प्रदान करती है बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में भी सहायक है। जिला उद्योग केंद्र के द्वारा इस पहल के माध्यम से जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। इस अभियान के दौरान स्थापित स्टॉल और सेल्फी प्वाइंट लोगों में लोकतंत्र, स्वदेशी उत्पाद और स्थानीय उद्यमिता के प्रति विश्वास और गर्व उत्पन्न करने का कार्य कर रहे हैं।

### जयंती पर याद किए गए गांधी व शास्त्री

**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर स्थित जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल एवं उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा प्रदत्त सत्य, अहिंसा, सद्भावना एवं स्वच्छता के मूल्यों को जन-जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री द्वारा प्रदत्त 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि का आधार मानते हुए उनके आदर्शों के अनुरूप कर्तव्यों के निर्वहन का निश्चय किया गया।

## प्रत्याशी चयन को लेकर जन सुराज की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** जन सुराज पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में प्रत्याशी चयन को लेकर शुक्रवार को पालीगंज के धरहरा स्थित पम्पम मैरेज हॉल में पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पटना जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय भाई ने की और इसमें बड़ी संख्या में संस्थापक, प्राथमिक सदस्य, संभावित प्रत्याशी व संगठन



से जुड़े पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक राज्य मुख्यालय से नियुक्त पर्यवेक्षक अवैदुर रहमान की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के सभी संभावित प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में अपनी-अपनी बातें रखीं। इसके बाद संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों ने अपनी राय बंद लिफाफ़े में पर्यवेक्षक को सौंपी। पर्यवेक्षक इन रायों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे। प्रत्याशी चयन की यह प्रक्रिया पूरे बिहार में 3 से 8 अक्टूबर तक चलेगी। इससे पहले दो चरणों में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों की राय ली जा चुकी है। अब विधानसभा स्तर पर राय लेकर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया अंतिम रूप ले रही है।

इस मौके पर जिला संगठन महामंत्री अशोक कुमार, विधानसभा प्रभारी राजकिशोर सिंह, डॉक्टर श्यामनंदन शर्मा, उत्कर्ष यादव, पुरुषोत्तम कुमार शर्मा, अश्विनी कुमार, राकेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार यादव, चन्द्रशेन प्रसाद वर्मा, रामानंद तिवारी, सुनील वर्मा, पूजा कुमारी, संगीता कुमारी समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### काम के दौरान बिजली से झुलसा किसान

**बिहटा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को बिहटा थाना क्षेत्र के बिंदौल गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान बुरी तरह से झुलसकर घायल हो गया। आनन फानन में मौजूद लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान 70 वर्षीय रामाधार पंडित के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घायल किसान अपने खेत में काम कर रहा था और अचानक बारिश होने लगी और इसी बीच आकाशीय बिजली खेत में गिरा जिसके बाद वो बुरी तरह से झुलस गया।जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए ललित मोहन शर्मा क्लिनिक में भर्ती कराया है। जहां इलाज चल रहा है।

### सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत पुनपुन नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4, मुहल्ला जाहिदपुर में एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य स्थानीय विधायक गोपाल रविदास की अनुशंसा पर स्वीकृत हुआ है। इस परियोजना के तहत एम्स आर.सी.डी. रोड तक लगभग 1100 फीट लंबी और 12 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसका शिलान्यास विधायक गोपाल रविदास ने अपने कर-कमलों से किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक श्री रविदास ने कहा कि हमारे प्रयासों से पुनपुन नगर पंचायत में हाई मास्क लाइट, सड़क समेत कुल 18 योजनाएं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई हैं। यह सब कुछ जनता की सुविधा और विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया है।जो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

### भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तारेगना रेलवे स्टेशन परिसर के समीप दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा पूजा पंडाल में गुरुवार की रात भव्य देवी जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन तारेगना रेल थाना के थानाध्यक्ष राजू दुबे ने फीता काटकर की कार्यक्रम में भजन, नृत्य आरा के आये कलाकारों ने प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। देवी दुर्गा की महिमा से भरे देवी गीत से पंडाल पूरी रात देवी गीतों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने पूरी रात मां दुर्गा के जयकारों के साथ जागरण का आनंद लिया और भक्तिमय माहौल में देवी गीतों के संग झूमते रहे,मौके पर रेल थाना अध्यक्ष राजीव दुबे ने कहा की जिस तरह से मां दुर्गा की पूजा होती है, वैसे ही घर की माताओं और बहनों को भी देवी मानकर सम्मान देना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष गौतम कुमार, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, रंजीत राम, नागेंद्र प्रसाद, गनी कुमार, कारू यादव समेत कई लोग शामिल रहे।

### भक्तिभाव से प्रतिमा का विसर्जन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गापूजा धूमधाम से संपन्न हुआ।युवक संघ मेन रोड, छात्र युवक संघ करसा रोड, नोनिया टोला, असपुरा, पुरानी बाजार देवी स्थान, दनारा आदि पूजा समितियों द्वारा भक्तिमय वातावरण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। विसर्जन के दौरान चौक चौराहे एवं विसर्जन स्थल पर पुलिस बल तैनात किए गए थे।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गांधी आश्रम बिक्रम में महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गांधी आश्रम संघर्ष समिति के सदस्यों ने बिक्रम के गांधी आश्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने एवं सरकार को इसकी ओर ध्यान दिलाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम की स्थापना में गांधी जी स्वयं आए थे।बिक्रम में गांधी जी का तीन बार आगमन हुआ था। गांधी आश्रम में 1942 की क्रांति में सेनानियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थल रहा है। सभा की अध्यक्षता ब्रज किशोर तिवारी एवं संचालन शशांक शेखर मिश्र ने किया। मौके पर अरूण कुमार आजाद, अभिषेक कुमार मोंटी, सुरेश ठाकुर, सुजीत रविदास, जितेंद्र कुमार शर्मा, उमेश यादव, अर्जुन राम, सतीश कुमार,मो महफूज अहमद, डॉ बंगाली, विपिन कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं प्रोग्रेसिव स्कूल एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रभात.फेरी की गई।

## तेज रफ्तार हाइवा ने बच्चे को कुचला, मौत, आक्रोशितों ने किया बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा।** थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर टोला के पास तेजरफ्तार हाईवा ट्रक ने साइकिल सवार बच्चे को कुचल डाला। बच्चे की मौके पर मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ करते हुए पुलिस प्रशासन और मुआवजे की मांग को लेकर बिहटा-पटना मुख्य सड़क को जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को आक्रोश झेलना पड़ा। इसके साथ ही पुलिस की गाड़ी को घेर कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नोंकझोंक किया। मृतक की पहचान धर्मेंद्र राम का 13 वर्षीय पुत्र सोनू राम के रूप में हुई है। हालांकि भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और चालक के साथ जमकर मारपीट की। मौके पर पुलिस पहुंचकर आक्रोशित लोगों के चुंगल से चालक को छुड़ाकर थाने ले आई रही थी। लेकिन भीड़ इतनी आक्रोशित थी कि पुलिस के साथ ही उलझ गई। कड़ी मशक्कत के बाद चालक को पुलिस ने छुड़ा कर थाने ले आई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक सोनू राम अपने साइकिल से अपने घर की ओर बिहटा के श्रीरामपुर टोला जा रहा था तभी श्रीरामपुर टोला के चाय दुकान के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सोनू सड़क पर गिर गया और ट्रक ने कुचल दिया जहां घायल अवस्था में उसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल में लाया। जहां ने डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मौत की जानकारी मिलने के परिवार में मातम छा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दशहरा का दिन है और ऐसे में भारी वाहन सड़कों पर चल रहा है प्रशासन के तरफ से रोक नहीं लगाया गया है। जिसके कारण इस तरह की घटना हुई है। रोड पर लोगों की भीड़ है लेकिन प्रशासन भारी वाहनों को रोक नहीं रही है। आज भी उसी का नतीजा है कि एक बच्चे की मौत हो गई। पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने घटना को लेकर बताया कि सड़क हादसे में 13 वर्षीय बच्चे की सड़क हादसे में मौत होने की सूचना मिली है। ट्रक को जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों के द्वारा ट्रक में तोड़ फोड़ किया गया और चालक को पीटा गया। साथ ही पुलिस के साथ भी नोंकझोंक हुई है। इस संबंध में एक अलग से मामला दर्ज की जा रही है क्योंकि कानून सबके के लिए एक सामान है और पुलिस कारवाई करेगी।

## दो शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के अल्वा कॉलोनी से दो शातिर चोरों को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान छोटू उर्फ चुहवा और अली रहमान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने गश्ती पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ छापेमारी कर दोनों को धर दबोचा। इनके पास से सैमसंग कंपनी का एक स्क्रीन टच मोबाइल बरामद हुआ है, जो लॉक अवस्था में था। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यह मोबाइल महावीर कैंसर संस्थान से चोरी किया था और लॉक तोड़वाकर बेचने की तैयारी में थे।

### वित्तरहित शिक्षकों ने आदेश की प्रति जलाई

**फुलवारीशरीफ।** बिहार के वित्तरहित कॉलेजों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने वेतनमान मुद्दे को टालने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। सरकार ने समाधान की बजाय कमिटी बना दी, जिसे शिक्षक 'ठंडे बस्ते में डालने' की साजिश बता रहे हैं। अनीसाबाद स्थित राम लखन सिंह यादव कॉलेज में वित्तरहित शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. राम बिनेश्वर सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया. शिक्षकों ने सरकार के आदेश की प्रति जलाकर नाराजगी जताई। प्रो. सिंह ने कहा कि वेतन देने का समय था, लेकिन सरकार ने कमिटी बनाकर मुद्दे को टाल दिया। प्रदर्शन में प्रो. शंकर प्रसाद शाह, प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. विजय कुमार, प्रो. आरएन उपाध्याय, प्रो. रमेश कुमार, प्रो. सतेन्द्र कुमार, प्रो. आनंदी प्रसाद यादव, प्रो. परिवेश साह, इंदुभूषण यादव, प्रो. प्रसिद्ध कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए.

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**फुलवारीशरीफ।** एम्स पटना के ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभाग की ओर से मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया और इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाया गया। भारत में हर साल 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है।

## मसौढ़ी में 3,25142 मतदाता चुनेंगे नई सरकार

### फाइनल वोटर लिस्ट से कट गए 27 हजार 746 नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद 30 सितंबर 2025 को अंतिम मतदाता सूची जारी हुई। यह सूची बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ड्राफ्ट सूची से मतदाता अधिक बढ़े हैं। जबकि 24 जून को जारी सूची से मतदाता कम हुए। चुनाव आयोग अक्टूबर में पटना का दौरा करेगा। बहरहाल मसौढी विधानसभा में जारी सूची के अनुसार 3,25,142 मतदाता हैं जो नई सरकार बनाने में वोट करेंगे, जहां पुरुषों की संख्या 1,70, 611 है। वही महिला मतदाताओं की संख्या 1,54,531 है। वहीं 25. 4. 2025 तक मसौढी विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 3,52,888 थे जिसमें फाइनल मतदाता सूची में 27,746 मतदाताओं के नाम कट गए हैं। यह वैसे मतदाता हैं जिनका दो बुथों पर नाम जोड़ा गया था, कई मृत मतदाता हैं शामिल हैं, बहरहाल मसौढ़ी विधानसभा में कुल 394 मतदान केंद्रों पर 3,25,142 मतदाता वोट करेंगे। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 149 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, नगर परिषद शहरी क्षेत्र में 67 मतदान केंद्र हैं वहीं धनरूआ प्रखंड में 178 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।गौरतलब है की विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाचन आयोग खेसारी लिंक पर वोटर लिस्ट में अपना नाम की सूची देख सकते हैं।

## 26 पंचायतों मे पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन एवं शिलान्यास

### दो वक्त की रोटी की थी महोताज अब 156 महिलाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पंचायती राज विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ने वर्चुअल तरीके से बिहार में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन एवं शिलान्यास और विवाह मंडप का उद्घाटन किया है। ऐसे में मसौढी अनुमंडल में कुल तीनों प्रखंड में 26 पंचायतों मे उदघाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें धनरूआ प्रखंड में देवधा, बहरामपुर नदवां, निमडा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया गया है। जबकि बारीबिगहा और दतमई में पंचायत में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन किया गया है। वही पुनपुन प्रखंड में पारथु, कल्याणपुर, अकौना पंचायत में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन किया गया है। जबकि पैमार बारावां में



शिलान्यास हुआ है। वहीं कल्याणपुर बाजितपुर खैरी में विवाह मंडप का उद्घाटन किया गया है। वहीं मसौढ़ी प्रखंड में कुल 9 पंचायत में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास हुआ है। जिसमें शाहाबाद, भैसवां,बारा, कराय, चरमा, नदौल आदि जगहों पर शिलान्यास कार्यक्रम किया गया है जबकी कई पंचायतों मे उद्घाटन किये गये है। मौके पर स्थानीय मुखिया ने फीता काटकर नारियल फोड़ कर इस विधिवत तरीके से इस कार्यक्रम को संपन्न किया है। शाहाबाद पंचायत के मुखिया रवि प्रकाश, नदवां पंचायत में मुखिया शंकर कुमार सिंह, देवधा पंचायत में मुखिया शांति देवी,एवं अन्य पंचायतों मे भी मुखिया शामिल रहे। बताया जाता है कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इन भवनों का निर्माण सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार, धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी, पुनपुन बीडीओ मानेन्द्र सिंह आदि ने बताया की ग्रामीण जनता को अपने कार्यों के लिए प्रखंड, अनुमंडल या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिहार सरकार के लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत सभी कार्य पंचायत स्तर पर ही निपटाए जाएंगे। पंचायत सरकार भवन उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान धनरूआ में विधायक रेखा देवी प्रखंड प्रमुख बबीता देवी मुखिया की शामिल हुई।

## पटना में जुटेंगे देश-विदेश के हृदय रोग विशेषज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/फुलवारीशरीफ।** राजधानी पटना में 4 और 5 अक्टूबर को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया बिहार चैप्टर का 31वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में राज्य के सभी जिलों से लगभग 500 चिकित्सक भाग लेंगे। इसके साथ ही देश-विदेश के नामचीन हृदय रोग विशेषज्ञ और कार्डियक सर्जन भी शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य तेजी से बढ़ रहे हृदय रोगों, खासकर युवाओं में, के प्रति जागरूकता फैलाना और इनके उपचार की नवीनतम तकनीकों से राज्य के चिकित्सकों को अवगत कराना है। आयोजन सचिव और प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ। अशोक कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में कई नई तकनीकें विकसित हुई हैं, जो गंभीर रोगों में भी समय पर सही इलाज देकर मरीजों को राहत पहुंचा सकती हैं। वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ। निशांत त्रिपाठी ने कहा कि सम्मेलन में कोरोनरी आर्टरी डिजीज, कार्डियोमायोपैथी, कार्डियक सर्जरी का सही समय, कैथ लैब प्रोसीजर, जीवनशैली और खानपान में सावधानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वैज्ञानिक सत्र होंगे। राज्य के भी कई प्रमुख विशेषज्ञ जैसे डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. बी. बी. भारती, डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अजय कुमार सिन्हा, डॉ. अजीत प्रधान, डॉ. वी. पी. सिन्हा, डॉ. मनमोहन, डॉ. एस. एस. चटर्जी आदि भाग लेंगे।



श्री नीतीश कुमार
मुख्यमंत्री, बिहार

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## माननीय प्रधानमंत्री
# श्री नरेन्द्र मोदी
## के कर कमलों द्वारा
## आईटीआई के टॉपर विद्यार्थियों का कौशल दीक्षांत समारोह में सम्मान
## और
## शिक्षा एवं कौशल से जुड़ी ₹62,000+ करोड़ की युवा केन्द्रित योजनाओं का शुभारंभ/उद्घाटन/शिलान्यास/देश को समर्पण

### युवाओं के लिए राष्ट्र स्तर की योजनाएं

₹60,000 करोड़ की PM-SETU (Pradhan Mantri Skilling and Employability Transformation through Upgraded ITIs) योजना के तहत 1,000 ITI का उन्नयन जिनमें बिहार के पटना और दरभंगा ITI क्लस्टर पर विशेष फोकस

देशभर के 400 नवोदय विद्यालयों एवं 200 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाएँ

### साथ ही बिहार के लिए अन्य मुख्य योजनाएं और पहल

पटना विश्वविद्यालय, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय में PM-USHA के अंतर्गत अकादमिक ब्लॉक्स, छात्रावास, भवन नवीनीकरण जैसी नई सुविधाएं

बिहार के योग्य युवाओं को मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के नए रूप के अंतर्गत दो वर्षों तक आर्थिक सहायता का लाभ

जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय, पटना का उद्घाटन

बिहार के विद्यार्थियों के लिए रीडिज़ाईन्ड क्रेडिट कार्ड योजना

एनआईटी पटना के बिहटा कैंपस का देश को समर्पण

9वीं और 10वीं कक्षा के 25 लाख विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति

युवाओं के शिक्षा और रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बिहार में युवा आयोग

बिहार सरकार में चयनित 4000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री जुएल ओराम**
केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय

**श्री जयन्त चौधरी**
केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एवं केंद्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय

**डॉ. सुकांत मजूमदार**
केंद्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय; और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली | 4 अक्टूबर 2025 | 11 बजे से शुरू

cbc 63101/13/0010/2526

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें**

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान हादसा तीन नाबालिग पंचाने नदी में डूबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मां काली की प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया। हथियाखाड़ के पास पंचाने नदी में तीन बच्चे तेज बहाव में बह गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मूर्ति विसर्जन से कुछ मिनट पहले बच्चे नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान चार बच्चे पानी की तेज धार में बहने लगे। इनमें से एक बच्चा किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जबकि तीन बच्चे—मंदीप, सागर और मोहित, जो झींगनगर मोहल्ले के निवासी हैं—गहराई में डूबकर लापता हो गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। स्थानीय लोग और विसर्जन में शामिल श्रद्धालुओं ने बच्चों की खोजबीन की, लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिला प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के लिए कोसुक में विशेष स्थल निर्धारित



किया था, ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। लेकिन झींगनगर पूजा समिति की ओर से हथियाखाड़ के पास विसर्जन किया जा रहा था। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यदि निर्धारित स्थल पर विसर्जन किया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। प्रत्यक्षदर्शी राहुल कुमार ने बताया कि पूजा समिति की ओर से आरती में व्यस्तता के कारण बच्चों पर नजर नहीं रखी जा सकी। अचानक चार बच्चे तेज धार में बह गए और तीन बच्चे गहराई में समा गए। लोगों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। हादसे की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब बच्चों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल के बजाय दूसरी जगह नदी में उतर गए। फिलहाल एसडीआरएफ की टीम तीनों बच्चों की तलाश में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही झींगनगर मोहल्ला और आसपास के गांवों में शोक की लहर फैल गई है। परिजन बुरे हाल में हैं और उन्हें सांत्वना देने का प्रयास किया जा रहा है।

### खेत में पटवन के दौरान करंट से किसान की मौत

**बिहारशरीफ।** बिन्द थाना क्षेत्र के कुशहर गांव में बुधवार को खेत में पटवन करने गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कुशहर गांव निवासी रज्जू यादव के रूप में हुई है, जो मौजी यादव के पुत्र थे। ग्रामीणों ने बताया कि रज्जू यादव खेत में मोटर पंप से पटवन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए। जब वे काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजन खेत में जाकर उन्हें खोजने पहुंचे। रज्जू यादव अचेत अवस्था में खेत में पड़े मिले। परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दिनदहाड़े सीएसपी सेंटर से 15 हजार की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा थाना क्षेत्र के सारिलचक मोड़ के पास गुरुवार की दोपहर बदमाशों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में चोरी की घटना को अंजाम दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार सीएसपी संचालक स्टालिन कुमार अपने सेंटर का खराब स्टेबलाइजर ठीक कराने के लिए बगल की दुकान पर गए थे। इसी दौरान दो युवक मौके का फायदा उठाकर सेंटर के अंदर दाखिल हुए। उनमें से एक ने काउंटर पर रखा बैग उठा लिया, जिसमें लगभग 15 हजार रुपये नकद थे। कुछ देर बाद संचालक लौटे तो बैग गायब मिला। तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि दो युवक पहले दुकान के बाहर टोह लेते हैं और फिर उनमें से एक युवक अंदर घुसकर बैग लेकर भाग निकलता है। दिलचस्प बात यह रही कि चोरी के वक्त संचालक भी दुकान



पर आ गए थे, लेकिन उन्हें घटना की भनक नहीं लग पाई। सीएसपी संचालक ने बताया कि दुर्गा पूजा के कारण बैंक बंद रहने से अधिक राशि सेंटर में मौजूद नहीं थी, वरना नुकसान और बड़ा हो सकता था। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़ित का आवेदन प्राप्त हो चुका है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुट गई है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# आधुनिक डिजिटल दुनिया में नाट्य परंपरा को जीवित रखने का नालंदा नाट्य संघ का अनोखा प्रयास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नवरात्र के मौके पर जहां जगह-जगह पूजा-पंडाल और मेला सजे हुए थे, वहीं बिहारशरीफ के डाक बंगला मोड़ पर संस्कृति और परंपरा की एक अलग झलक दिखाई दी। नालंदा नाट्य संघ के कलाकारों द्वारा नाट्य सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लुप्त हो रही नाट्य परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में सराहनीय पहल की। मंच पर भगवान शिव और कामदेव की कथा का मनमोहक मंचन किया गया। स्थानीय कलाकार अमित कुमार ने भगवान शिव का किरदार निभाते हुए दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार कामदेव ने भोलेनाथ की तपस्या भंग करने का प्रयास किया और भगवान शिव ने अपनी तीसरी आंख खोलकर उसे भस्म कर दिया। मेला घूमने आए लोगों ने इस नाट्य प्रस्तुति का जमकर लुत्फ उठाया।



बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी बड़ी तन्मयता से मंचन देखते रहे और बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। नालंदा नाट्य संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार दास ने बताया कि संघ की स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी और तब से लेकर अब तक इसके कलाकार सामाजिक मुद्दों पर सैकड़ों नाटक प्रस्तुत कर चुके हैं। उनका कहना था कि नाटक केवल मनोरंजन नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने और बुराइयों पर चोट करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक युग की चमक-दमक और डिजिटल दुनिया में जहां पारंपरिक मंचीय नाटकों की परंपरा लगभग विलुप्त होती जा रही है, वहीं उनका प्रयास है कि आने वाली पीढ़ी इस धरोहर से जुड़ सके। कलाकारों का उद्देश्य है कि लोग समझें कि नाट्य परंपरा केवल पुरानी यादें नहीं, बल्कि संस्कृति और समाज को जोड़ने वाली एक जीवंत कड़ी है। इस मौके पर संजय कुमार डिस्को, सुधीर कुमार, अनिल उर्फ गुड्डू कुमार, चितरंजन उर्फ चित्रा, रामसागर राम, पृथ्वी नाथ, भृगु नाथ, मनोज चिंगारी, मोहम्मद डॉली, ऋषिकेश कुमार, पंकज कुमार, अल्पु कुमार, राकेश साव, राजेश कुमार,पप्पू पेंटर अजय कुमार, पप्पू पुरी, शशि रंजन, शशि शेखर, अनुज कुमार, दिलीप कुमार उर्फ बिहारी, दिनेश कुमार, शंभु साव, शंकर साव, तोता राम, विनोद यादव के अलावा कई लोग मौजूद थे ।

# नवादा में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' का सफल समापन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में "स्वच्छता ही सेवा 2025" के समापन समारोह सह स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, स्वच्छता कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं को रवि प्रकाश, जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, नवादा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अकबरपुर प्रखण्ड तथा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर हेतु गोविन्दपुर प्रखण्ड को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र देकर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्ड समन्वयक को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रखण्ड स्तर के कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी निबंध लेखन, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को निम्नानुसार सम्मानित किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता : कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा के आदित्य कुमार। पेंटिंग प्रतियोगिता : विकास कुमार, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय की लक्ष्मी भारती, अनुप्रिया, रौशनी प्रिया, शानी कुमारी एवं काजल कुमारी। स्पीच प्रतियोगिता : प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय की कृपा तुलसी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, निदेशक-सह-सदस्य सचिव (डीआरडीए), कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड समन्वयक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 52,835 महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की राशि का अंतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 3 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 25 लाख लाभुक महिलाओं को प्रति लाभुक 10 हजार रुपये की दर से कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया।




मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों द्वारा दिनांक 26 सितम्बर 2025 को किया गया था। शुभारंभ दिवस पर राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई थी। आज के अंतरण के साथ ही अब तक कुल 1 करोड़ महिला लाभुकों के खाते में 10 हजार करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज की विशेष उपलब्धि यह रही कि एक करोड़वीं लाभुक अंजु कुमारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर अपना अनुभव साझा किया और प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के रोजगार की शुरुआत करने हेतु आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत प्रारंभिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। रोजगार प्रारंभ करने के बाद आकलन के उपरांत महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं की स्थिति और अधिक मजबूत होगी, वे आत्मनिर्भर बनेंगी तथा राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने जानकारी दी कि नवादा जिले की 52,835 महिला लाभुकों को प्रति लाभुक 10,000 रुपये की राशि का अंतरण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष के साथ-साथ जिले के ग्राम संगठन, संकुल संघ एवं प्रखंड स्तर पर भी किया गया, जिसमें 1,58,834 से अधिक जीविका दीदियां सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

# लापता महिला का शव नदी से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के बरहोग गांव से लापता एक महिला का शव शुक्रवार को जिराइन नदी से बरामद हुआ। मृतका की पहचान बरहोग गांव निवासी धर्मेंद्र राम की पत्नी सुनीता देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुनीता देवी गुरुवार को अचानक लापता हो गई थीं। परिजनों और ग्रामीणों ने आशंका जताई थी कि वह जिराइन नदी में डूब गई होंगी। इसी क्रम में गुरुवार शाम एसडीआरएफ की टीम ने नदी में गहन खोजबीन भी की, लेकिन उस समय कोई सुराग नहीं मिल पाया। शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों ने चानन



खंधा के पास नदी में शव को उपलाते देखा और तुरंत परिजनों व पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दी।

# नम आंखों से दी गई मां को विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले में दुर्गा पूजा 2025 का समापन शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। शुक्रवार को जिले भर में प्रतिमाओं का विसर्जन पारंपरिक उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। हजारों श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर झूमते हुए जुलूस में शामिल हुए। नम आंखों से दी गई मां की विदाई। विसर्जन जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रही । अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिहारशरीफ वैभव नितिन काजले और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)



बिहारशरीफ नुरुल हक़ स्वयं घाटों पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। जगह-जगह दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती गई। नगर के विभिन्न पूजा पंडालों की प्रतिमाएं नियत मार्ग से होकर जुलूस की शक्ल में विसर्जन स्थलों तक पहुंचीं। पुलिस और प्रशासन की ओर से पर्याप्त बैरिकेडिंग, रोशनी और गोताखोरों की व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विसर्जन शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन ने इसके लिए आमजन और पूजा समितियों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने सहयोग कर व्यवस्था बनाए रखने में मदद की।

# बेरोजगारों को योजनाओं से जोड़ने का अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के न्यूनतम पांच हजार बेरोजगारों को कृषि एवं पशुपालन जैसे रोजगार से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने गोनी पहाड़ी के निकट 11 नंबर ब्लॉक स्थित प्रस्तावित कोल्ड स्टोरेज निर्माण स्थल पर कर दिया है। हजारों किसानों और पशुपालकों की उपस्थित में सर्व प्रथम निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज भवन का भूमिपूजन सदर विधायक विभा देवी एवं उनके पौत्रों ने किया। तत्पश्चात चयनित पशुपालकों को ब्याज मुक्त ऋण के तहत पशु वितरित करने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की गई जो देर शाम तक चलता रहा। इसके अलावे लगभग 10 एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन कोल्डस्टोरेज का निरीक्षण किसानों ने किया । विदित हो कि यह कोल्ड स्टोरेज गोवर्द्धन एग्रो एंड इंफ्राटेक प्रा. लि. की ओर से निर्मित किया जा रहा है जिसके निदेशक एकलव्य कुमार एवं अखिलेश कुमार हैं । निदेशक द्वय ने बताया कि नवादा में दशकों से कोई कोल्ड स्टोरेज नहीं है जिसके कारण किसानों या कृषि व्यवसायियों को गया या बिहार शरीफ जाना पड़ता है। 14 फरवरी से सभी इच्छुक किसान आलू प्याज, फल फूल इत्यादि का उचित मूल्य पर सुरक्षित भंडारण कर सकते हैं। दूसरी ओर श्री राज कृष्णा ट्रस्ट के अध्यक्ष सह पूर्व श्रम राज्य राजबल्लभ प्रसाद ने बताया कि जिले से लगभग 5 लाख लोग रोजी रोटी के लिए अन्य प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं। ट्रस्ट के द्वारा इनमें से न्यूनतम 5 हजार लोगों को कृषि और पशुपालन जैसे रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रति माह एक करोड़ रुपए का पशु ब्याजमुक्त ऋण के रूप में पशुपालकों को दिया जाएगा। 6 लाख से 10 लाख तक का ऋण प्रत्येक चयनित आवेदकों को दिया जाएगा और एक से तीन वर्ष के बीच ब्याजमुक्त ऋण भुगतान कराया जाएगा।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान जमकर चलीं लाठियां

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल दुर्गामण्डप में गुरुवार की देर रात्रि लगभग दो बजे परम्परागत ढंग से माता दुर्गा की प्रतिमा को विदाई दी गई। हालांकि प्रतिमा विसर्जन के लिए दुर्गामण्डप परिसर में प्रतिमा रखे जाने के बाद विसर्जन के पूर्व परम्परागत विधि विधान किए जाने के दौरान दो पक्षों में जमकर लाठियां चली। जिससे लगभग आधा घण्टा से अधिक समय तक अफरातफरी का माहौल कायम रहा। प्रशासन एवं आयोजनकर्ता इस दौरान मूकदर्शक बने रहें। जिससे काफी भीड़ तितर-बितर हो गई। इस बीच जमकर चली लाठीबाजी में तरौन गांव निवासी श्यामसुंदर चौधरी के पुत्र जितेंद्र कुमार समेत कई अन्य घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों एवं प्रशासन के सहयोग से कौआकोल पीएचसी एवं निजी क्लीनिकों में प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद प्रशासन ने मोर्चा संभाला। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार स्वंय मंच से स्थिति को नियंत्रण करने के लिए माइकिंग करते नजर आए। बाद में थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार के नेतृत्व में काफी संख्या में आए पुलिस बलों की मौजूदगी में स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में किया।

# आरएसएस का शताब्दी वर्ष नवादा में धूमधाम से मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के अवसर पर समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य अंगीकार करते हुए नवादा नगर के हरिश्चंद्र स्टेडियम में नए व्यवसाय शाखा ने विजयदशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर उपस्थित महानुभावों का परिचय कराते हुए जिला व्यवस्था प्रमुख नवीन कुमार ने मंच पर अवस्थित नगर संघ चालक हरिश्चंद्र महथा, नगर के समाजसेवी संजय साव, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख एवं मुख्य वक्ता सतीश कुमार, शाखा कार्यवाह ओमप्रकाश मगहिया का स्वागत किया। शताब्दी वर्ष पर बौद्धिक देते हुए सतीश कुमार ने कहा कि संघ ने अनेक उत्थान पतन



एवं संघर्षों को आत्मसात करते हुए आज 101वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। आज यह विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संगठन है। पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन संघर्ष एवं आत्म बलिदान को आदर्श मानते हुए संघ समाज के सभी वर्गों के साथ सम्मलित हो चुका है। समाज के सेवा बस्ती के लोगों को मुख्य धारा में लाया जा सके, इसकी लगातार चेष्टा कर रहा है। शताब्दी वर्ष में समाज उत्थान हेतु पांच परिवर्तन जिसमें कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का भाव, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक समरसता है को जीवन में आत्मसम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। अंत में हरिश्चंद्र बस्ती में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मधुसूदन प्रसाद, मुख्य शिक्षक सुजीत कुमार सोनी, सुरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, विभाग सेवा प्रमुख विनेशजी, पहलाद, प्रभात, अजित शंकर एवं हरिश्चंद्र शाखा के स्वयंसेवक शामिल हुए।

## एक नजर

### महात्मा गांधी के विचार आज भी हैं प्रासंगिक : राजनंदन

**ओबरा।** हैंडलूम महफिल कालीन केंद्र ओबरा में महात्मा गांधी के जयंती समारोह धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने किया। जबकि दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन प्रबंधक सह सचिव राजनंदन प्रसाद एवं सहायक प्रबंधक विकाश रत्नम ने संयुक्त रूप से किया । प्रबंधक राजनंदन प्रसाद ने उपस्थित लोगों को गांधी जयंती के मौके पर सबों को बधाई दी। कहा कि आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है जिन्होंने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है , उनका आज जयंती है। गांधी जी ने भेद भाव मिटाने और देश को आजाद कराने में अपना जीवन लगा दिया जिसे भुलाया नही जा सकेगा । बापू ने खादी कपड़ों पर बल दिया। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी खादी कपड़ों का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने देश वासियों को सच्चाई और अहिंसा के रास्ते पर चलने को संदेश दिया। इस मौके पर संतोष कुमार, लखन प्रसाद, अरविंद श्रीवास्तव, कपिल भुइयां, रामप्रसाद भुईयां, डॉक्टर जयप्रकाश, विनोद कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं खादी ग्रामोद्योग ओबरा में भी गांधी जयंती धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर प्रबंधक राजाराम प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### उत्तर कोयल नहर परियोजना को पूरा करने की मांग दोहराई

**रफीगंज।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित धरनास्थल पर गुरुवार को उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर चल रहे धरने के बीच 156वीं गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य अहमद राजा उर्फ लड्डू खान ने महात्मा गांधी के रूप में अपनी व्यथा सरकार के सामने रखी। उन्होंने सत्याग्रह के प्रतीकात्मक रूप में वर्तमान सरकार से लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की। इस मौके पर डॉक्टर तुलसी यादव ने कहा कि "बिहार की इसी चंपारण की धरती से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की थी, जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। उसी तर्ज पर हम सभी 262 दिनों से लगातार धरना दे रहे हैं। हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि हमारी आवाज़ भी सुनी जाए और मांगों का निपटारा जल्द किया जाए।" कार्यक्रम में सिद्धी यादव, सिकेंद्र यादव, समीर सिंहा, लालू यादव, चंदन पासवान, निखिल, विकास कुमार, डॉक्टर तुलसी यादव, सत्येंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। गांधी जयंती के मौके पर धरनास्थल पर लोगों ने एक बार फिर सरकार से उत्तर कोयल नहर परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग को दोहराया।

### रफीगंज स्टेशन परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज स्टेशन परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर, एसआई इंदल कुमार मंडल, स्टेशन अधीक्षक एस.के. पांडे, स्टेशन प्रबंधक सुनील शर्मा, एसएसई अनिल कुमार, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार, सीबीएस एस. टोपो एवं जेई सिग्नल मोहन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि वर्षों से स्टेशन परिसर में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा निभाई जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में डॉ. अरुण चौरसिया, नन्हे शर्मा, जोंटी सिंह, मनीष सिंह, चंदन कुमार, गुड्डू चौरसिया, आकाश चौरसिया, अकलू यादव, सुनील यादव, विक्की शर्मा, बैजू कुमार, बृज किशोर कुमार, जुगेश कुमार, चुन्नू सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पटेल पुस्तकालय में गांधी और शास्त्री मनी जयंती

**हसपुरा।** हसपुरा शहर स्थित लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय परिसर में गुरुवार को जदयू की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने की, जबकि संचालन डॉ. फैज अहमद ने किया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, कृष्णा सिंह बागी, डॉ. राजू रंजन, गुडू पासवान, राजकमल विश्वकर्मा और तालिब खां सहित कई वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग से देश को आज़ादी दिलाई, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने किसानों और जवानों को एक सूत्र में जोड़ते हुए "जय जवान, जय किसान" का नारा दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलना ही गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके विचार हमें ईमानदारी और सत्य के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

### आरएसएस शताब्दी वर्ष पर संचलन व शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हसपुरा प्रखंड के जलपुरा गांव में गुरुवार को पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हसपुरा मंडल के संघ संचालक सुरेंद्र शर्मा ने किया, जबकि रोहतास विभाग के बौद्धिक प्रमुख भानु प्रताप सिंह की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। सुबह जलपुरा गांव में आयोजित पथ संचलन में 12 स्वयंसेवक गणवेश में शामिल हुए, वहीं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। पथ संचलन के बाद विजयादशमी पर्व के अवसर पर हसपुरा स्थित ड्रीम प्लेस मैरिज हॉल परिसर में शस्त्र पूजन का विधिवत आयोजन किया गया। इसमें गणवेशधारी 10 स्वयंसेवक और 34 शुभ्र वेशधारी ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भानु प्रताप सिंह ने संघ के उद्देश्यों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद संघचालक सुरेंद्र शर्मा ने पारंपरिक विधि से शस्त्र पूजन संपन्न कराया।

### असत्य पर सत्य का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मना

**ओबरा/नबिटा संवाददाता।** विजया दशमी के मौके पर ओबरा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में रावण पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आयोजक आर्य जयसवाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बतौर संजय शर्मा, एसडीओ अमित राजन एवं दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास, बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम, ओबरा पंचायत के पूर्व मुखिया शम्भू प्रसाद, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, भाजपा नेता संजय गुप्ता, स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि शिव प्रकाश यादव समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने कहा कि विजयादशमी के अवसर पर पिछले कई वर्षों से रावण दहन का कार्यक्रम सराहनीय है। यह पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद ने कहा कि रावण पर विजय पाने के लिए भगवान श्रीराम ने नव दिनों तक मां दुर्गा की उपासना की और दशवे दिन रावण का वध किया था जिसके कारण नवरात्रि की दसवीं तिथि को दशहरा का पर्व मनाते है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

सार्वजनिक सूचना

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना नई दिल्ली दिनांक 06.12.2012 का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग स.0–19 (पुराना रा. रा. स.0–02) के की० मी० 200.100 पर स्थित सांवकला टोल प्लाजा पर प्रयोग शुल्क की दरें दिनांक 01.10.2025 (00:00 बजे) से निम्नांकित अनुसार लागू होगी:–

| श्रेणी / यान का प्रकार | एकल यात्रा | यात्रा एक दिन के भीतर | मासिक शुल्क मान्य 50 यात्राओं के लिए | वाणिज्यक वाहन जिले के भीतर |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन और हल्के मोटर यान | 70 | 110 | 2415 | 35 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के मालवाहक या मिनी बस | 115 | 175 | 3900 | 60 |
| बस और ट्रक (दो धुरी) | 245 | 370 | 8170 | 125 |
| तीन धुरी वाणिज्यिक वाहन | 265 | 400 | 8910 | 135 |
| भारी निर्माण मसीनरी एचसीएम) या अर्थ मूविंग उपकरण (ईएमई) अथवा बहुधुरी यान (एमएवी) (चार से छः धुरी तक) | 385 | 575 | 12810 | 190 |
| बड़े आकर के यान (सात अथवा अधिक धुरी वाले) | 470 | 700 | 15595 | 235 |

टिप्पणी: स्थानीय गैर वाणिज्यक वाहनों के लिए टोल प्लाजा से 20 कि०मी० दुरी के अंदर वर्ष 2025–26 के लिए मासिक पास की दर तीन सौ तीस रूपए मात्र (रूपए 330/–)

परियोजना निदेशक
प.का.ई.–औरंगाबाद (बिहार)

सड़के ही नही, राष्ट्र का निर्माण भी

# विधि शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा सेंटर फॉर लीगल स्टडीज : प्रो. शशि प्रताप शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शैक्षणिक उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। विश्वविद्यालय के नवनिर्मित एस.एन. ब्लॉक के प्रथम तल पर स्थापित विधि अध्ययन केंद्र सेंटर फॉर लीगल स्टडीज का उद्घाटन आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षा भवन स्थित राधाकृष्णन सभागार में दोपहर 3:00 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने जानकारी देते हुए कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय विधि शिक्षा, अनुसंधान और व्यावहारिक प्रशिक्षण का सशक्त मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर लीगल स्टडीज का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल विधि के सैद्धांतिक आयामों से परिचित कराना है, बल्कि उन्हें समकालीन सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी चुनौतियों के अनुरूप न्यायिक एवं विधिक समाधान विकसित करने के लिए तैयार करना भी है। यह पहल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहचान को सुदृढ़ करेगी। विधि शिक्षा का यह नया अध्याय समाज में न्याय की स्थापना और विधि शासन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस केंद्र में इसी सत्र 2025-26 से ही एल.एल.एम. एक वर्षीय और द्विवर्षीय पाठ्यक्रम की शुरूआत होगी। नामांकन प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ संकाय, आधुनिक शोध संसाधन और व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। केंद्र की स्थापना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी सक्षम बन सकें। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को इस उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। मगध विश्वविद्यालय के इस नए विधि अध्ययन केंद्र से न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उच्च स्तरीय विधि शिक्षा को नया आयाम मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मुखिया एवं विधायक ने किया पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** कोंची पंचायत की चर्चित महिला मुखिया अंजली कुमारी पासवान एवं विधायक विनय कुमार यादव ने कोंची गांव में स्टेट हाइवे 69 के किनारे मुक्ति धाम पोखर के बगल में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु शिलान्यास किया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में कोंची गांव निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य सह राजद नेता संजू यादव, मुखिया पति जयंत कुमार के अलावे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। इस शिलान्यास के संदर्भ में कोंची गांव के समाजसेवी रामइकबाल सिंह ने बताया कि पंचायत सरकार भवन के लिए चयनित स्थान पंचायत का सर्वोत्तम स्थान है। इस स्थान पर निर्माण होने से कोंची गांव का विकास होगा। साथ ही साथ पंचायत सरकार भवन के पश्चिम की ओर रेडक्रॉस सोसायटी के नाम पर दान की गई भूमि को खेल मैदान में विकसित करने का मांग विधायक से किया।

## एक नजर

### जन सुराज का स्थापना दिवस सह गांधी-शास्त्री जयंती समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के एक निजी होटल में गुरुवार रात 9 बजे जन सुराज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भवानी सिंह ने की जबकि प्रदेश युवा उपाध्यक्ष और टेकारी विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी डॉ. बी. डी. शर्मा ने इसका संचालन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि जन सुराज का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने गांधीजी और शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला युवा अध्यक्ष अमित शर्मा, जिला मुख्य प्रवक्ता रवि उर्फ गुड्डू बरनवाल, टकारी अनुमंडल अध्यक्ष धीरज शर्मा, बृजेश जी सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया।

### आंती गढ़ में विजयादशमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुखिया प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन, विकास कार्यों की दी जानकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के आंती गढ़ मैदान में विजयादशमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रात 10 बजे शुरू हुआ। इसकी अध्यक्षता अनिल सिंह ने की जबकि आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंती पंचायत विकास के क्षेत्र में पूरे गया जिले में एक मिसाल बन चुका है। उन्होंने दुर्गा पूजा और विजयादशमी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर जदयू जिला महासचिव मो. आकिब आलम, प्रखंड अध्यक्ष जमीलुर्रहमान, सरपंच पति धर्मेंद्र सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाज में एकता और धार्मिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने देर रात तक गायक रॉकी राज यादव सहित अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

### मूसलाधार बारिश से गिरा खजुरी निवासी का घर, लाखों की क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम पंचायत खजुरी में गुरुवार को मूसलाधार बारिश से एक गरीब परिवार का आशियाना ढह गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी गुड्डू पाठक का मिट्टी और खपरैल से निर्मित मकान अचानक तेज बारिश के कारण भरभराकर गिर पड़ा। इस हादसे में परिवारजन तो बाल-बाल बच गए, लेकिन घर गिरने से पीड़ित को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। बताया गया कि घर के सामान भी मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित परिजन ने घटना की सूचना कोंच अंचलाधिकारी मुकेश कुमार को दूरभाष पर दी है। इस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

### मीठापुर-चंदैनी मार्ग पर लटकी एचटी लाइन से खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड की काबर पंचायत के मीठापुर-चंदैनी मार्ग पर बिजली की एलटी लाइन से लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। यह लाइन सड़क से मात्र चार-पांच फीट की ऊंचाई पर लटकी हुई है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसान अपनी खेती के लिए बिजली का उपयोग करने हेतु इन तारों को बांस-बल्ले के सहारे खेतों तक ले गए हैं। शुक्रवार को किसान अगस्त यादव, जदयू जिला महासचिव आकिब आलम और जदयू प्रखंड अध्यक्ष जमीलू रहमान ने इस स्थिति की जानकारी दी। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं जिनमें स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। राहगीरों के साथ-साथ मवेशियों पर भी इस लटकी हुई बिजली लाइन से गंभीर खतरे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग ने अब तक इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

### रामलीला में लॉकेट चोरी का पदार्फाश, ज्वेलर्स गिरफ्तार, शराबी भी हंगामे में पकड़ा गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गांव निवासी शिवपूजन पासवान ने आवेदन दिया कि उनके 14 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार का सोने का बजरंगबली लॉकेट रामलीला देखने के दौरान रात्रि में नींद आने पर गले से चोरी कर लिया गया। इस मामले में आंती थाना कांड संख्या 112/25 दर्ज किया गया। जांच के क्रम में दो विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि इससे पहले भी एक व्यक्ति का लॉकेट रामलीला में ब्लेड से काटकर चोरी किया था जिसे आंती स्थित शिव ज्वैलर्स में बेच दिया था। इसी तरह सौरभ का भी लॉकेट उसी दुकान पर बेचा गया। पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर शिव ज्वैलर्स में छापेमारी कर दोनों चोरी के लॉकेट बरामद किए। साथ ही बालकों के पास से एक ब्लेड और 2600 रुपये नकद जब्त किया गया। मामले में शिव ज्वैलर्स के मालिक शिव कुमार, पिता नागेंद्र प्रसाद सोनी, ग्राम महाराजगंज थाना रफीगंज, जिला-औरंगाबाद को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान आंती थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी अरुण कुमार, पिता इंद्रदेव यादव को शराब के नशे में मेला में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## रावण वध कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** गुरूवार को बाजार के सर्वोदय उच्च विद्यालय के खेल मैदान में रावण वध कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस मौके पर एसडीएम प्रवीण कुन्दन, भूमि सुधार उप समाहर्ता अमेत कुमार वैनामी, बीडीओ संभव कुमार सिंह, सीओ श्रीमती नुपुर ,आर.ओ प्रीति सिन्हा, पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा दल-बल के साथ उपस्थित रहे। युवा शक्ति नामक सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम दशकों से आयोजित किया जाता है। रावण दहन कार्यक्रम समाप्ति के बाद कार्यक्रम के कलाकारों ने पदाधिकारियों के साथ फोटो सेशन किया। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के कलाकारों एवं आयोजकों को कार्यक्रम को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# संपत्ति विवाद में युवक की हत्या

**ग्रामीणों ने कहा आरोपी को मिले उम्र कैद की सजा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** शहर के बीचों बीच गुरुवार की शाम नयाबाजार स्थित थाना से कुछ ही दूरी पर उस वक्त सनसनी फैल गई जब अपने ही गोतिया पर युवक ने संपत्ति विवाद को लेकर गोली मारकर रिश्तेदार की हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीपक कुमार उर्फ दीपू (पुत्र दिवंगत डीपी गुप्ता) के रूप में हुई है। आरोपी की पहचान राजेश कुमार गुप्ता के रूप में हुई, जो मृतक का करीबी रिश्तेदार बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब आरोपी राजेश ने युवक दीपक को घर में बुलाकर पांच गोली दाग दी। गोली लगते ही दीपक की मौके पर मौत हो गई। आसपास के लोगों के अनुसार दोनों के बीच पिछले कई माह से जमीन और हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि राजेश गुप्ता ने पहले मृतक के घर की बाउंड्री तोड़कर अपना आशियाना बनाने की कोशिश की थी। इसका विरोध दीपक ने किया जिसके बाद से दोनों के बीच तनातनी बढ़ गई थी। इधर सूत्रों के अनुसार आरोपी मृतक की दो बहनों से झूठा ठेका लेकर संपत्ति पर कब्जा जमाने की फिराक में था। चूंकि दीपक अपने पिता का एकमात्र पौत्र व वारिस था, इसलिए राजेश गुप्ता पर दबाव बढ़ा और आखिरकार उसने इस विवाद को खतरनाक अंजाम दे दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गया मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, पांच खोखा और शराब की एक बोतल बरामद की है। इस संबंध में शेरघाटी थाना के प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि इस वारदात में और कौन-कौन लोग शामिल थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पूरी घटना का खुलासा कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस गोलीकांड से शेरघाटी शहर में दहशत का माहौल है। लोग दिनदहाड़े थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई हत्या से स्तब्ध हैं। शहर वासियों की मांग है कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जाए यदि आरोपी को सख्त सजा पुलिस नहीं दिलाती है तो लोग सड़क पर उतरेंगे और हंगामा करेंगे।

## शेरघाटी में विजयादशमी पर रावण दहन, उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी।** शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में विजयादशमी के अवसर पर परंपरागत रावण दहन का आयोजन धूमधाम से किया गया। मैदान में बनाए गए रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों को देखते ही दर्शकों में उत्साह चरम पर पहुंच गया। संध्या होते ही आतिशबाजी और पटाखों की गूंज के बीच तीनों पुतलों में अग्नि प्रज्वलित की गई। देखते ही देखते पूरा मैदान 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा और हजारों की भीड़ धू-धू कर जलते पुतलों का साक्षी बनी। रावण वध समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ मनीष कुमार ने अध्यक्षता की, वहीं उपाध्यक्ष के रूप में आईपीएस शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। उनके साथ प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार, सीओ उषा कुमारी, बीडीओ स्नेहिल आनंद और कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। स्थानीय विधायक मंजू अग्रवाल, समाजसेवी जयंत सिंह, प्रमोद वर्मा, पवन किशोर, दीनानाथ पांडेय, रालखन पासवान और आविद इमाम सहित कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। मैदान में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने रावण दहन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों

## जिलाधिकारी ने किया कमिशनिंग एवं डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गुरारू।** जिलाधिकारी शशांक शेखर एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक आनंद शंकर ने गुरारू बाजार स्थित सर्वोदय प्लस टू विद्यालय का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि गुरूआ (225) विधान सभा चुनाव को लेकर सर्वोदय उच्च विद्यालय को गुरूआ विधानसभा का कमिशनिंग एवं डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। इस विद्यालय से चुनाव में पूरे गुरूआ विधान सभा क्षेत्र में इवीएम सहित चुनाव सामग्रियों का वितरण एवं नियंत्रण किया जाएगा। गुरूआ विधान सभा क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर भूमि सुधार उप समाहर्ता अमेत कुमार वैनामी को बनाया गया है। इस मौके पर अनुमंडलाधिकारी, टेकारी प्रवीण कुन्दन, एलआरडीसी अमेत कुमार वैनामी, बीडीओ गुरारू संभव कुमार सिंह, सीओ श्रीमती नुपुर सहित शिक्षक मनोज कुमार, किशन कुमार राजा, गौतम कुमार उपस्थित रहे। इस संबंध में एसडीएम प्रवीण कुन्दन एवं सीओ नुपुर ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक निर्देश के साथ-साथ उक्त स्थल को और सुदृढ़ एवं सुविधायुक्त बनाने का निर्देश दिया गया है।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** करंट की चपेट में आई महिला की मौत गुरुवार को हो गई। मृतक महिला क्षेत्र के अघोरी बिगहा गांव के विनोद यादव की 35 वर्षीय पत्नी शारदा देवी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार शारदा देवी अपने खेत के बधार के समीप मोटर के समीप से गुजर रही थी। शारदा मोटर के लिए गई तार के नीचे से गुजर रही थी इसी क्रम में शारदा तार की चपेट में आ घायल हो अचेत हो गई। मौके पर जुटे स्वजनों ने शारदा को अनुमण्डलीय अस्पताल ले गये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जिसके बाद स्वजनों के दवाब में मृतका को मगध मेडिकल रेफर किया गया।

## कोंच बाजार में बारिश से दुकानें जलमग्न, अधूरे नाली निर्माण पर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** तेज बारिश से कोंच बाजार जलमग्न हो गया। कुछ ही देर की बरसात में दुकानों में पानी घुस गया जिससे व्यापारियों का लाखों का सामान खराब हो गया। आक्रोशित व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। दशहरा पर्व को देखते हुए व्यापारियों ने अपनी दुकानों में पहले से ही बड़ी मात्रा में माल भरकर रखा था। हालांकि बारिश के पानी में भीगने से उनका पूरा स्टॉक बर्बाद हो गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कोंच पैक्स अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री रिया कुमारी ने बताया कि पहले बारिश का पानी नालियों से आसानी से निकल जाता था। लेकिन, हाल ही में शुरू किया गया नाली निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण स्थिति बिगड़ गई है। अब पानी सीधा दुकानों में प्रवेश कर रहा है जिसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन में रमेश साव, माहि टेलर्स के मालिक महेश जी, डायमंड ड्रेस्सेस के चंदन शर्मा, अनीश शर्मा, आनंद सोनी, अंकित कुमार, तारिक अनवर, मुस्कान टेलर्स और ताज मोबाइल दुकान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com

**कार्यालय-आदेश**

एतद् द्वारा सुचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक–915, दिनांक–22.09.2025 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2025–26, जो PR No- 015728(WRD) 2025–26, से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

(ई0 मो0 आरिफ अहमद)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल,औरंगाबाद।
मो0 नं0–7463889720

PR- 016300 ( W R D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।**

Email ID-nkcd1975 @gmail.com

**भाड़े पर वाहन रखने हेतु अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–01/2025–26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक को सूचित किया जाता हैं कि कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर अंतर्गत विभिन्न कार्यो के सम्पादन, योजनाओं एवं नहरों का निरीक्षण एवं उच्चधिकारियों के बैठक में भाग लेने इत्यादि कार्यो हेतु 01 अदद् ए०सी०/नन ए०सी० व्यवसायिक वाहन यथा स्कोंपिया / बोलेरो 01 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए निम्नांकित शर्तो के अधीन इच्छुक वाहन मालिक / फर्म से मुहर बंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 27.09.2025
2. कोटेशन जमा करने की तिथि :– दिनांक– 11.10.2025 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान :– कार्यपाल अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–11.10.2025 3:30 बजे अपराह्न में।
5. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर मो0–7004682964

(ई० रवि कांत दास)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।

PR- 016578 ( W R D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## व्रजपात से मंदिर क्षतिग्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी नगर परिषद के चिरैली मोड़ के समीप स्थित संतोषी माता मंदिर के शिखर पर व्रजपात से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जीर्ण शीर्ण हालात वाली इस मंदिर का विगत कई माह से स्थानीय लोगों के सहयोग से जीर्णोद्वार कराया जा रहा था। मंदिर के शिखर व बाहरी क्षेत्र का रंग रोगन किया जा चुका था। तेज बारिश के साथ हुई व्रजपात से मंदिर का शिखर व अन्य भाग क्षतिग्रस्त हो गया।


e-Procurement Cell

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, GARHWA.**

**Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE (2nd Call)**

Quotation Reference No: **BCD/GARHWA -19/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work (1) PROPOSED SETTING UP OF HOSPITAL CENTRAL LAB COMPLEX AT SADAR HOSPITAL, GARHWA, JHARKHAND for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–

1. वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथिः 10.10.2025 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 17.10.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 18.10.2025 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0ः 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोटः जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 363223 Building (25-26)_D

संपादकीय

## दूसरे की लकीर मिटाने की जगह हम क्यों नहीं खींचते बड़ी लकीर !

शून्य से भी नीचे के तापमान वाले लद्दाख का माहौल इन दिनों गरम है. अपने पर्यावरणपरक कार्यों से सिर्फ लद्दाख ही नहीं, बाकी दुनिया में भी ख्याति प्राप्त सोनम वांगचुक इन दिनों जेल में हैं, और वह भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत, जिसमें जमानत भी जल्दी नहीं होती. उन पर हाल ही में लद्दाख में भड़की हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है. लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने सहित कुछ अन्य मांगों को लेकर वांगचुक 35 दिनों की भूख हड़ताल पर बैठे थे, लेकिन दसवें दिन ही आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया. वांगचुक ने तत्काल अपना आंदोलन वापस ले लिया और कहा कि युवाओं ने हताश होकर ऐसा किया है लेकिन उन्हें हिंसा नहीं करनी चाहिए थी. पिता सोनम वांग्याल राज्य सरकार में मंत्री थे, लेकिन प्रकृति और पर्यावरण में गहरी रुचि रखने वाले सोनम वांगचुक की जीवन शैली बेहद साधारण है. खुद एनआईटी से इंजीनियरिंग की डिग्री पा चुके हैं लेकिन सरकारी शिक्षा की खामियों का पता चलने पर ऐसा स्कूल खोला, जिसमें टॉप स्कूलों की उच्चतम अंकों वाली प्रवेश प्रक्रिया के उलट, फेल होने वाले बच्चों को पहले दाखिला मिलता है. इनोवेशन इतने कर चुके हैं कि उनके बनाए सौर ऊर्जा चालित घर माइनस 25 डिग्री तापमान में भी अंदर से गर्म रहते हैं. भारतीय सेना के लिए बनाए विशेष हीटर टेंट बिना किसी जीवाश्म ईंधन के सैनिकों को शून्य से नीचे के तापमान में गर्म रखते हैं. उनके बनाए आइस स्तूप माइनस तापमान में भी महीनों तक पानी उपलब्ध कराते हैं. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार पा चुके हैं लेकिन सबसे बड़ा पुरस्कार लोगों का यह विश्वास है कि हिंसा भड़काने के आरोपों के बावजूद वे मानते हैं कि वांगचुक ऐसा कर ही नहीं सकते. थप्पड़ अगर अपने से मजबूत किसी चीज पर लगाया जाए तो अपना ही हाथ चोटिल होता है. सवाल यह नहीं है कि वांगचुक सही हैं या गलत; सवाल यह है कि उन पर हाथ डालने वालों का उनके मुकाबले कद कितना बड़ा है? दूसरे की लकीर को छोटा करने के दो तरीके होते हैं. बर्बर तरीका तो यह है कि उसे मिटाने की कोशिश की जाए, जिसे युद्धों में विजेता अपनाते हैं, जब वे विजितों की सारी उपलब्धियों को नेस्तनाबूद करने की कोशिश करते हैं. दूसरा तरीका यह है कि खुद उससे बड़ी लकीर खींचने की कोशिश की जाए, जैसा कि महापुरुष करते हैं. महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर समकालीन थे.

गांधीजी ने उन्हें गुरुदेव की उपाधि दी तो टैगोर ने उन्हें महात्मा की. कई बातों में दोनों के बीच गहरा मतभेद था, लेकिन दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र में शीर्ष पर थे और उनके मन में एक-दूसरे के प्रति अपार सम्मान था. वास्तव में दूसरे की लकीर मिटाने की बजाय सब अपनी-अपनी लकीर बड़ी करने की कोशिश करें तो हार किसी की नहीं होती, जीत सभी की होती है. हो सकता है सोनम वांगचुक कुछ लोगों की नजर में गलत हों, लेकिन इसके लिए उनकी उपलब्धियों को नकारना क्या जरूरी है? आज हिमालय के पहाड़ जिस तरह से दरक रहे हैं, प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है, उससे साबित होता है कि हमारे सत्ताधारियों की दूरदृष्टि सोनम वांगचुक से अच्छी तो हर्गिज नहीं है. अपने सारे संसाधनों के बावजूद सरकार पर्यावरण प्रदूषण को रोक नहीं पा रही (उल्टे हिमालय क्षेत्र में उसके कथित विकास वहां के इको सिस्टम को ही तबाह कर रहे हैं), जबकि लद्दाखवासियों ने पिछले कई वर्षों से अपने क्षेत्र में स्वेच्छा से प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रखा है. ऐसे में अगर हम उन पर कीचड़ उछालने की कोशिश करेंगे तो क्या वह हमारे मुंह पर ही आकर नहीं गिरेगा? हम मनुष्यों की सहज प्रवृत्ति होती है अपने सामने कोई न कोई आदर्श रखने की. उसी से तुलना करके हम अपनी उपलब्धियों को मापते हैं. इसलिए अगर कोई उस आदर्श को बेदखल करना चाहता है तो पहले उसे नया आदर्श सामने रखना होगा, और यह काम पाशविक तरीके से तो हर्गिज नहीं हो सकता. पशुबल से हम भयभीत कर सकते हैं लेकिन किसी का दिल नहीं जीत सकते..

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष

**- नरेंद्र मोदी**



100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श...परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में ख़ुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं...व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।

राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ जब से अस्तित्व में आया...संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आज़ादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा३उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है...समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ... राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना...ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं।

अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया...स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है..जो दुर्गम हैं३जहाँ पहुँचना सबसे कठिन है। संघ...दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है...अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती...विद्या भारती, एकल विद्यालय...वनवासी कल्याण आश्रम...आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं।

समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियाँ हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर ह्लन हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है।

जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड़यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं।

स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुये आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है।

अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं)

अध्यात्म

## अक्सर हम अपनी जिम्मेदारियों से यह सोच कर पीछे हट जाते हैं

एक बार एक राजा के राज्य में महामारी फैल गयी। चारो ओर लोग मरने लगे। राजा ने इसे रोकने के लिये बहुत सारे उपाय करवाये मगर कुछ असर न हुआ और लोग मरते रहे।

दुखी राजा ईश्वर से प्रार्थना करने लगा। तभी अचानक आकाशवाणी हुई। आसमान से आवाज़ आयी कि हे राजा! तुम्हारी राजधानी के बीचों बीच जो पुराना सूखा कुंआ है, अगर अमावस्या की रात को राज्य के प्रत्येक घर से एक-एक बाल्टी दूध उस कुएं में डाला जाये तो अगली ही सुबह ये महामारी समाप्त हो जायेगी और लोगों का मरना बन्द हो जायेगा।

राजा ने तुरन्त ही पूरे राज्य में यह घोषणा करवा दी कि महामारी से बचने के लिए अमावस्या की रात को हर घर से कुएं में एक-एक बाल्टी दूध डाला जाना अनिवार्य है।

अमावस्या की रात जब लोगों को कुएं में दूध डालना था। उसी रात राज्य में रहने वाली एक चालाक एवं कंजूस बुढ़िया ने सोंचा कि सारे लोग तो कुएं में दूध डालेंगे, अगर मैं अकेली एक बाल्टी पानी डाल दूं तो किसी को क्या पता चलेगा। इसी विचार से उस कंजूस बुढ़िया ने रात में चुपचाप एक बाल्टी पानी कुएं में डाल दिया।

अगले दिन जब सुबह हुई तो लोग वैसे ही मर रहे थे। कुछ भी नहीं बदला था क्योंकि महामारी समाप्त नहीं हुई थी। राजा ने जब कुएं के पास जाकर इसका कारण जानना चाहा तो उसने देखा कि सारा कुंआ पानी से भरा हुआ है। दूध की एक बूंद भी वहां नहीं थी। राजा समझ गया कि इसी कारण से महामारी दूर नहीं हुई और लोग अभी भी मर रहे हैं।

दरअसल ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि जो विचार उस बुढ़िया के मन में आया था वही विचार पूरे राज्य के लोगों के मन में आ गया और किसी ने भी कुएं में दूध नहीं डाला। जब भी कोई ऐसा समाज का धर्म का गौसरंक्षण का काम आता है जिसे बहुत सारे लोगों को मिल कर करना होता है तो अक्सर हम अपनी जिम्मेदारियों से यह सोच कर पीछे हट जाते हैं कि अब तो बहुत से लोग जुड़ गए हैं कोई न कोई तो कर ही देगा और हमारी इसी सोच की वजह से स्थितियां वैसी की वैसी बनी रहती हैं। अगर हम दूसरों की परवाह किये बिना अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाने लग जायें तो समाज में ऐसा बदलाव ला सकते हैं।

# मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है पापांकुशा एकादशी का व्रत

हर वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पापांकुशा एकादशी का व्रत रखा जाता है। इसे भगवान विष्णु की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस बार यह व्रत 3 अक्टूबर को पड़ रहा है। इस तिथि पर श्रवण नक्षत्र और धृति योग का संयोग बनने से इसका महत्व और भी बढ़ गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए व्रत और भोग से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस दिन भक्त प्रातःकाल स्नान करके व्रत का संकल्प लेते हैं। दिनभर फलाहार या निर्जला उपवास किया जाता है। भगवान विष्णु के पद्मनाभ स्वरूप की विधिवत पूजा करने का विशेष विधान है। पूरे दिन सात्विकता और भक्ति का पालन करना आवश्यक माना गया है। पापांकुशा एकादशी पर भोग में सात्विक और शुद्ध आहार ही अर्पित करना चाहिए। इसमें ताजे फल जैसे केला, अमरूद, अनार और सेब शामिल किए जाते हैं। सूखे मेवे, मखाने, नारियल और शहद भी चढ़ाए जाते हैं। पके हुए व्यंजनों में खीर, पुआ, हलवा, मूंग दाल की खिचड़ी (बिना प्याज-लहसुन), पान के पत्ते पर सुपारी और मिठाई सम्मिलित करना शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु को तुलसी पत्र अर्पित करना अत्यावश्यक है, क्योंकि बिना तुलसी के वे भोग स्वीकार नहीं करते। भोग अर्पित करने के बाद भक्त आरती करते हैं और प्रसाद का वितरण करते हैं। रात्रि में कथा सुनना, भजन-कीर्तन करना तथा भगवान के नाम का जप करना अत्यंत लाभकारी माना गया है। अगले दिन द्वादशी को व्रत का पारण करके ही अन्न ग्रहण किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि पापांकुशा एकादशी का व्रत करने और भोग अर्पित करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं। यह व्रत भक्त को सांसारिक कष्टों से मुक्ति देकर मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

# सिर्फ मन का एक वादा... और मोबाइल की लत से मिली आजादी

> हम छोटे-छोटे स्वयं से संकल्प कर सकते हैं। जैसे हर रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक मोबाइल को नहीं छूना। हां, कोई फोन आए तो फोन उठाएंगे, लेकिन स्वयं फोन या किसी प्रकार की सामग्री को नहीं देखना है। धीरे-धीरे हम खुद महसूस करने लगेंगे कि यह कितना आसान था, लेकिन संकल्प नहीं किया था तो बस चल रहा था और लग रहा था कि यह आदत हमसे छूट ही नहीं सकेगी। हम पाएंगे कि अपनी किसी बुरी आदत पर काम करने से हमें कितनी राहत मिली है। हमें लगने लगता है कि पिछले दिनों हमने कितना समय, ऊर्जा और रचनात्मकता इसके पीछे नष्ट कर दी। कहते हैं कि 'कोई किसी को रोक तो सकता है, लेकिन सुधार इंसान अपने में स्वयं ही करता है।'

**अनुपमा तिवाड़ी**

हम जानते हैं कि जिस तरह एक शिक्षक, एक इंजीनियर, एक चिकित्सक को अपने पेशेवर जीवन को लगातार अद्यतन करते रहने की जरूरत होती है। ठीक इसी तरह हम सभी को अपने काम ही नहीं, बल्कि अपने जीवन को भी देखते और तौलते रहने की जरूरत होती है। अभी कुछ दिनों पहले एक परिचित का कहना था कि उनका बेटा स्मार्टफोन के बिना खाना तक नहीं खाता। ऐसे में मां उसे फोन पकड़ा कर इस परेशानी से छुटकारा पाती हैं। उन्हें उसकी जिद के आगे और कोई रास्ता ही नहीं सूझता। जब तक बच्चे को फोन नहीं मिलता, वह जिद करता है, जमीन में लोटने लगता और रोने लगता है। हालत यह है कि उसे सुबह उठते ही फोन चाहिए। उस बच्चे को फोन की आदत छुड़वाने के लिए उसे समझाया गया, उसके साथ सख्ती भी बरती गई, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

सवाल है कि बच्चे की इस मुश्किल का स्रोत क्या था। घरों में आमतौर पर यह देखा जा सकता है कि मां या पिता जब भी खाली होते हैं, बस तुरंत अपना मोबाइल उठा कर देखने में मशगूल हो जाते हैं। एक काम से दूसरे काम के अंतराल के बीच दिन में कई बार वे फोन पर घंटों व्यस्त रहते हैं। देर रात में तो ईमेल, रील और सोशल मीडिया देखते हुए कब घंटे गुजर जाते हैं, पता ही नहीं चलता। ऐसे लोगों के लिए समय काटने का सबसे अच्छा साधन फोन है। बहुत से मोबाइल उपभोक्ता जानते हैं कि स्क्रीन पर लगातार देखते रहने से उनकी आंखों की रोशनी पर असर पड़ता है। मोबाइल की आवाज से दूसरों को शोर महसूस होता है। कान में ईयरफोन लगाकर सुनने से श्रवण क्रिया बाधित हो सकती है।

लगातार रील देखते रहने से हमारे शरीर में डोपामाइन का स्तर तेजी से बदलने लगता है, जिससे शरीर के हार्मोन पर प्रभाव पड़ता है और यह शरीर के लिए हानिकारक है। चिकित्सकों के अनुसार लगातार फोन का इस्तेमाल करने से आंखों में जलन, सिरदर्द, नींद की कमी और तनाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। स्मार्टफोन की लत बच्चों में शारीरिक, मानसिक उथल-पुथल और भावनाओं को प्रभावित करती है। बच्चों का हमउम्र बच्चों के साथ खेलना, परिवारजनों का आपसी संवाद कम होना भी इसका एक बड़ा कारण बनता जा रहा है।

केवल घर-परिवारों में ही नहीं, अब सड़कों पर मोटरसाइकिल चलाते हुए लोग भी मोबाइल पर बात करते मिल जाएंगे। यह नियमों के विरुद्ध है, लेकिन कहां-कहां और किस तरह से लोगों को रोका जा सकता है? सार्वजनिक परिवहन के रूप में बस में यात्रा करते हुए आसपास से मोबाइलों पर रील, फिल्म या गाने चल रहे होते हैं। कई बार उन सबकी आवाज इतनी गड्डमड्ड हो रही होती है कि ठीक



से किसी एक मोबाइल की आवाज को सुना नहीं जा सकता। यह एक तरह की असभ्यता है, क्योंकि ज्यादा संभावना यह है कि किसी अन्य व्यक्ति के तेज स्वर में स्मार्टफोन बजाने से किसी को बहुत परेशानी हो रही हो।

इसके अलावा, अगर हम आम लोगों की बात करें तो हमने अपने को व्यस्त रखना, हो-हल्ले के बीच जीना चुन लिया है, तो ऐसे में हमारे जीवन से सजगता धीरे-धीरे क्यों इतनी दूर होती जा रही है कि हम बिना किसी सजगता के बस कुछ भी किए जा रहे होते हैं।

इसी तरह कई बार सामान्य बातचीत में लगातार अभद्र बातों और अपशब्दों का प्रयोग करना हमारी आदत का कब हिस्सा बन जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। जब घर में बच्चे हमारी भाषा सुनते हैं तो वे भी अनायास ही उनका प्रयोग करने लगते हैं। ऐसे में हम बड़े अगर बच्चों को टोकते हैं तो वे सामने तो रुक जाते हैं, लेकिन पीछे से उन आदतों को अपना लेते हैं और फिर वे उनकी भाषा या कृत्य उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाते हैं। इसी तरह किसी भी प्रकार का नशा, कुछ भी चबाते रहने की या अन्य कोई भी आदत हो सकती है। अगर हम चाहते हैं कि बच्चों में इस तरह की आदतें या कमियां नहीं रहें तो पहले हमें आहिस्ता-आहिस्ता अपने पर काम करना होगा।

हम छोटे-छोटे स्वयं से संकल्प कर सकते हैं। जैसे हर रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक मोबाइल को नहीं छूना। हां, कोई फोन आए तो फोन उठाएंगे, लेकिन स्वयं फोन या किसी प्रकार की सामग्री को नहीं देखना है। धीरे-धीरे हम खुद महसूस करने लगेंगे कि यह कितना आसान था, लेकिन संकल्प नहीं किया था तो बस चल रहा था और लग रहा था कि यह आदत हमसे छूट ही नहीं सकेगी। हम पाएंगे कि अपनी किसी बुरी आदत पर काम करने से हमें कितनी राहत मिली है। हमें लगने लगता है कि पिछले दिनों हमने कितना समय, ऊर्जा और रचनात्मकता इसके पीछे नष्ट कर दी। कहते हैं कि 'कोई किसी को रोक तो सकता है, लेकिन सुधार इंसान अपने में स्वयं ही करता है।' स्वयं से प्रण करना हमें भटकाव से रोकता है और सही दिशा में जाने के लिए प्रेरित करता है। हम देखेंगे कि हमारी इस आदत का परिवारजनों पर भी प्रभाव पड़ने लगा है और परिवार एक बुरी आदत से छुटकारा पाकर आगे निकलने लगता है। हमारे जीवन में बहुत सारी चीजें एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। जब एक आदत में सुधार होने लगता है तो दूसरी अन्य चीजें अपने आप सुधरने लगती हैं और एक सकारात्मकता और रचनात्मकता का संचार होने लगता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। आप काम को लेकर कुछ योजना बना सकते हैं। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**वृषभ**
आप ऐसा कोई काम ना करें, जो आपको नुकसान दे। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर घूमने-फिरने जाएंगे। परिवार में कोई फैसला समझदारी दिखाते हुए लेना होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। आपको घर-बाहर के कामों में तालमेल बनाकर चलना होगा।

**कर्क**
सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। अनुभवों का पूरा लाभ मिलेगा।

**सिंह**
आज आपको किसी काम में लापरवाही करने से बचना होगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों का भरोसा ना करें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा।

**वृश्चिक**
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आप अपने कामों को कल पर ना टालें। भाई- बहनों का भी आपको पूरा साथ मिलेगा।

**धनु**
धार्मिक कामों में काफी रुचि रहेगी। वरिष्ठ सदस्यों का आपका पूरा सहयोग मिलेगा। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे, जिसमें आपकी कुछ पुरानी यादें भी ताजा होंगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी शौक और मौज की चीजों में इजाफा होगा। दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम और सहयोग बना रहेगा।

**कुंभ**
अपने खर्चो का लेखा-जोखा रखना होगा और आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलें। कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।

**मीन**
विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा और वह किसी प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले सकते हैं। परिवार में चल रही कलह आज से फिर से सिर उठायेगी।

# महिला रोजगार योजना की राशि अंतरित

## 10-10 हजार रुपए की राशि भेजी गई खाते में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत 25 लाख महिला लाभुकों को 10000 प्रति लाभुक की दर से कुल 2500 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। शुक्रवार को दिनकर कला भवन में कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से दस-दस हजार की राशि भेजी गई, जिसमें बेगूसराय की एक लाख 15 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं. इस योजना के तहत अबतक 1 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ दिया जा चुका है, जिसमें 3 लाख 15 हजार से अधिक महिलाएं बेगूसराय की शामिल हैं. इस योजना के प्रथम चरण में 26 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 75 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार की राशि भेजी गयी थी, जिसमें बेगूसराय की 2 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिला था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया, वहीं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे। मौके पर बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं श्रवण कुमार उपस्थित थे। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका दीदियों के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि आप हमेशा बदलाव की वाहक रही हैं। आपने हर मौके पर खुद को साबित किया है। पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने विकास का कोई भी काम नहीं किया है और उस दौर में सबसे ज्यादा प्रताड़ना महिलाओं ने ही झेला था। उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए इसे मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह राशि महिलाओं को स्वरोजगार आरंभ करने के लिए दी जा रही है।

# मां दुर्गा के विसर्जन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में विजयादशमी के अवसर पर माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। करियन, बाघोपुर, शिवाजीनगर, रमौल, परबाना, रामभद्रपुर घिबाही, दसौत, रानी पड़ती, बंडीहा, धर्मपुर, रहटोली, मधुरापुर, बल्लीपुर, बेला समेत सभी गांवों से भक्तगण शोभायात्रा निकालते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह 'जय माता दी' 'दुर्गा मइया की जय', 'बोलो मां भगवती की जय' जैसे गगनभेदी जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु अपने कंधों पर और ट्रैक्टरों पर प्रतिमाओं को लेकर शोभायात्रा में आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान मां के भजन-कीर्तन गाए गए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा और बच्चे झूमकर नाचते नजर आए। शिवाजीनगर, छेत्र के सभी गांव में माता की प्रतिमा को अपने अपने गांव के पोखर और बागमती और करेह नदियों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान भक्तों में भावुकता और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला वहीं, प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए थे। शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रबिंद्र कुमार और हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम कुमारी स्वयं दल-बल के साथ मौजूद रहीं। पुलिस बल लगातार शोभायात्रा की निगरानी करता रहा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो ग्रामीणों ने बताया कि इस बार विसर्जन में पहले की अपेक्षा अधिक संख्या में लोग शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में पूरे क्षेत्र ने माता दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामना की।

## एक नजर

### सेवानिवृत बीएसएफ जवान का हुआ स्वागत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के सेमरिया निवासी कन्हैया सिंह के बीएसएफ के कंपनी कमांडर से रिटायर होने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। गुरुवार को उनके गांव आने की सूचना पर ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ केशोपुर गांव स्थित पेट्रौल पम्प पहुचे। उन्हे सम्मानपूर्वक पड़ोस के गांव होते हुए, घर तक लेकर युवक बुजुर्ग एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आगवानी की गयी। सेवानिवृत कन्हैया सिंह ने कहा कि हमारे गांव एवं गांव वालों का दिल काफी बड़ा है। मेरे सेवानिवृत्ति को एक उत्सव के रूप में मनाया है। यह मुझे आजीवन याद रहेगा। मैं देश सेवा के लिए वर्ष 15 सितंबर 1984 में गया था।41 वर्ष की सेवा के बाद इतना स्वागत मिला। आज का यह दिन मेरे लिए काफी यादगार रहेगा। मै हमेशा अपने कर्तव्य को ईमानदारी से पालन किया हूं। अब गांव के लोगों के लिए कार्य करुंगा। समाजसेवी लाल नारायण सिंह ने कहा कि सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवानों का सम्मान करना भारतीय सेना का सम्मान है। इन्ही लोगो के बदौलत देश के नागरिक सुख की नींद सोते हैं। मौके पर रामायण सिंह, हरेराम, सुनील सिंह, एसपी सिंह, रणजित सिंह, मुन्ना सिंह, मन्नु सिंह, गोलु सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पाण्डेय समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### ई-रिक्शा तथा पिकअप में भिड़ंत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में ई रिक्शा तथा पिकअप के आमने सामने की टक्कर में पांच ई रिक्शा सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना बिजली आफिस महेशवाड़ा के निकट गुरुवार को हुई। ग्रामीणों ने जख्मियों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल में भर्ती कराया। जख्मियों में विक्रमपुर के केशव कुमार (30), दीपक कुमार (28), गौरी कुमारी (25), छोटी कुमारी (13) और भाव्या कुमारी 4 वर्षीय हैं। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य है। ये बखरी से दुर्गा माता की पूजा अर्चना कर ई रिक्शा से अपने घर विक्रमपुर वापस जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में ठोकर मार दिया। ठोकर लगते ही ई रिक्शा पलट गया तथा सभी सवार गिर कर जख्मी हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने जख्मियों को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया। मौके पर नावकोठी पुलिस पहुंचकर घटना का जायजा लिया तथा दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले आई। थानाध्यक्ष अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई।


### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर पुलिस ने विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गेहूनी जमालपुर निवासी बाबुजन राय के पुत्र सरयुग राय को 375 एम एल के तीन बोतल रयल स्टैग कंपनी का उसके घर से बरामद कर उसे गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।

### डायरिया से मृत के परिजनों को मिले मुआवजा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले नेता सह खेग्रामस जिला सचिव चन्द्र देव वर्मा और किसान महासभा के जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने वनद्वार मुसहरी जाकर डायरिया पीड़ित मृतकों एवं अन्य परिवारों से मिलकर हालात का जायजा लिया। लोगों ने कहा कि वास -आवास की भयंकर समस्या है। एक ही घर में पिता-पुत्र और सास -बहु समेत कई लोग एक ही घर में रहते हैं। यहां गन्दे पानी का कोई निकास नहीं है। बरसात में गन्दे पानी में जीवन यापन करने की मजबूरी है।

# रिफाइनरी ने जिला प्रशासन को दिया फंड



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी के सहयोग से जिले में कई योजनाओ का निर्माण कार्य किया जायगा। बुधवार को सीएसआर एवं सीईआर निधि से विभिन्न स्थलों पर योग संस्थान, सामुदायिक भवन तथा स्वास्थ्य संरचना के निर्माण हेतु जिला प्रशासन एवं आईओसीएल के बीच लगभग 31 करोड़ रुपए की एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर सांसद सह केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला सहित रिफाइनरी के कारपालक निदेशक सत्यप्रकाश उपस्थित थे।

# भोजपुर में 15 पंचायत भवन, 19 पंचायत सरकार भवन, 43 विवाह मंडप का सीएम ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा/संदेश/भोजपुर।** भोजपुर जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अक्टूबर को नवनिर्मित 15 पंचायत भवन का उद्घाटन, ग्राम पंचायत द्वारा बनाये जाने वाले 19 पंचायत सरकार भवन तथा 43 विवाह मंडप का शिलान्यास ऑनलाइन किया। वही पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायतों शिलान्यास किया। बड़हरा प्रखंड के गुंडी में विवाह मंडप का शिलान्यास मुखिया रेखा पंडित ने किया। मौके पर बीपीआरओ निशांत कुमार सिंह, समाजसेवी आनंद गोपाल पंडित समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे। उधर, संदेश प्रखंड के तीन पंचायत खंडोल, डिहरा व बागा पंचायतों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर विवाह मंडप का शिलान्यास एक अक्टूबर को किया गया। इस दौरान खंडोल में भरत सिंह की अध्यक्षता में एवं संचालन जीविका दीदी मीना देवी ने विवाह मंडप का शिलान्यास किया। मौके पर रविश कुमार ओझा, नुनु सिंह, ददन पासवान, मो कौशर आलम, संदीप कुमार, शिवमंगल समेत अन्य थे। डिहरा पंचायत में बीडीओ चंदन कुमार, सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख नीलम देवी, मुखिया धर्मेन्द्र साह, भाजपा के उतरी मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार विश्वास, जेडीयू के शंभू नाथ, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता विवाह मंडप शिलान्यास के दौरान उपस्थित थे। बागा पंचायत में विवाह मंडप का शिलान्यास मुखिया उपेन्द्र ओझा, सभी वार्ड सदस्य, उप प्रमुख मिथलेश यादव एवं ग्रामीण जनता विवाह मंडप शिलान्यास के दौरान मौजूद थे।

# धूमधाम से मां की प्रतिमा का विसर्जन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दनियावां (पटना)।** शुक्रवार को विजयादशमी के बाद प्रखंड में मां दुर्गा और माँ काली की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर आरंभ हो गया। सरथुआ गांव में ऐतिहासिक फल्गु,महतमाईन नदी की उपशाखा में शुक्रवार की शाम माँ काली, भगवान शिव व अन्य देवियों की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व विसर्जन जुलूस में बैंड, बाजों और सांगीतिक धुनों पर माता रानी के जयकारे लगाते युवा अबीर-गुलाल लगाए नाचते-गाते दिखे। विसर्जन घाट पर सैकड़ों पुरुष और महिलाओं की मौजूदगी देखी गयी। पुलिस-प्रशासन ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग किया। इसके पूर्व ग्रामीण कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत अष्टमी, नवमी, और विजयादशमी की रात्रि राखी, शहीदों की धरती और कलिंग-विजय नाटक का रंगमंच से सफल मंचन किया।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनी जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** गांव गरीब चेतना मंच भोजपुर के तत्वावधान में मंच संयोजक डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं व पूर्व पीएम स्व लाल बहादुर शास्त्री की 121 वीं वर्षगांठ पर स्थानीय आरा सदर अस्पताल परिसर में स्थित प्रतिमा व तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि एडीएम शशि शेखर थे। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। पूर्व पीएम स्व लाल बहादुर शास्त्री सादगी व ईमानदारी के प्रतीक थे। उन्होने जय जवान, जय किसान का नारा दिया जो हमलोगों के लिए ऐतिहासिक, अनुकरणीय व प्रेरणा का श्रोत है। सिविल सर्जन डॉ शिवेश कुमार सिंहा ने बताया कि बिना हाड़-मांस और लंगोटी वाले बापू बिना ढाल-तलवार के सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चल कर हमारे देश को आजादी दिलाई है। जो दुनिया में प्रासंगिक हैं। सुशील तिवारी ने अपने साथियों को एकजुट होकर गांधी जी और शास्त्री जी के बताये मार्ग को अपनाने पर बल दिया।

# इनामी अपराधी अंकित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने महेशवाड़ा से 15 हजार रूपए का इनामी दुर्दांत अपराधी अंकित कुमार को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ कुंदन कुमार ने थाने परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अंकित कुमार पर हत्या, रंगदारी, आम्स्र्स एक्ट के मंझौल, चेरियाबरियारपुर तथा नावकोठी थाने में आठ मामले दर्ज हैं। नावकोठी थाने में रंगदारी मांगने तथा दहशत फैलाने के मकसद से उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 7 सितम्बर 2025 को पंचायत के वार्ड संख्या 01 के वार्ड सदस्या शांति देवी तथा वार्ड संख्या 02 के प्रमिला देवी के घर पर चढ़कर रंगदारी मांगने के लिए मारपीट तथा गोलीबारी की थी। इस पर पूर्व से थाना कांड संख्या 01/25 दिनांक 02 जनवरी 25 पत्रकार संजय कुमार के पुत्र राहुल कुमार के साथ पिस्तौल के बट से पीटकर जख्मी करने, रंगदारी मांगने, कांड संख्या 65/25 दिनांक 6 मई 25 को वार्ड सदस्य अरविंदकुमार के घर पर चढ़कर रंगदारी मांगने, फायरिंग करने एवं घर को क्षतिग्रस्त करने सहित 133/21 दिनांक 06 सितम्बर 21 तथा थाना कांड संख्या 231/24 दिनांक 17 दिसंबर 24 के तहत रंगदारी, लूट, जानलेवा हमला करने, आर्म्स एक्ट का प्राथमिकी नामजद था।

# धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के नावकोठी, वृंदावन, छतौना, गौरीपुर, देवपुरा मिलाकर कुल आठ दुर्गा मंदिरों में स्थापित माँ दुर्गा सहित अन्य देवी, देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन के साथ ही दस दिवसीय दशहरा का समापन हो गया। माँ भगवती सहित अन्य प्रतिमा को ट्रैक्टर ट्राली पर लेकर गाजे, बाजे, भजन, कीर्तन के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। यह संपूर्ण गांव के मुख्य सड़क से गुजर कर बुढी गंडक नदी किनारे पर समापन हुआ। महिलाओं ने विदाई गीत गाकर भावभीनी विदाई दी तो नवयुवक गीत के धून पर ठुमके लगाये। माँ दुर्गा सहित अन्य जयघोष से विसर्जन मार्ग गुंजायमान हो उठा। विसर्जन जुलूस में पेयजल तथा प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद लेने हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मार्ग में एक दूसरे को गुलाल लगाकर दशहरा की बधाई दी। बूढ़ी गंडक नदी तट पर श्रद्धा पूर्वक आरती की गई। श्रद्धा भक्ति के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वृंदावन में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता तो गौरीपुर में कई भक्तों द्वारा आग पर चलने,श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु विदेशिया नाच, मीना बाजार, कई प्रकार के झूले व्यवस्था थी। हथिया नक्षत्र की बारिश ने महानवमी के दिन श्रद्धालुओं को घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी थी। श्रद्धालु घरों से निकल कर माँ भगवती की पूजा अर्चना कर मेले का आनंद लिया। मौके पर मेले में प्रति नियुक्त दंडा पदाधिकारी, प्रतिनियुक्ति पुलिस बल आदि शामिल थे।

## जिला स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी

**बेगूसराय (नबिटा संवाददाता)।** जिला स्थापना दिवस पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर सृजनोत्सव चित्रकला एवं मूर्ति कला प्रदर्शनी का आयोजन 29 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी स्टेडियम समय प्रातः 11 से संध्या 5 बजे तक रखा गया था। जिसे कला प्रेमियों ने खूब सराहा। गुरुवार को विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों और जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

## पेज 1 का शेष

### तेजी से आगे बढ़...

शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का गठन हो रहा है जिनकी संख्या 37 हजार हो गयी है जिसमें लगभग 3 लाख 85 हजार जीविका दीदियां हैं, गठन लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। राज्य में विकास के कई कार्य किये जा रहे हैं और बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी माताएं-बहनें इस 10 हजार रुपये की राशि से अच्छा रोजगार शुरू करेंगी। इससे आपका परिवार खुशहाल होगा तथा राज्य एवं देश का और तेजी से विकास होगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अब तक कुल एक करोड़ महिलाओं को 10-10 हजार रुपये मिल चुके हैं। इससे पहले 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नीतीश के साथ राज्य की 75 लाख लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से कुल 7500 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की थी। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी समेत अन्य नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पइन में पलटी कार, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदपुरा गांव के समीप एक तेज रफ्तार से जा रही सफ़ेद रंग की फोर्ड कार एक आहर पाईन में पलट गई, जहां कार में सवार दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि तीन लोग किसी तरह से बाहर निकल कर जान बचा पाये।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़े और किसी तरह से डूबे हुए कार को बाहर निकालने मे जुटे रहे। मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के तोताबीघा के संजीवन बिंद के 25 वर्षीय पुत्र संजीव बिंद के रूप में हुई है, जबकि दूसरे शव की पहचान पभेडी गांव के रहने वाले महेंद्र राम के 40 वर्षीय बेटे सूचित राम के रुप में हुई है। जबकि आने तीन लोग किसी तरह से बाहर निकाल पाए हैं। मौके सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। दशहरा मेला घूमने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है की हाल ही में यह नई कार खरीदी थी, और विजयदशमी के दिन ड्राइव पर अपने दोस्तों के साथ निकाला था।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यालय नगर पंचायत बारूण (औरंगाबाद)**
अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2025-26
(*https://eproc2.bihar.gov.in*)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :- 26.09.2025
3. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :- 08.10.2025 को 11:00 बजे से On Website (*https://eproc2.bihar.gov.in*)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :- दिनांक- 18.10..2025 को 15:00 बजे तक
5. प्री बीड मीटिंग का समय/स्थान एवं तिथि :- दिनांक- 07.10..2025 के समय 11:00 बजे, स्थान-कार्यालय, नगर पंचायत बारूण, (औरंगाबाद) On Website (*https://eproc2.bihar.gov.in*)
6. तकनिकी खोलने की तिथि/समय :- दिनांक-20.10.2025 के 15:30 बजे के बाद On Website(*https://eproc2.bihar.gov.in*)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :- तकनीकि बीड निष्पादन के उपरांत
8. अग्रधन, बैंक गारण्टी, सभी शपथ पत्र एवं *Existing Commitment* (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि समय एवं स्थान :- दिनांक-18.10.2025 के 15:00 बजे तक,
   :- 1. स्थान-कार्यालय, नगर पंचायत बारूण (औरंगाबाद)
   2. कार्यपालक अभियंता, बुडको कार्यालय,औरंगाबाद
   3. अधीक्षण अभियंता,बुडको, मगध प्रमण्डल,गया
   4. मुख्य अभियंता, बुडको, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना का कार्यालय।
7. कार्य का विवरण :-

**मद का नाम**-षष्टम् वित्त एवं 15वीं वित्त के कर्णांकित राशि से।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मौनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड संख्या-05 में सिपाही जी के घर से श्री देवा सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 4001500.00 | 80030/- | 5000/- | 590/- | 03माह |
| 2. | वार्ड संख्या-10 में चन्द्रविगहा नहर रोड से रामजी सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 5132164.00 | 102643/- | 10000/- | 590/- | 03माह |
| 3. | वार्ड संख्या-09 में विनोद पाण्डेय के घर से सुदर्शन पाण्डेय के जमीन होते हुए बरूआ पुल नाला मेन रोड (NH2) तक ढक्कन युक्त आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6996205.00 | 139924/- | 10000/- | 590/- | 03माह |
| 4. | वार्ड संख्या-10 में राजेन्द्र सिंह के घर से गोवर्धन पहाड़ तक आर0सी0सी0 ढक्कन युक्त नाला निर्माण कार्य। | 3593130.00 | 71863/- | 5000/- | 590/- | 03माह |
| 5. | वार्ड संख्या-10 में ब्रम्हस्थान से राम बचन शिक्षक के घर होते हुए मुख्य पटना कैनाल रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6901000.00 | 138020/- | 10000/- | 590/- | 03माह |

निविदा की वैद्यता अवधि : **120 दिन**

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत बारूण (औरंगाबाद)**

**PR. No. 016420 (B&C) 2025-26**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**



**बिहार सरकार**

**कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद**
(अति अल्पकालीन सूचना)
**आवश्यकता**

एतद् द्वारा व्यवसायिक वाहनों के मालिकों/एजेन्सीयों को सूचित किया जाता है कि मद्यनिषेध नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु छापेमारी/विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद का कार्यालय ज्ञपांक-431, दिनांक- 16.11.2022 के द्वारा निर्धारित वाहन भाड़ा एवं शर्तों के अधीन अधीक्षक मद्यनिषेध एवं उत्पाद, कार्यालय, औरंगाबाद को व्यवसायिक स्कॉर्पियो वाहनों की आवश्यकता है।

ईच्छुक व्यवसायिक वाहन मालिकों/एजेन्सीयों से अनुरोध है कि अगर उक्त कार्य हेतु अपनी स्कॉर्पियो वाहनों को भाड़े पर देना चाहते हैं तो संबंधित वाहनों के कागजातों के साथ दिनांक-08.10.2025 तक कार्यालय अवधि में अधीक्षक मद्यनिषेध, पड़रावाँ, औरंगाबाद के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 016672 (Excise) 25-26**

**अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## संक्षिप्त समाचार

### 762 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ कार जब्त, एक गिरफ्तार

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो ।** जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार के निदेशों के आलोक में उत्पाद विभाग, जहानाबाद की टीम द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।इस अभियान के क्रम में गुरुवार को उमता धरनई, जहानाबाद से एक क्रेटा वाहन से 762 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई तथा एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।जिला उत्पाद अधीक्षक श्री दिलीप पाठक ने बताया कि जहानाबाद जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने हेतु सतत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान जिला प्रशासन ने आमजनों से भी अपील किया है कि शराबबंदी कानून के पालन में प्रशासन को सहयोग करें। यदि कहीं भी अवैध शराब की सूचना हो तो तत्काल प्रशासन या उत्पाद विभाग को अवगत कराएं। सूचना प्रदाता की गोपनीयता सुरक्षित रखी जाएगी।



### दिव्यांग मतदाताओं की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु बैठक

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में दिव्यांग मतदाताओं की संपूर्ण सहभागिता एवं उनके लिए सुगम और सुलभ मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण उपस्थित रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिव्यांगजनों का नाम शत-प्रतिशत मतदाता सूची में जोड़ा जाए। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण को पंचायतवार दिव्यांगजनों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। दिव्यांग मतदाताओं की सुगमता हेतु मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर उपलब्धता की अद्यतन समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांग मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जाएंगे ताकि जिले के प्रत्येक दिव्यांग मतदाता निर्बाध, सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।



### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत घोषी में रैली व संवाद का आयोजन।

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे जहानाबाद श्रीमती अलंकृता पांडेय के निर्देश पर नगर पंचायत घोषी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता रैली एवं स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पंचायत घोषी की कार्यपालक पदाधिकारी ने किया।रैली के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया तथा लोगों से गंदगी न फैलाने और साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे जहानाबाद, अमित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ,भारत सरकार, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार तथा जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, श्रीमती अलंकृता पांडेय के निदेर्शानुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती से 31 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में युवा छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में स्वच्छता पदाधिकारी, नगर पंचायत के कर्मी, जनप्रतिनिधि स्थानीय युवा शामिल हुए और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



### हरपुर थाना के प्रयास से चरस तस्कर गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरपुर थाना और एस एस बी के संयुक्त कार्रवाई में एक विदेशी चरस तस्कर गिरफतार किया गया, हरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि सीमा क्षेत्र के घोड़ासहन कुशवाहा चौक से एक किलो आठ सौ ग्राम अति परशोधित प्रतिबंधित चरस के साथ पकड़ा गया जो बारा जिला नेपाल के बड़की फुलवरिया थाना देवापुर के अमीर मियां के पुत्र फुल मोहम्मद बताया गया है, तस्कर ने अपने बयान में कहा कि चरस नकरदेई थाना क्षेत्र के सिरिसिया माल निवासी सनाउल्लाह मियां के पुत्र चोकट मियां के रूप में पहचान किया गया है।

### दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के इनरवा फुलवार पंचायत के विरती बाजार पर हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पूजा के अवसर पर विजय दशमी के दिन दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया है। जिसका विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक शमीम अहमद के द्वारा फीता काट कर दंगल का शुरूआत किया नरकटिया विधायक शमीम अहमद ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है।कुश्ती पहले के लोगो का लोकप्रिय माना जाता है।।दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश,बिहार,नेपाल सहित दर्जनों देशों से आए नामचीन दर्जनों पहलवानों ने अपना अपना दमखम दिखाया वही पहलवानों का कुश्ती का आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शकों ने कुश्ती का खूब आनंद उठाया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सीताराम यादव,नवल यादव,दिलीप यादव,शिवशंकर यादव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### उद्योगपति यमुना सिकरिया ने एक हजार से अधिक स्वच्छता किट का किया वितरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा युवा नेता उद्योगपति यमुना सीकरीया द्वारा चंद्रहिया में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया साथ ही स्वच्छता किट का वितरण चंद्रहीया में लोगों के बीच किया गया। उन्हें स्वच्छता के बारे में बताया गया। इस अवसर सीकरीया ने कहा गांधी जी पहली बार चंद्रहिया आए थे तो उन्होंने किसानों की समस्या के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी, और इसके बाद यहीं से चंपारण सत्याग्रह करने का विचार आया था। गांधी जी ने स्वच्छता के प्रति सदैव लोगों को जागरूक किया। जिसे प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के रूप में बढ़ाया जा रहा है गांधी जयंती के अवसर पर चंद्रहिया के साथ गांधी कुष्ट आश्रम, पटेल चौक कई जगह पर स्वच्छता कीट का वितरण किया गया।

# तीन पंचायतों में विवाह मंडप व पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के तीन पंचायतों में बुधवार को पंचायत सरकार भवन व विवाह मंडप के निर्माण को लेकर शिलान्यास हुआ। इस दौरान पुरैनिया हरसरी पंचायत में केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया अजित कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुखिया बाला दुबे ने केंद्रीय राज्य मंत्री, बीडीओ व सीओ का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अपने गृह पंचायत में पीएसबी व विवाह मंडप निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम के संबोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुबे ने कहा कि भाजपा जदयू की सरकार में पंचायतों का समग्र विकास हो रहा है। सरकार अब बेटियो के विवाह के लिए विवाह मंडप का निर्माण करवा रही है। जिससे बेटियो की शादी में काफी सहूलियत मिलेगी।साथ ही पंचायत सरकार भवन बन जाने से आरटीपीएस समेत अन्य सुविधाएं पंचायत में ही मिल जाएगी इसके लिए प्रखंड जाने की जरूरत नही होगी। वही पुरैनिया हरसरी के अलावे भसुरारी पंचायत के नरकटिया माई स्थान के समीप मुखिया सरोज देवी एवं नौतनवा पंचायत के सखुवानिया बैरीया में मुखिया अलिमोहमद की उपस्थिति में विवाह मंडप का शिलान्यास किया गया। इसी तरह शिकारपुर पंचायत में मुखिया राहुल जायसवाल और केहुनिया रोआरी में मुखिया आभा वर्मा की उपस्थिति में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास हुआ। उक्त पंचायतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शिलान्यास किया गया। उधर बनवरिया पंचायत में नव निर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन भी किया गया।

## जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव पर सांसद निधि के दुरुपयोग का आरोप, जदयू नेताओं ने बोला हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** जहानाबाद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेताओं ने वर्तमान सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव पर सांसद निधि के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया। नेताओं का कहना है कि सांसद निधि का पैसा जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में खर्च होने के बजाय बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में लगाया जा रहा है, जबकि यह क्षेत्र जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से बाहर है। जानकारी के अनुसार, सांसद निधि वर्ष 2025-26 के 1 करोड़ 75 लाख रुपये का उपयोग बेलागंज में कराया जा रहा है। इस पर सवाल उठाते हुए जदयू नेताओं ने कहा कि जब जहानाबाद के गाँवों और कस्बों में आज भी अनेक नालियाँ और गलियाँ कच्ची पड़ी हैं, तो निधि को बाहर खर्च करने का औचित्य नहीं है। जदयू जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने कहा— यह जहानाबाद की जनता के साथ सीधा छलावा है। सांसद निधि का पैसा जहानाबाद के विकास में खर्च होना चाहिए था, लेकिन सांसद महोदय अपने पुत्र को बेलागंज से विधायक बनाने की महत्वाकांक्षा में जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं।"इसी कड़ी में जदयू नेता निरंजन केशव प्रिंस ने आरोप लगाया कि सांसद ने जनता का विश्वास तोड़ा है। उन्होंने कहा चुनाव के समय सुरेंद्र प्रसाद यादव ने विकास का सपना दिखाया था, लेकिन अब उनकी प्राथमिकता केवल बेलागंज और परिवारवाद है।

## 4233 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन, लोकार्पण एवं राशि अंतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायती राज विभाग अंतर्गत ₹1823 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 663 पंचायत सरकार भवनों तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना अंतर्गत ₹500 करोड़ की लागत से बनने वाले 1000 विवाह मंडपों का शिलान्यास किया।इसके साथ ही भवन निर्माण विभाग द्वारा ₹885 करोड़ की लागत से निर्मित 322 पंचायत सरकार भवन, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा ₹825 करोड़ की लागत से निर्मित 367 पंचायत सरकार भवन एवं ग्राम पंचायतो द्वारा ₹160 करोड़ की लागत से निर्मित 140 पंचायत सरकार भवनों का लोकार्पण किया गया। साथ ही अगस्त 2025 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों के लिए कृषि इनपुट अनुदान योजनान्तर्गत 2 लाख 41 हजार से अधिक किसानों के खातों में ₹113 करोड़ की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि ह्लआज जिन योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया है, उनमें पंचायती राज विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से राज्य में विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी तथा इसका प्रत्यक्ष लाभ आम जनों को प्राप्त होगा, जिससे उनका जीवन स्तर और अधिक सुदृढ़ एवं बेहतर होगा। जहानाबाद जिला अंतर्गत 06 पंचायतो मे पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन तथा 01 पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त 05 पंचायत में विवाह मंडप का शिलान्यास किया गया।

## जिले की 1.70 लाख महिलाओं के खाते में भेजी गयी राशि

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 2500 करोड़ रुपये (10,000 रुपये प्रति लाभुक) भेजे गये। इसी कड़ी में आज पश्चिम चंपारण की 1.70 लाख महिलाओं को भी इस राशि का लाभ मिला। अब तक 1 करोड़ महिलाओं को 10,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिसमें प्रारंभिक 10,000 रुपये और बाद में 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता शामिल है। इससे महिलाएं सिलाई, किराना दुकान, बकरीपालन जैसे उद्यम शुरू कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। बेतिया में आयोजित कार्यक्रम में विधायक नारायण प्रसाद, जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, और जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आर.के. निखिल शामिल हुए।

## गोरखपुर सिलीगुड़ी एवं रक्सौल हल्दिया एक्सप्रेस-वे हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू : नितिन नवीन

**समय पर परियोजनाओं का काम होगा पूरा, अगले दो माह में भूमि अधिग्रहण का काम होगा पूर्ण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)** गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे एवं रक्सौल हल्दिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु स्वीकृत मार्गरेखन पर भूमि अधिग्रहण का कार्य शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि स्वीकृत मार्गरेखन के अनुसार गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे बिहार राज्य के 8 जिलों पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया एवं किशनगंज जिले से गुजरती है। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु लगभग 2941 हे0 भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। जिसके लिए भू-अर्जन हेतु सक्षम प्राधिकार सीएएलए की नियुक्ति के उपरान्त भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सभी जिलों में भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना समर्पित किया गया है। मंत्री नितिन नवीन द्वारा रक्सौल हल्दिया एक्सप्रेस-वे के संबंध में बताया गया कि स्वीकृत मार्गरेखन के अनुसार यह एक्सप्रेस-वे राज्य के 9 जिलों पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर और बांका से गुजरती है। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु लगभग 2500 हे० भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। जिसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सभी 9 जिलों में भू-अर्जन हेतु सक्षम प्राधिकार ( सी ए एल ए ) की नियुक्ति हेतु अधियाचना समर्पित की गई है। माननीय पथ निर्माण मंत्री ने बताया की राज्य सरकार इन दोनों एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तीव्र गति से पूर्ण करने के लिए कटिबद्ध है। सभी जिलों में तीव्रगति से भू-अर्जन हेतु सहायक भू-अर्जन पदाधिकारी को पदस्थापित किया गया है। परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु भू-अर्जन कार्य की राज्य सरकार द्वारा सघन अनुश्रवण करने का निर्णय लिया गया है। अगले दो माह में इस परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। श्री नवीन द्वारा इन दोनों एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के निर्माण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता के रूप में 25 लाख महिलाओं के खाते में किया गया अंतरण





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता के रूप में परिवार की एक महिला को अपनी पसंद के रोजगार हेतु 10 हजार रुपए प्रति महिला की दर से 25 लाख महिलाओं को 2500 करोड़ की राशि का अंतरण पटना में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया क इसके पहले 26 सितंबर 2025 को एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन कर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत 75 लाख महिलाओं को 10 हजार रुपए की सहायता राशि का उनके खाते में अंतरण कर इस योजना का शुभारंभ किया गया था7 द्वितीय चरण में बिहार के कुल 25 लाख महिलाओं को डी.बी.टी. के माध्यम से सहायता राशि का अंतरण किया गया है कपटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बिहार के सभी जिलों में किया गया। जिला में इस कार्यक्रम का जिला स्तर पर आयोजन समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र भवन, मोतिहारी में किया गया जिसमें जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल,नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव,उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार एवं अन्य विभागों के पदाधिकारियो के साथ-साथ लगभग 500 की संख्या में जीविका दीदियाँ उपस्थिति रही कपूर्वी चंपारण जिले के प्रत्येक प्रखंड में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में (प्रत्येक प्रखंड में लगभग 500) कुल 13,500 महिलाओं, जीविका के कुल 80 संकुल स्तरीय संघ में (प्रति संकुल संघ करीब 500) कुल 40000 महिलाओं, जीविका के कुल 3700 ग्राम संगठनों में (प्रति ग्राम संगठन लगभग 120) कुल 4,44,000 महिलाओं ने इस लाइव प्रसारण में भाग लिया है क साथ ही अन्य स्थानों पर भी टीवी, यूट्यूब एवं अन्य माध्यमों से इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया है कइस तरह पूरे जिले में कुल 5000 से अधिक जगहों पर लगभग 05 लाख से अधिक महिलाओं ने इस लाइव प्रसारण को देखा है कज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार के सभी पात्र परिवारों के एक महिला को रुपए 10 हजार रुपए की राशि प्रथम किस्त के रूप में अंतरित की जा रही है, साथ ही उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आगे चलकर ₹2,00,000 तक की अतिरिक्त सहायता दिए जाने का भी प्रावधान है कइस राशि के अंतरण से जिले में जीविका से जुड़ी हुई महिलाओं के परिवारों एवं अन्य महिलाओं में खुशी का माहौल है।

## विस चुनाव 2025 को लेकर जहानाबाद में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 03 अक्टूबर 2025 को जिला समाहरणालय परिसर, जहानाबाद में मतदाता हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मियों, अधिकारियों एवं जीविका दीदियों को अपने मताधिकार के महत्व के बारे में जागरूक किया और लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु सभी को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगी तथा अपने परिवार एवं क्षेत्र के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगी। इस दौरान सभी उपस्थित कर्मियों, पदाधिकारियों और प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए मतदाता शपथ ली कि वे 'स्वयं एवं अपने परिवार संग शत-प्रतिशत मतदान करेंगे और जहानाबाद के मतदान प्रतिशत को ऊँचाई प्रदान करेंगे। इस अवसर पर आयुक्त डॉ प्रीति, अनिल कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, राजीव कुमार, अमित कुमार, सभी कार्यालय प्रधान, कर्मीगण एवं जीविका दीदियाँ उपस्थित थीं।

## नए अधिवक्ताओं को सरकार देगी छात्रवृत्ति

**अगले 3 साल तक 5000 प्रतिमाह मिलेगी छात्रवृत्ति**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दल यूनाइटेड के विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं की बैठक गुरुवार को सिविल कोर्ट मोतिहारी के अधिवक्ता संघ के परिसर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधि प्रकोष्ठ के जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद ने किया। बैठक को संबंध करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा नए अधिवक्ताओं को अगले 3 साल तक प्रत्येक माह पांच हजार देने की घोषणा का स्वागत किया। यह छात्रवृत्ति वैसे अधिवक्ता को मिलेगा जिनका निबंध जनवरी 2024 का है। सरकार द्वारा लाइब्रेटी के लिए पांच लाख रुपए एक मुस्त दिया जाएगा। बिहार के सभी महिला अधिवक्ता के लिए पिंक टॉप लेट व्यवस्था को लागू करने पर अधिवक्ताओं ने माननीय मुख्यमंत्री को विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर आनंद कुमार ने आभार व्यक्त किया। अधिवक्ताओं के हित में किए गए कार्य से अधिवक्ताओं ने खुशी का इजहार किया। बधाई देने वालों प्रदेश महासचिव दीपक पटेल, सुदामा बैठा, रमाकांत पांडे, कैसर हमीद, कुमार शिव मंकर सिंह, अनिल पांडे, अभिषेक प्रकाश, रामबाबू प्रसाद, बलवंत सिंह, नागेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल थे।

## विजयादशमी आयोजन समिति ने रावण दहन कार्यक्रम किया आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विजयादशमी के अवसर पर विजयादशमी आयोजन समिति द्वारा गाँधी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावण दहन को लेकर ज्ञानबाबू चौक से भगवान श्री राम की सेना मेन रोड, हॉस्पिटल चौक से होते हुए गाँधी मैदान पहुँची। जुलूस में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ० आशुतोष शरण, सचिव उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। कार्यक्रम स्थल गाँधी मैदान में पहले से मौजूद सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री बिहार सरकार कृष्णनंदन पासवान, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर श्वेता भारती एवं अन्य प्रशासनिक पाधिकारियों द्वारा भगवान श्री राम की सेना का स्वागत किया गया। उपस्थित जन समूह ने भगवान श्रीराम एवं रावण की सेना के बीच युद्ध का स्वांग देखा । बाद में मुख्य अतिथि सांसद श्री सिंह ने प्रतीकात्मक तीर चलाया और रावण धूधू कर जल गया।

## सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद पूर्वी चम्पारण-सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह के द्वारा आयोजित 01 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 का जिला स्तरीय समापन समारोह गांधी मैदान मोतिहारी में सम्पन्न हुआ। विभिन्न प्रखंडों से चयनित सैकड़ों खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। सांसद खेल महोत्सव-2025 में आठ खेलों एथलेटिक्स, कबड्डी, क्रिकेट, साइक्लिंग, वॉलीबॉल, तलवारबाजी, थांग-टा एवं कैरम खेल का आयोजन किया गया। सांसद राधामोहन सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार और बिहार सरकार खेल के प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्वस्थ एवं जागरूक समाज के लिए खेल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मोतिहारी में भी 29 करोड़ रुपए की लागत से मुंशी सिंह महाविद्यालय, एल एन डी महाविद्यालय एवं जिला स्कूल, मोतिहारी में इनडोर स्टेडियम एवं खेल अवसंरचनाओं के निर्माण की योजना स्वीकृत हो चुकी है। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि बिहार सरकार द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना का प्रारम्भ करके खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर बिहार सरकार के विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में खेल के प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए दृढ़ संकल्पित है एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खेल अवसंरचनाओं का विकास कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल स्पर्धा का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही बिहार सरकार द्वारा खिलाड़ियों को बिहार राज्य खेल सम्मान एवं स्कॉलरशिप योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद पूर्वी चम्पारण सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान, नगर विधायक प्रमोद कुमार, गोविन्दगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, पिपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, मछुआ आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला के विभिन्न खेल संघों के अध्यक्ष-सचिव डॉ आशुतोष शरण, जमिल अख्तर, मोहम्मद मोबसिर, अप्पु कुमार, अरविन्द कुमार, भानु प्रकाश, सिद्धार्थ वर्मा, शारीरिक शिक्षक अमित कश्यप, रवि कुमार, मनोज कुमार प्रसाद, रश्मी कुमारी आदि ने भाग लिया।

## एकमा में दुर्गा पूजा व दशहरा का समापन, धूमधाम से मूर्ति विसर्जन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** शारदीय नवरात्र एवं विजयादशमी के अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार व प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा व दशहरा का समापन पारंपरिक हर्षोल्लास, आस्था व उल्लास के साथ हुआ। क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार की देर शाम तक डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी व विभिन्न जलाशयों में नम आंखों से किया गया। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों व जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। विसर्जन यात्रा में दुर्गा पूजा आयोजन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे शामिल हुए। भक्तों ने माता रानी की आरती उतारी व सुख-समृद्धि की कामना की। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने विसर्जन जुलूस का स्वागत भी किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, अंचलाधिकारी राहुल शंकर, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, नगर पंचायत एकमा बाजार के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक राज आदि के साथ पलिस व प्रशासन पूरी मुस्तैदी रही। मुख्य मार्गो पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। शांतिपूर्ण वातावरण में मूर्तियों का विसर्जन सम्पन्न होने से श्रद्धालुओं ने चैन की सांस ली। मूर्ति विसर्जन के साथ ही एकमा प्रखंड में दुर्गा पूजा व दशहरा का समापन हो गया। हालांकि भक्तों में अगले वर्ष मां दुर्गा के पुनः आगमन को लेकर उत्साह व उत्सुकता अभी से दिखाई देने लगी।

# राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को 9600 करोड़ की राजकीय गारंटी स्वीकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी खरीफ विपणन मौसम के लिए खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति हेतु बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को 9600 करोड़ की राजकीय गारंटी प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिपरिषद की बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रस्ताव विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी खरीफ विपणन मौसम में खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति कार्य हेतु बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को आवश्यक क्रियाशील पूंजी 12000 करोड़ रुपए के विरूद्ध कुल 9600 करोड़ रुपए की ऋण राशि विभिन्न वित्तीय संस्थाओं यथा व्यावसायिक बैंक/नाबार्ड आदि से प्राप्त किए जाने हेतु राजकीय गारंटी प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई। विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अन्तर्गत खरीफ विपणन मौसम में धान/चावल अधिप्राप्ति कार्यक्रम माह नवम्बर से प्रारंभ होकर अगले वित्तीय वर्ष के माह अगस्त तक प्रायः संचालित होता है। कृषि विभाग से खाद्यान्नों की उपज से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति हेतु न्यूनतम लक्ष्य की मात्रा को निर्धारित करते हुए विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के तहत खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधे किसानों से क्रय करने की जिम्मेवारी प्राथमिकी कृषि साख समितियों (पैक्स) / व्यापार मंडलों की है। पैक्स एवं व्यापार मंडलों के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध क्रय किये गये धान के समानुपातिक तैयार सी०एम०आर० की मात्रा को राज्य के नोडल अभिकरण बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के अधिसूचित संग्रहण केन्द्रों पर जमा किया जाता है। नोडल अभिकरण बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के संग्रहण केन्द्रों पर पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा जमा किये गये खाद्यान्नों की मात्रा एवं गुणवत्ता जांच किये जाने के पश्चात बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ सभी आनुषांगिकों मदों को जोड़कर निश्चित समय-सीमा में ऑनलाईन भुगतान किया जाता है, ताकि पैक्स/व्यापार मंडलों के लिए स्वीकृत कैश क्रेडिट लिमिट के साथ उक्त राशि का चक्रानुक्रम में उपयोग कर किसानों को 48 घंटों के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। गेहूं एवं धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए नोडल अभिकरण के रूप में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम नामित है एवं अधिप्राप्ति कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए क्रियाशील पूंजी के रूप में एक बड़ी राशि की आवश्यकता होती है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न व्यावसायिक बैंकों से 12,000 हजार करोड़ रुपए की राजकीय गारंटी बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को प्रदान की गई थी। कुल प्राप्त राजकीय गारंटी के विरुद्ध 10,350 करोड़ रुपए की राशि का उपयोग निगम द्वारा रबी तथा खरीफ मौसमों से खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति हेतु किया गया है, जिसका पूर्ण भुगतान वित्तीय वर्ष 2025-26 तक किया जाना है।

# गृह मंत्री अमित शाह से भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल नारायण सिंह ने की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने आज गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। यह बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई जिसमें संगठन और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विमर्श हुआ। बैठक में भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा व्यापक जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उपायों पर विशेष चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आगामी चुनावी रणनीति और चुनौतियों पर भी विचार साझा किया। गोपाल नारायण सिंह ने कहा मैं करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत देश के गृह मंत्री अमित शाह जी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने बिहार के मुद्दे पर विमर्श हेतु मुझे अपना बहुमूल्य समय दिया। वे बिहार के विकास को लेकर हमेशा से संवेदनशील रहे हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गतिशील बनाने तथा जनता के बीच भाजपा की पहुंच मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। मुझे विश्वास है कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मुलाकात को बिहार की राजनीति और आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व का यह संवाद संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

# बिहार के राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को दीपावली-छठ की सौगात : सम्राट चौधरी

## केंद्र की तर्ज पर राज्यकर्मियों-पेंशनभोगियों को मिलेगा 58% महंगाई भत्ता : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को दीपावली और छठ से पहले आर्थिक सौगात दिया है। श्री चौधरी ने कहा- सरकार ने महंगाई भत्ता/राहत दर 55% से बढ़ाकर 58% करने को स्वीकृति प्रदान की है। यह संशोधित दर 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि पहले 1 जनवरी 2025 से 55% महंगाई भत्ता दिया जा रहा था और अब केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 58% दर स्वीकृत किए जाने के बाद बिहार सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उसी तिथि से बढ़ा हुआ भत्ता देने का निर्णय लिया है। श्री चौधरी ने कहा कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की जीवनयापन महंगाई से प्रभावित न हो, इसलिए सरकार उन्हें समय पर राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस फैसले से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 917.78 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ताकि उन्हें जीवनयापन की बढ़ती महंगाई और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद सम्मानजनक कार्य और जीवनयापन सुनिश्चित हो सके। इसी प्रयास के तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता/राहत की दर 55% से बढ़ाकर 58% करने का निर्णय लिया है।

# ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन से मिली गांवों को आर्थिक मजबूती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना (एमएमजीएसयूवाई) के अंतर्गत ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के लागू किए जाने से न केवल राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी संरचना को मजबूती मिल रही है, बल्कि इससे गांवों की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। अब यह योजना सिर्फ ग्रामीण सड़कों के संधारण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और सामाजिक सशक्तिकरण का एक मजबूत आधार बन चुकी है। अबतक इस योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों की कुल 17,982 ग्रामीण पथों की जिनकी लंबाई 30,734 किलोमीटर है, के पुनर्निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन सड़कों से राज्य के हजारों गांवों को हर मौसम में (बारहमासी) निर्बाध संपर्क, बाजारों तक आसान पहुंच, स्कूलों और अस्पतालों तक आवागमन की सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार ने राज्य में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम लागू कर रखा है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का एक महत्वपूर्ण अवयव है जिसे राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पिछले साल नवंबर में स्वीकृति मिल चुकी है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्थित सड़कों का दीर्घकालिक सुदृढ़ीकरण और प्रभावी रख-रखाव करना है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 17,982 स्वीकृत ग्रामीण सड़कों में से 11,985 सड़कें, जिसकी कुल लम्बाई 20,998 किलोमीटर सड़कों का कार्यारम्भ किया जा चुका है। सभी स्वीकृत सड़कों का प्रारंभिक सुधार का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अबतक कुल 38 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसकी कुल लम्बाई 2,212.41 किलोमीटर बताई गई है। इसके साथ ही बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम भी लागू किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सड़कों का दीर्घकालिक सुदृढ़ीकरण और प्रभावी रखरखाव करना है। कार्यक्रम के तहत पथों का दो बार कालीकरण किया जाएगा, ताकि उनकी सतह की मजबूती और सड़क की पर वाहनों के सुगम परिचालन लगातार बनी रहे। इस योजना का एक और अहम पहलू यह है कि सभी संवेदकों को रूरल रोड रिपेयर वाहन रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि का प्रतिक्रिया समय के अधीन समाधान किया जा सके और सड़क का उपयोग करने वालों को यात्रा के दौरान कोई असुविधा न हो। राज्य सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि हर वित्तीय वर्ष के बाद पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हुए सड़कों का चयन कर उन्हें फिर से उन्नत किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क की गुणवत्ता और स्थायित्व बनी रहे तथा इन्हें टूटने से बचाया जा सके।

# 30वां लघुकथा सम्मेलन 27-28 दिसंबर को पटना में, जुटेंगे देश भर के लघुकथाकार

## स्व. सतीशराज पुष्करणा को समर्पित होगा द्विदिवसीय लघुकथा सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में 30वां लघुकथा सम्मेलन 27 एवं 28 दिसम्बर को पटना में आयोजित होगा। सम्मेलन में बिहार के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा सहित कई अन्य प्रदेशों के 125 से अधिक लघुकथाकार शिरकत करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए लघुकथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि यह द्विदिवसीय सम्मेलन लघुकथा मंच के संस्थापक एवं लघुकथा आंदोलन के पुरोधा स्व. सतीशराज पुष्करणा को समर्पित होगा। सम्मेलन के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित एक स्मृति ग्रन्थ का प्रकाशन होगा। इसके अतिरिक्त मंच की लघुकथा पर केंद्रित अनियतकालीन पत्रिका सर्जना भी प्रकाशित होगी।

डॉ ध्रुव ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में चर्चा- विमर्श होंगे तथा शोध पत्र पढ़े जाएंगे। अंतिम सत्र में सम्मेलन में शामिल लघुकथाकार अपनी लघुकथाओं का पाठ करेंगे। डॉ ध्रुव ने बताया कि इस अवसर पर देश के दो वरिष्ठ एक नवोदित लघुकथाकार को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा शिखर सम्मान, सतीशराज पुष्करणा लघुकथा आलोचना सम्मान एवं सतीशराज पुष्करणा लघुकथा नवांकुर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तित रख संतुलित नीति पेश की : साक्षी गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के जवाब में, जबकि जीएसटी कटौती से मिलने वाला समर्थन प्रभावी होने लगा है। आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखते हुए एक संतुलित नीति पेश की। हालांकि केंद्रीय बैंक ने इस नीति में आगे के आंकड़ों की स्पष्टता की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्ण रुख अपनाया, लेकिन उसने यह भी माना कि घरेलू मुद्रास्फीति में निरंतर नरमी को देखते हुए नीति में और ढील देने की गुंजाइश बन गई है। उक्त बातें एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने अपनी टिप्पणी में कही। दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती अभी तय नहीं है और यह टैरिफ के नतीजों तथा इस त्योहारी सीजन में घरेलू खपत में मजबूती और तेजी पर निर्भर करेगा। आने वाले महीनों में टैरिफ के मोर्चे पर किसी समाधान या आगे वृद्धि के अभाव में, हम वित्त वर्ष 26 में टर्मिनल नीति दर को 5 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में एक रास्ता देखते हैं। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत तथा मुद्रास्फीति औसत 2.5 प्रतिशत रहेगी।

# गांधी, शास्त्री एवं प्रजापति मिश्र की जयंती पर कांग्रेसजन ने किया नमन

## अहिंसा और संघर्ष के मार्ग से पूरी दुनिया को नई दिशा दी : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 157 वीं जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के 121 वीं जयंती और बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष रहें स्व. पंडित प्रजापति मिश्र के 127 वीं जयंती के मौके पर उनके प्रतिमा एवं तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग से पूरी दुनिया को नई दिशा दी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने सादगीपूर्ण जीवन और ₹जय जवान, जय किसान₹ के नारे से देशवासियों को आत्मनिर्भरता और परिश्रम का संदेश दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज देश में गांधी और शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करने की सबसे अधिक आवश्यकता है। आज की राजनीति और समाज में उनकी शिक्षाएं हमें सत्य, ईमानदारी और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

# नियमावली में संशोधन होने के बाद होगा शिक्षकों का स्थानांतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों के स्थानांतरण करने के लिए शिक्षा विभाग नियमावली में संशोधन कर रहा है। नियमावली संशोधित होने के बाद ही शिक्षकों के स्थानांतरण करने के लिए ऑन लाइन आवेदन लिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को सूचना जारी कर कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए नियमावली में संशोधन करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। संशोधित नियमावली की अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद ही शिक्षकों से स्थानांतरण के लिए ऑन लाइन आवेदन लिए जाएंगे। इसकी सूचना बाद में दी जाएगी। स्थानांतरण के लिए भौतिक रूप से आवेदन पत्र जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑन लाइन प्राप्त होने वाले आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।

# पटना जू में वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दो से आठ अक्टूबर तक मनाए जाने वाले 'वन्यप्राणी सप्ताह 2025' का शुभारंभ संजय गांधी जैविक उद्यान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता के महत्व और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर आनंद किशोर ने कहा कि यह सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि एक जागरूकता अभियान है, जो समाज को यह संदेश देता है कि वन्यजीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अनिवार्य हैं।

# वृद्धों का सम्मान ही समाज की असली पहचान : अर्पणा बाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अन्तर्गत स्वायत्त संस्था के तत्वावधान में राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुलजारबाग महारानी कॉलोनी स्थित वृद्धा आश्रम में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अर्पणा बाला ने दीपक के महत्व को समझाते हुए कहा कि जैसे दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, वैसे ही वृद्धजन अपने जीवन के अनुभव और ज्ञान से हमारी आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके जीवन में कभी अंधकार न आए। अर्पणा बाला ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दिन हमें अपने संस्कार और जिम्मेदारी की याद दिलाने वाला अवसर है। वृद्धजन केवल पारिवारिक ही नहीं, बल्कि




सामाजिक जीवन की भी जड़ें हैं। जिस प्रकार किसी वृक्ष की मजबूती उसकी जड़ों पर निर्भर होती है, उसी प्रकार समाज की प्रगति भी बुजुर्गों की छाया और आशीर्वाद पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि 'नई पीढ़ी को वृद्धों को बोझ नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज की नींव की ईंट मानकर उनका आदर करना चाहिए। उनके आशीर्वाद और अनुभव से ही समाज खुशहाल बन सकता है।' इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने माना कि वृद्धजन समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। उन्हें केवल आर्थिक और शारीरिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारा और सामाजिक सम्मान भी मिलना चाहिए। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि वृद्धाश्रमों में रहने वाले लोग अपने ही हैं और उन्हें परिवार की तरह स्नेह और अपनापन मिलना चाहिए।

इस कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। पटना सिटी कार्यालय प्रभारी शाकम्भरी, अंशुमली, शिवम जी सहाय, सुंदरम, मंजू देवी (पर्यावरण अध्यक्ष), ललिता देवी (चंडी वाहिनी अध्यक्ष), अनिता देवी, राखी देवी, संजय अलबेला, रामानन्द यादव, पूनम देवी (समाज सेविका), रानी (पर्यावरण शहरी अध्यक्ष), किरण देवी समेत कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर वृद्धजन सम्मान और सेवा की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की सचिव अर्पणा बाला ने सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और आश्रम परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक दिन का नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें रोजमर्रा के जीवन में भी वृद्धों के सम्मान और सेवा को अपनाना होगा। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस आयोजन को समाज में जागरूकता का माध्यम बताया।

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं०–33 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सं०–20–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन** : डीडीयू डिवीजन में यांत्रिक विधि पर आधारित वर्स तकनीक का उपयोग करके एलडब्ल्यूआर/ सीडब्ल्यूआर ट्रैक के लिए तनाव मुक्त तापमान के माप/ निर्धारण के लिए विस्तारित परीक्षण। **कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 12765639.00, धरोहर राशि: ₹ 213800.00, ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 22.10.2025 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1079/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/36

# मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग लेकर आया योजना

# मखाना उत्पादन के लिए उन्नत बीज उत्पादन पर मिलेगा अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेजी से वैश्विक हुए सुपर फूड मखाना के विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में बिहार सरकार का कृषि विभाग वर्ष 2025-26 के लिए मखाना अवयवों की योजना लेकर आया है। इस योजना के तहत किसान मखाना उत्पादन के क्षेत्र विस्तार, उन्नत बीज उत्पादन, टूल्स किट आदि पर अनुदान पा सकते हैं। अनुदान पाने के लिए किसानों को 10 अक्टूबर तक बिहार कृषि ऐप या उद्यान निदेशालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस योजना के तहत एक किसान को न्यूनतम 0.25 एकड़ (0.1 हेक्टेयर) तथा अधिकतम 5 एकड़ (2 हेक्टेयर) का लाभ दिया जा रहा है। मखाना का क्षेत्र विस्तार योजना का लाभ पहली बार खेत प्रणाली से मखाना की खेती करने को इच्छुक किसानों को मिलेगा। इस घटक के तहत बीज सहित अन्य इनपुट तथा हार्वेस्टिंग तक की राशि शामिल है। प्रथम वर्ष के लिए स्वीकृत राशि 36,375 रुपये प्रति हेक्टेयर में से बीज की राशि संबंधित आपूर्तिकर्ता को बीज प्राप्त करने के बाद एवं शेष राशि कृषक को पौध रोपण के बाद दी जायेगी। इसमें मखाना की खेती के लिए निर्धारित इकाई लागत 0.97 लाख रुपये/हेक्टेयर है। वहीं मखाना बीज उत्पादन के तहत मखाना के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थानों के स्तर से अनुदान पर मखाना के उन्नत प्रभेद स्वर्ण वैदेही एवं सबौर मखाना-1 के बीज का उत्पादन कराया जायेगा। मखाना बीज वितरण योजना के तहत वितरित अनुशंसित प्रभेद का बीज के मूल्य की राशि अधिकतम 225.00 रुपये प्रति किलोग्राम अनुदान के रूप में दी जायेगी। बीज का मूल्य बढ़ने पर अतिरिक्त राशि का वहन किसान स्वयं करेंगे। मखाना की खेती कर रहे सभी रैयत/गैर-रैयत किसानों को उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली टूल्स किट अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी।

**16 जिलों के किसान ले सकते है लाभ**

राज्य के 16 जिलों कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा, मधुबनी, किशनगंज, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, समस्तीपुर, भागलपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण एवं मुजफ्फरपुर में इस योजना का लाभ दिया जायेगा।

# अक्टूबर में मछली पालकों के लिए विभाग ने जारी की सलाह

## मछलियों को पूरक आहार में नमक मिलाकर खिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग मछली पालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने मछलियों की देखभाल से संबंधित जरूरी सलाह जारी की है जिसमें बताया गया है कि अक्टूबर माह में मछलियों को देखभाल कैसे करनी चाहिए। विभाग ने सलाह दी है कि मत्स्य पालक पूरक आहार का प्रयोग मछली के कुल वजन का 2 से 3 प्रतिशत की दर से करें। चूना का प्रयोग प्रति माह पीएच मान के अनुसार 15-20 किग्रा/एकड़ की दर से विशेषज्ञों की सलाह से करें और तालाब में बीमारी को रोकने के लिए बाहरी पानी (नाला का पानी) को नहीं आने दें। तालाब में कीड़ा एवं आग्रुलस के संक्रमण को रोकने के लिए विशेषज्ञों की सलाह से दवा प्रयोग करें। महीने के अंत में तालाब में जाल चलवाएं। वहीं पंगेशियस तालाब में जाल चलाना वर्जित है। पूरक आहार में 10 ग्राम नमक प्रति किलोग्राम भोजन की दर से मिलाकर माह में 10 दिन लगातार मछलियों को खिलाएं। माह में एक बार वाटर सैनिटाइजर के रूप में पोटेशियम परमैंगनेट का प्रयोग 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से करें। पूरक आहार देने का समय सुबह 10 बजे एवं शाम 4 बजे निर्धारित करें।

**तालाब के चारो तरफ रखें सफाई**

तालाब का पानी अत्यधिक हरा होने पर चूना एवं रासायनिक खाद का प्रयोग बंद करें। पानी अत्यधिक हरा होने पर 800 ग्राम कॉपर सल्फेट या 20 किलोग्राम फिटकिरी प्रति एकड़ की दर से 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

पूर्व मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना

ई–खुली निविदा संख्या :–ईसीआर–एसएनटी–ओटी–215ए–2025–26

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।, **क्र.सं. (i) विवरण: कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि : टिपण्णी**–पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में बेगूसराय (बीजीएस को छोड़कर) से कटिहार (केआईआर को छोड़कर) खंड (161 किमी) में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का डिजाइन निर्माण, आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। **मंडल :** सोनपुर, पूर्णता अवधि 24 महीने। **(ii) अनुमानित लागत : रूपये** 265,97,08,403.01 (दो सौ पैंसठ करोड़ सन्तानवे लाख आठ हजार चार सौ तीन रूपये और एक पैसे मात्र) **(iii) अग्रधन जो जमा करना है :** एक करोड़ **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय :** 30.10.2025 अपराह्न 14.00 तक एवं 30.10.2025 अपराह्न 14.30 बजे।, **(v) वेबसाईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके : www.ireps.gov.in,** प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप –मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर**

पीआर/1074/एचक्यू/एस एण्ड टी/टी/25-26/40

# महिला लाभार्थियों के खाते में 25 सौ करोड़ का अंतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को राज्य के 25 लाख लाभार्थियों के खाते में दस-दस हजार की राशि हस्तांतरित की गई। वहीं रोहतास जिले की लगभग एक लाख दीदियों के खातों में दस-दस हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। इस प्रकार केवल रोहतास जिले की दीदियों के खातों में ही लगभग 100 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के 25 लाख लाभार्थियों के खाते में 2500 करोड़ की राशि अंतरण की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से मौजूद थे। रोहतास समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें प्रत्येक परिवार के एक महिला सदस्य को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस-दस हजार का लाभ स्वरोजगार करने हेतु दिया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर ने कहा कि शुरूआत में दस हजार रुपये की राशि प्रत्येक लाभार्थी के बैंक खाते में अंतरण किया जा रहा है जो स्वरोजगार शुरू करने और आकलन और आवश्यकता अनुसार दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। महिलाएं इस योजना से प्राप्त राशि का स्वरोजगार शुरू करेंगी। जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर ने बताया कि महिलाएं इस योजना के तहत प्राप्त राशि से रोजगार-स्वरोजगार का साधन विकसित कर आत्मनिर्भर बनेंगी। अपना आय का साधन होने से, गरिमा एवं आत्मनिर्भरता के साथ रोजगार कर सशक्त होने में मदद मिलेगी। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में यह योजना लाभकारी सिद्ध होगा। साथ ही व्यवसाय के सर्वेक्षण उपरांत दो लाख रुपए तक आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में रोहतास जिले के सभी 19 प्रखंड मुख्यालय के सभी तैंतालीस संकुल स्तरीय संघों, 1752 ग्राम संगठनों एवं पंचायत भवनों में यह कार्यक्रम लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से आयोजित किया गया जहां जीविका दीदियां एवं अन्य महिलाएं प्रोजेक्टर, टेलीविजन, टैब, मोबाइल फोन इत्यादि माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ी एवं कल्याणकारी योजना को साक्षी बनी। रोहतास जिला में लगभग 2 लाख से अधिक जीविका एवं गैर जीविका महिलाओं ने डिजिटल माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत आज दूसरी बैच की राशि का अंतरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों रिमोट दबा कर किया गया। बताते चलें कि सिर्फ रोहतास जिले में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लाभुकों की संख्या बढ़ कर 2 लाख 70 हजार हो गई।

# शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के 143 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, कैमूर व बक्सर गृह जिला में पदस्थापित 143 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण दूसरे जिलों में किया गया है। शाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश के अनुसार पुलिस मुख्यालय व चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में प्रक्षेत्र के गृह जिलों में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक व सहायक पुलिस निरीक्षक का स्थानांतरण प्रक्षेत्र के दूसरे जिलों में किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों जिलों के एसपी से गृह जिलों में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों की सूची प्राप्त होने के बाद उन्हें दूसरे जिलों में स्थानांतरित किया गया है। सभी को स्थानांतरित जिला बल में तत्काल योगदान देने हेतु आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि कैमूर जिले के बीस, भोजपुर के 66, बक्सर के 25 और रोहतास के 32 पुलिस अधिकारियों का दूसरे जिलों में स्थानांतरण किया गया है।

**रोहतास जिले से स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों की सूची :** पुलिस अवर निरीक्षक नुमान खान, अरुण कुमार सिंह, राधेश्याम राम, हरेंद्र सिंह, गायत्री तिवारी, हंसराज राम, विक्रमा राम, लालमुनी देवी, महेंद्र तिवारी, मो. असगर अली, जिया उल हक खान, बैरिस्टर तिवारी, कामता राम, बैरिस्टर पाल, सुदामा चौबे, रविंद्र कुमार सिंह, बाबूराम सिंह, महेंद्र नाथ सिंह, मुजफ्फर इमाम, सर्वजीत शर्मा, शिवकुमार राय, सीता कुमारी, गंगा सागर चौधरी, परशुराम सिंह, अवध बिहारी पाठक, दिनेश्वर प्रसाद सभी को बक्सर जिला में स्थानांतरित किया गया है। वही पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद तिवारी, दयाशंकर पाठक, मंजर आलम सिद्दीकी, लक्ष्मण सिंह, सुरेंद्र राय, ओमप्रकाश राम को भोजपुर जिला में स्थानांतरित किया गया है।

# आरएसके पब्लिक स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




डिहरी ऑन-सोन। आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में राष्ट्रीय पर्व 2 अक्टूबर 2025 'गांधी जयंती' तथा 'लाल बहादुर शास्त्री जयंती' के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी स्वच्छता तथा आस -पास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते थे। इस प्रकार समाज के सभी लोगों को सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं अपने आसपास स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी अनुकरण कर सके जिससे हमारा राष्ट्र दुनिया में नंबर वन स्थान प्राप्त कर सकेगा। निदेशक ने यह भी कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एक ही दिन विजयादशमी तथा गांधी जयंती है जो दोनों असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक हैं। इस स्वच्छता अभियान में विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह तथा विद्यालय में कार्यरत फिजिकल शिक्षक पूर्व सैनिक अरुण कुमार 'अरुण' के द्वारा शस्त्र पूजा की गई। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय के आसपास में अपने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सफाई कार्य कर गांधी जी के स्वच्छता अभियान के प्रति अपनी भागीदारी दर्ज कराई। यह सफाई अभियान आर एस के पब्लिक स्कूल से चल कर मुख्य मार्ग होते हुए नारायणपुर मोड़ तक तथा डिहरी बाजार के गांधी स्मारक पहुंचा जहां निदेशक के द्वारा माल्यार्पण करने के बाद प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम को इसी तरह जारी रखने की बात कही गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह, प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह, प्रधानाचार्या प्रेमलता शर्मा, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव, बादल गुरु तथा समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए।

# महात्मा गांधी के प्रतिमा पर डीएम ने की पुष्पांजलि अर्पित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय सासाराम के धर्मशाला चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी सहित पदाधिकारियों ने गाँधी जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त नगर निगम सासाराम, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया।

# धूमधाम से मना दरिहट व आयरकोठा में गांधी जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढीगोला।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर दरिहट गांधी स्मारक व आयरकोठा बाजार स्थित गांधी आश्रम पर महात्मा गांधी का 156 वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयंती के शुभ अवसर पर महात्मा गांधी के मूर्ति पर फूलमाला अर्पण करते हुए लोजपा आर के प्रदेश सचिव किसान प्रकोष्ठ विनय कुमार सिंह ने गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा गांधी एक धोती एक डंडा के सहारे अंग्रेजों को भारत से अपने बुद्धि विवेक के सहारे भगा दिए उनका दांडी यात्रा एवं असहयोग आंदोलन अंग्रेजों को यहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं दरिहट मुखिया शारदा कुंवर ने भी महात्मा गांधी के विचारों को अनुसरण करने का विचार व्यक्त किया। इस मौके पर लोजपा आर डिहरी विधानसभा प्रभारी रणविजय सिंह, कमलेश सिंह, राम शुभम सिंह, गुड्डू सिंह,राहुल, छोटू एवं समाज सेवी मेहता जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कैमूर में आस्था के साथ उत्सवी माहौल में मनी दुगार्पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** कैमूर जिले में मां प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही दुगार्पूजा का पर्व आस्था,उल्लास के बीच उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। इसके पहले विजयादशमी को माता रानी के भव्य स्वरूप के दर्शन-पूजन के लिए पूजा पंडालों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। 'बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी ...' जैसे मनोहारी और प्रेम पूर्ण गाए गीतों की रसमाधुरी से पूरा जिला अभिसिंचित हो रहा था। चहुंओर भक्ति का उल्लास और मां के जयकारे इसकी आभा में चार चांद लगा रहा था। श्रद्धा और भक्ति का जो सामंजस्य उमड़ रहा है, वह भी अद्वितीय रहा। नवरात्र के दौरान मां के दरबार खुलने के बाद श्रद्धालुओं का हुजूम भी मां के आशीर्वाद को पाने के लिए लालायित दिख रहा था। पंडालों में जय मां जगदम्बा, जय मां भवानी और जय मां दुर्गे जैसे जयघोष के बीच प्रातःकालीन और सायंकालीन आरती हो रही थी। भक्ति भाव और उल्लास के इस धार्मिक पर्व पर हर्षातिरेक कर देने वाले सभी के हृदय में मां के प्रति श्रद्धा निवेदित करने की भावना परिलक्षित हो रही थी। पग-पग पर सजे पूजा पंडाल में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन पा भक्त निहाल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों कलेक्ट्रेट, पुराना चौक, पटेल चौक की ओर से जाने वाले सभी संपर्क पथों में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती की गई थी। विसर्जन जुलूस में सत्य प्रकाश सिंह, अशोक सिंह, मुकेश कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, भूलन सिंह, रवि प्रकाश सिंह, संतोष सिंह, ईश्वर सिंह, मधुसूदन सिंह, अमित सिंह, घोसला सिंह, मनीष कुमार सिंह, रणजीत सिंह, अरविंद सिंह, सुधीर सिंह आदि मां का जयकारा लगाते पहाड़िया डैम पहुंचे जहां मां को विदाई दी गई।

# आरपीएफ ने की 2 लाख की लावारिस शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** ज्ञात श्रोतों से जानकारी प्राप्त हुआ कि मालगाड़ी के द्वारा बिहार में शराब की बड़ी खेप लायी जा रही है। सूचना प्राप्ति पर निरीक्षक राम विलास राम, उप निरीक्षक कुमार गौरव, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय,आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान, आरक्षी उमेश कुमार, आरक्षी राजू कुमार, आरक्षी सत्यप्रकाश यादव, आरक्षी अंगद कुमार, आरक्षी राजू कुमार, आरक्षी सुनील कुमार की एक टीम बनाकर स्थानीय थाना डिहरी नगर के उप निरीक्षक अल्का सोनी साथ स्टाफ के द्वारा शराब बरामदगी एवं संलिप्तों की गिरफ्तारी के लिए संभावित क्षेत्र में अंबुश लगाकर निगरानी की जा रही थी कि एक मालगाड़ी को सोन ब्रिज डीएफसीसी लाइन पर रुकते ही कुछ लोगों को ट्रेन से वजनी सामान गिराते हुए हमलोगों ने देखा। हमलोग अपने आप को छिपाते हुए आगे बढ़े किंतु हम लोग के आने की आहट पाकर वे सभी रात के अंधेरे एवं सोनब्रिज के भौगोलिक बनावट का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। हम लोग जब पास पहुंचे तो डीएफसीसी लाइन के बगल में 15 जूट के भरे हुए बोरे दिखाई दिये। लावारिस बोरों में से 490 लीटर अंग्रेजी एवं देसी शराब अनुमानित कीमत करीब दो लाख आठ हजार रुपए का बरामद हुआ जिसे मौके पर ही विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए जप्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु स्थानीय थाना डिहरी नगर को सुपुर्द किया गया।

# ई रिक्शा की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के लालापुर में शुक्रवार को ई रिक्शा व बाइक में टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक लालापुर से अपने ससुराल सलथुआ की तरफ जा रहा था। घटना के बाद घर में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। बाइक सवार विकास पाल पिता अयोध्या पाल लालापुर का निवासी था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विकास पाल बाइक लेकर आरओबी से आगे निकले उसी समय अचानक ई रिक्शा बाइक में टक्कर मार दिया। घटना में बाइक सवार युवक बाइक से फेंका गया। घटना में गंभीर चोट लग गई। स्थानीय लोग इलाज के लिए अस्पताल ले जाते तब तक युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।

# गंगा आरती व भव्य भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** दशहरा पर्व के दौरान नवमी के संध्या में श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ सकरी के प्रांगण में गंगा आरती का हुआ जबकि विजयदशमी के दिन काली मंदिर सकरी में भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। वाराणसी के गंगा आरती के तर्ज पर आयोजित गंगा आरती में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। लगभग एक घंटे के आरती कार्यक्रम ने लोगों में श्रद्धा का भाव भर दिया। पंडित अर्जुन कृष्ण दूबे के देखरेख में हुए कार्यक्रम को श्रद्धालुओं ने काफी सराहना की जबकि काली मंदिर सकरी के प्रांगण लगातार नौवें वर्ष आयोजित भव्य भंडारा में कुदरा व आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति में चीकू सिंह, सौरव नाथ सहाय, विश्वेंद्र प्रताप सिंह उर्फ विशु सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, विकाश सिंह, पियूष सिंह, समर सिंह, दीपक सिंह, सनी सिंह, श्रीरंगम चौबे, अंकू सिंह, हरि शंकर विद्यार्थी, गौरव सहाय, सौरभ सिंह, निक्की तिवारी, केतन कुमार, सानू श्रीवास्तव, अमित कुमार, रॉकी सिंह, निशु तिवारी, रजनीश तिवारी, आशीष सिंह, प्रभात सिंह, दुर्गेश सिंह, हर्ष तिवारी, सोनू उपाध्याय, बबलू, रवि, प्रियांशु सिंह व शिवम सिंह ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# विभिन्न जलाशयों में मूर्ति का विसर्जन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** प्रखंड क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों में किया गया। भारी संख्या मे श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नाचते-झुमके मूर्ति के पीछे-आगे चल रहे थे। मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस प्रशासन की टीम मूर्ति के साथ जलाशयों तक तैनात दिखे। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालु एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा रहे थे। श्रद्धालु रास्ते में आने-जाने वाले राहगीरों व स्थानीय लोगों के बीच प्रसाद का वितरण कर रहे थे। कुदरा, सकरी, लालापुर, पुसौली क्षेत्र के मूर्तियों का विसर्जन दुर्गावती नदी में किया गया। जबकि केवढी, बसहीं व डीहरा क्षेत्र के मूर्तियों का विसर्जन कुदरा नदी व गारा चौबे नहर में किया गया।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

परिमार्जन प्लस जन जागरूकता श्रृंखला - 02

परिमार्जन प्लस डिजिटाइज्ड जमाबंदी पंजी में अशुद्धियों में सुधार एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन दर्ज करने हेतु एक पोर्टल है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है।

1. परिमार्जन प्लस आवेदन हेतु https://biharbhumi.bihar.gov.in/ पर जाएं और परिमार्जन प्लस पर क्लिक करें।
2. यदि आप पंजीकृत (रजिस्टर्ड) उपयोगकर्ता हैं, तो अपने मोबाइल नंबर की सहायता से लॉगिन करें। यदि आप नए उपयोगकर्ता हैं, तो पहले पंजीकरण करें।
3. लॉगिन के पश्चात दो विकल्प प्रदर्शित होंगे:
   1. डिजिटल जमाबंदी में सुधार
   2. कम्प्यूटराइजेशन हेतु छूटी हुई जमाबंदी का डिजिटलीकरण

अगर आपने विकल्प-2 चुना है तो आगे की प्रक्रिया इस प्रकार है:

1. आवेदन करने हेतु आवेदन का प्रकार यथा "कम्प्यूटराइजेशन हेतु छूटी हुई जमाबंदी का डिजिटाईजेशन" को चुनें। अब अपना जिला, अंचल को चुन कर Process बटन पर क्लिक करें।
2. हल्का, मौजा चुन कर "Prepare Application" पर क्लिक करें। अपनी जमाबंदी से संबंधित विवरण यथा जमाबंदी नंबर, रैयत का नाम, प्लॉट का विवरण, लगान संबंधित विवरण भरकर आवश्यक साक्ष्यों को अपलोड करें।
3. आवेदन के पहले भाग में जमाबंदी नंबर, होल्डिंग नंबर, वॉल्यूम नंबर, पेज नंबर में जो विवरण ज्ञात हो उन्हें भर कर Next बटन पर क्लिक करें।तत्पश्चात रैयत का विवरण, प्लॉट विवरण, लगान विवरण की सभी अनिवार्य सूचनायें अंकित कर "Next" बटन पर क्लिक करें। अंतिम भाग में आवेदन के विभिन्न साक्ष्यों के अलग-अलग पीडीएफ अपलोड कर Preview बटन पर क्लिक करें।
4. आपके द्वारा भरे गये सभी विवरण दिखाई देने लगेंगे। सभी विवरणों की सत्यता से संतुष्ट होने के पश्चात Final Submit बटन पर क्लिक करें। आपको एक प्राप्ति रसीद की प्राप्ति होगी। इसे आप सुरक्षित रख लें। आवेदनमें त्रुटि होने पर Edit बटन पर क्लिक कर पुनः आवेदन में बदलाव कर सकते हैं।
5. अगर आपके द्वारा जमा किए हुए आवेदन में अंचल अधिकारी को कोई आपत्ति है तो वे आपको अपने मन्तव्य के साथ वापस कर सकते हैं। ऐसे में वो आवेदन आपको परिमार्जन प्लस पोर्टल लॉगिन के होम स्क्रीन पर दिखेगा जिसमें आवश्यक सुधार ऊपर दी गई प्रक्रिया का पालन करके कर सकते हैं।

स्पष्ट सम्पदा शांति सर्वदा

परिमार्जन प्लस आवेदन की स्थिति देखने के लिए: https://biharbhumi.bihar.gov.in/ को खोलें। फिर "परिमार्जन प्लस आवेदन की स्थिति देखें" पर क्लिक करें। जिला, अंचल, आवेदन संख्या डाल कर Search बटन पर क्लिक करें।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं सेवाओं का लाभ लेने के लिए वेबसाइट https://biharbhumi.bihar.gov.in/ पर जायें। "नागरिक सेवाएँ" लिंक पर क्लिक करें। "नागरिक सुविधाओं के बारे में जानकारी" लिंक से प्रक्रिया जानें।

QR कोड स्कैन करें।

PR. No. 016551 (Revenue)D. 2025-26

Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept

शिकायत एवं सुझाव के लिए – टॉल फ्री नंबर 1800-345-6215 पर कॉल करें। – अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।

# और रावण फिर नहीं मरा

**ज्ञानेन्द्र मोहन खरे**

**आज** विजयादशमी थी। आसपास खासी चहल पहल और रौनक थी। चारों तरफ कोलाहल था । वातावरण जोश और उमंग से सराबोर था। ज्ञानू उम्रदराज हो चुके थे पर उनकी जीने की आस और कुछ कर गुजरने का जुनून हर दिन नई ऊर्जा का संचार कर रहा था। नवरात्रि का परमानंद अभी महाष्टमी का हवन कर चरम पर था। कन्या जिमाने की तैयारी चल रही थी। कई लंगूर पूरी और खीर के चक्कर में इर्द गिर्द घूम रहे थे। कुछ नौजवान रावण दहन की योजना बनाने के मशगूल थे।

अभी तो बचपन और जवानी की यादें भी धूमिल नहीं हुई थी कि जीवन की आपाधापी में अधेड़ावस्था ने कब चुपके से प्रवेश किया ज्ञानू को मालूम ही नहीं चला। उसके जीवन में कई दशहरे आए और गए पर सही मायनों में रावण दहन की हसरत अब तक सार्थक नहीं हो पाई थी। रावण दहन यानी समस्त बुराइयों का अंत। आज भी प्रतीकात्मक बुराइयां यानी रावण का पुतला जमीन पर तैयार था। उसके दस सिर और तलवार भयानक लग रहे थे। ज्ञानू ने एक नजर रावण के पुतले पर डाली और पुनः निश्चय किया कि इस बार वो रावण का अंत कर के ही दम लेगा और अन्य सभी लोगों को बुराइयों के अंत के लिए प्रेरित करेगा। शायद बरसों का मन का मलाल इस बार निकल जाए और अंतर्निहित और बाह्य वातावरण में व्याप्त बुराइयों के अंत का शंखनाद हो जाए।

ज्ञानू के जेहन में भूत की यादें वर्तमान पर हावी होने की कोशिश कर रही थी कि तभी राजू की आवाज ..

**"पापा थोड़ा हट जाए क्रेन आए गई"**

ने ज्ञानू को यथार्थ पर लाकर



खड़ा किया। कुछ ही समय में गरजता रावण खड़ा हो गया था। चारों ओर हर्ष का माहौल था। महिलाएं गोलगप्पे, चाट और पकोडों के रसास्वादन में व्यस्त थी। बच्चों की धमाचौकड़ी बढ़ती जा रही थी। व्यवस्थापकों द्वारा रावण के आसपास आवाजाही पर रोक लगा दी थी। सभी को जीवन की पुनः सकारात्मक शुरूवात का बेसब्री से इंतजार था जो रावण दहन से प्रारंभ होने था। ज्ञानू रावण की शान शान शौकत और ठाठ बाट देखकर आहत थे। अब उसे सूर्यास्त का इंतजार था जब रावण दहन होगा और उसके अहंकार का सर्वनाश होगा।

मौसम सुहावना था और गुलाबी ठंड दस्तक दे रही थी। सभी उत्सुकता से रावण दहन की प्रतीक्षा कर रहे थे। अचानक मौसम ने कर-वट ली और भास्कर, मेघों से आंखमिचौली खेलने लगे।तेज हवा के साथ जोरदार बारिश होने लगी। मंच से उद्घोषक बारम्बार रावण दहन का आग्रह करने लगा पर मूसलाधार बारिश के आगे सभी बेबस थे। कुछ समय में ही रावण पूरी तरह से गीला हो चुका था। आयोजक और आगंतुक मात्र मूकदर्शक बन रह गए थे। कुछ नौजवान रावण दहन पर आमादा थे। पचासों लीटर मिट्टी का तेल रावण पर डाला गया पर उसे नहीं जलाया जा सका। उसके अंदर निहित विस्फोटक आतिश बाजी नम हो चुकी थी। आग से उसके वस्त्र ही जल पाए और अधजला रावण अभी भी सीना ताने डटा हुआ था। और रावण फिर नहीं मरा था।

लोगो के चेहरे पर मायूसी और विषाद परिलक्षित था। सभी नाकामी और हतोत्साह की वेदना से ग्रसित थे। ज्ञानू रावण की खुशकिस्मती पर हैरान था। ज्ञानू की क्रांतिकारी परिवर्तन की हसरत फिर अधूरी रह गई थी। उसे लगा कि कलयुगी रावण का अंत इतनी आसानी से नहीं होगा। जब आभास ही इतना अगम है तो भविष्य की जद्दोजहद कितनी दुश्वार होगी। यह तो निश्चित हो गया कि ईश्वर की अनुकम्पा के साथ इंसान की प्रतिबद्धता और सतत कठिन प्रयास आवश्यक है। हर एक को पूरे वर्ष भर सकारात्मक रवैये और निरंतरता के साथ पुरजोर यत्न करना होगा। जीवन की सार्थकता के लिए पुनः प्रयास लाजमी है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 2,500 करोड़ रुपये का वितरण

## स्वावलंबी महिलाओं के लिए नई आर्थिक क्रांति का सूत्रपात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत 25 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से कुल 2 हजार500 सौ करोड़ की राशि का वितरण पूर्णिया के प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी मरगां में आयोजित विशेष कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम राज्यभर के लाखों महिलाओं के लिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।



इस योजना के अंतर्गत राज्य के हर परिवार की एक महिला को आर्थिक सहायता प्रदान कर रोजगार प्रारंभ करने का अवसर दिया जा रहा है। प्रारंभिक राशि के रूप में प्रत्येक लाभुक को 10 हजार दिए जा रहे हैं, जबकि भविष्य में आकलन के आधार पर 02 लाख तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता का प्रावधान है। महिला लाभुकों को रोजगार के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे चुनिंदा व्यवसाय में दक्षता के साथ काम कर सकें। योजना का स्वरूप सामुदायिक सहकारिता पर आधारित है। लाभुकों को पहले स्थानीय स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा, जो रोजगार चयन और व्यवसाय प्रारंभ करने में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। राज्य के 11 लाख से अधिक सक्रिय स्वयं सहायता समूह और 1 करोड़ 40 लाख से अधिक जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था महिलाओं के रोजगार और उद्यमिता की सफलता में सहायक बनेगी। प्रशिक्षण और उत्पादन के साथ-साथ महिला उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण स्तर से शहरों तक हाट-बाजार का विकास किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को गति देना है। पूर्णिया जिले में अब तक कुल 3 लाख 75 हजार से अधिक परिवारों को प्रति लाभुक ?10,000 की दर से कुल 03 अरब 75 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। आगामी चरण में शेष परिवारों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अंशुल कुमार, जिला पदाधिकारी, विधायक विजय खेमका पूर्णिया सदर, उप विकास आयुक्त, जीविका परियोजना प्रबंधक एवं भारी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

## सदर विधायक विजय खेमका ने दशहरा उत्सव में साझा कीं खुशियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** दशहरा महापर्व, जो कि पूरे दस दिन तक चलने वाला आस्था और उत्सव का प्रतीक है, 2 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में विधायक विजय खेमका ने अपने क्षेत्रवासियों के बीच उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में माता की आराधना की और लोगों के सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की।

**■ क्षेत्रवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएँ**

विधायक खेमका ने भक्तों से मिलकर उनके साथ समय बिताया और उन्हें विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, जिसे जीवन में अपनाना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि माता दुर्गा की कृपा से पूर्णिया सहित बिहार रामराज्य की ओर अग्रसर है। विधायक ने एनडीए सरकार के नेतृत्व में प्रदेश और देश में खुशहाली एवं विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ने की उम्मीद व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान विधायक खेमका ने कोरठबाड़ी स्थित शीतला मंदिर में दुर्गा पूजा के भक्ति जागरण में पूजा समिति और बाल कलाकारों को सम्मानित किया। क्षेत्रवासियों ने इस अवसर पर अपने प्रतिनिधि के साथ उत्सव की खुशियाँ साझा कीं और महापर्व के संदेश को अपने जीवन में अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

## कसबा थाना क्षेत्र में विजयादशमी पर रेल हादसा

# चार नाबालिगों की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कसबा/बनमनखी/पूर्णिया।** पूर्णिया जिला के कसबा थाना क्षेत्र में विजयादशमी के दिन दुर्गापूजा मेला देखने गए चार नाबालिक लड़कों की दर्दनाक मौत रेल हादसे में हो गई, जबकि एक लड़का गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार, मेला स्थल से सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर लौटते समय ये बच्चे यवनपुर बरियाल गुमटी के पास बंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गए।

**■ दुगार्पूजा मेला देखकर लौटते समय ट्रेन की चपेट में आए बच्चे**

हादसा शुक्रवार सुबह लगभग 4.54 बजे हुआ। ट्रेन की चपेट में आने से तीन नाबालिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों में से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि एक लड़का अभी भी जीएमसीएच पूर्णिया में गंभीर हालत में भर्ती है। मृतकों की पहचान इस प्रकार हुईः सुंदर कुमार (15) पिता ब्रह्मदेव ऋषि, जिगर कुमार (12) पिता राजेश ऋषिदेव उर्फ गुलटेन ऋषिदेव, सिंटू कुमार (12) पिता स्व. अनमोल ऋषिदेव झ ये सभी जानकीनगर थाना क्षेत्र, चांदपुर भंगहा पंचायत, ठाकुरपट्टी वार्ड नं. 4 निवासी हैं। वहीं रोहित कुमार (12) पिता राधेश्याम ऋषिदेव, वार्ड नं. 11 साकिन, चांदपुर भंगहा निवासी हैं। गंभीर रूप से घायल कुलदीप कुमार (10) पिता हरिनंदन ऋषिदेव ठाकुरपट्टी वार्ड नं. 4 का इलाज जारी है। स्थानीय चौकीदार हबीबउद्दीन ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेजे गए हैं और यह हादसा बंदे भारत ट्रेन की चपेट से हुआ। जीएमसीएच के ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ सोनू ने बताया कि चार नाबालिकों की मौत हो चुकी है और एक का इलाज गंभीर स्थिति में जारी है। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया जाएगा।

बताया गया कि पांचों बच्चे कुछ महीने पहले घर से कसवा मखाना तोड़ने गए थे। यह हादसा पूरे कसबा थाना क्षेत्र और आसपास के गांवों के लिए एक भयानक त्रासदी बन गया है।

## जहां कन्या का सम्मान होता है, वहीं बसता है देवत्व

**नबबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' — यह श्लोक केवल संस्कृत ग्रंथों का वाक्य नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का आत्मा है। वही समाज समृद्ध होता है, जहाँ कन्या को वरदान समझा जाता है; वही परिवार मंगलमय रहता है, जहाँ बेटी को लक्ष्मी का स्वरूप मानकर उसका सम्मान किया जाता है।



आज आवश्यकता है कि हम पुनः अपनी जड़ों की ओर लौटें, और यह स्वीकार करें कि बेटी अभिशाप नहीं, ईश्वर का आशीर्वाद है।इसी भावना को समाज के मानस में प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से सनातन सेवा संघ, पूर्णिया (बिहार) के तत्वावधान में आगामी 05 दिसम्बर 2025 (शुक्रवार) को कला भवन, पूर्णिया में निःशुल्क सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केवल विवाह संस्कार नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का यज्ञ है, जिसमें प्रत्येक कन्या का विवाह वैदिक रीति-विधान के अनुसार, पूर्ण सम्मान और संस्कारों की गरिमा के साथ कराया जाएगा।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि विवाह हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ — वस्त्र, मण्डप, पूजन सामग्री, भोजना और प्रसाद — पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। उद्देश्य यह कि कोई भी कन्या अपनी आर्थिक स्थिति के कारण विवाह से वंचित न रहे। यह प्रयास उन परिवारों के लिए भी आशा का दीप है, जो परिस्थितियों के कारण अपनी बेटियों के विवाह को लेकर चिंतित रहते हैं। आयोजित कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता (अध्यक्ष, सनातन सेवा संघ एवं माँ पंच देवी हॉस्पिटल, पूर्णिया) ने कहा — 'बेटी केवल घर की शोभा नहीं, वह सृष्टि की प्रेरणा है। जहाँ कन्या का सम्मान होता है, वहाँ देवत्व का वास होता है। यह सामूहिक विवाह महोत्सव समाज को यह स्मरण दिलाने का प्रयास है कि कन्यादान कोई सामाजिक बोझ नहीं, बल्कि दिव्य अवसर है। हमें हर उस बेटी को सम्मान देना है जो अपने संस्कारों से घर-परिवार और समाज को उजियारा देती है।' उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन एक सामाजिक परिवर्तन का संदेश है। समाज को यह समझना होगा कि 'कन्या भार नहीं, भाग्य है; उसका सम्मान ही सनातन संस्कृति का प्राण है।'

## पूर्णिया के गौरव : डॉ. निखिल प्रसून बने हिन्दी भाषा सलाहकार समिति के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** पूर्णिया के लिए गर्व का पल आया है। मणिपाल हॉस्पिटल, कोलकता के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख और टीवी-चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. यु वी सिंह के पुत्र डॉ. निखिल प्रसून (डीएम, एमडी) को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हिन्दी भाषा सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है।



बिहार और नार्थ ईस्ट जोन के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में डॉ. निखिल प्रसून को राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए सीधे सरकार के साथ काम करने का अवसर मिला है। यह नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तित्व और प्रतिष्ठा का परिचायक है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय बनी हुई है।

अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. निखिल प्रसून ने कहा, "मैं भारत सरकार और मंत्री अश्विनी वैष्णव का हृदयपूर्वक धन्यवाद करता हूँ। उन्होंने मुझ पर विश्वास कर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि इस भरोसे पर खरा उतर सकूँ और हिन्दी भाषा के विकास में सार्थक योगदान दे सकूँ।"

पूर्णिया में उनके मनोनयन की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों और स्वास्थ्य क्षेत्र के जानकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। हर कोई डॉ. निखिल की इस उपलब्धि को प्रेरणादायक मानते हुए उन्हें बधाई दे रहा है।

## पूर्णिया के विधायक निधि व महिला रोजगार योजना से जनता को दोहरी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** सदर विधानसभा के विधायक विजय खेमका ने शहरी क्षेत्र में जनता के लिए विशेष सौगात दी। विधायक निधि से लगभग 52 लाख रुपये की लागत से पांच प्रमुख सड़कों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। वार्ड संख्या 42 (अब्दुल्लानागर, श्रीराम कॉलनी), वार्ड-31 (रामबाग, आनंद बिहार, महराजगंज) तथा डिफेंस कॉलनी बाँध के पास के नागरिकों ने विधायक का स्वागत उत्साह और गर्मजोशी के साथ किया।विधायक ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय नागरिकों का आवागमन सुगम, सुरक्षित और तेज होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह सिर्फ सड़कों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य किए जाएंगे।




इसी अवसर पर पूर्णिया आर्ट गैलरी में जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभुक महिलाओं को सीधे लाभ राशि हस्तांतरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस योजना के तहत कुल 25 लाख महिलाओं के खातों में 10 हजार प्रति लाभुक की दर से कुल 2 हजार,500 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।विधायक खेमका ने लाभुक जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए बताया कि पूर्णिया जिले में दो लाख से अधिक महिलाओं तथा पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार से ज्यादा लाभुकों के खातों में सीधे राशि भेजी गई है।

## रानीपतरा गांधी चबूतरा पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया पूर्व/पूर्णिया।** बीते 2 अक्टूबर को रानीपतरा सर्वोदय आश्रम परिसर स्थित गांधी चबूतरा स्मारक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा और भक्ति के भाव से विभोर रहा। विधायक विजय खेमका और सर्वोदय आश्रम के अध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किया गया और उपस्थित जनसमूह ने गहरी श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर विधायक विजय खेमका ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सादगी के मार्ग पर चलकर न केवल समाज बल्कि राष्ट्र के लिए अनुकरणीय जीवन प्रस्तुत किया।



उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और प्रत्येक नागरिक के लिए एक प्रेरणा है कि वे अपने कर्तव्य और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहें। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि उनका 'जय जवान, जय किसान' का नारा देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने का अमूल्य योगदान है। मौके पर उपस्थित

सर्वोदय आश्रम के अध्यक्ष दिलीप मेहता ने गांधी चबूतरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस स्थल की स्थापना गांधी जी के विचारों और उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने, सत्य और अहिंसा की भावना को समाज में फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में यह स्थान लोगों के विचारों और संवाद का केंद्र था, जहाँ देशभक्ति और समाज सुधार के विषय पर चर्चा होती थी। आज भी यह स्मारक युवाओं और नागरिकों के लिए प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है और समाज में आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को जागृत करता है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, आश्रम के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि गांधी और शास्त्री के जीवन मूल्यों और आदर्शों को अपने व्यवहार में उतारकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। रानीपतरा का गांधी चबूतरा आज केवल स्मारक नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और राष्ट्रभक्ति के अमूल्य संदेश को जीवित रखने वाला प्रेरक केंद्र बनकर उभरा है।

## पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र से योग्य प्रत्याशी चयन को लेकर जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनता से अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनता से अपील की है कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐसे उम्मीदवार के नाम चयन में सहयोग करें जो न केवल पार्टी की विचारधारा को गहराई से समझे, बल्कि पूर्णिया के सर्वांगीण विकास और सामाजिक सौहार्द की परंपरा को भी मजबूती से आगे बढ़ा सके।

**■ जनता के सुझाव से होगा विकासोन्मुख और सर्वसमावेशी नेतृत्व का चयन**



उन्होंने कहा कि पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र केवल एक राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि यह पूर्णिया जिले की आत्मा और सीमांचल की नीतिगत दिशा तय करने वाला केंद्र है। ऐसे में यहां से चुना गया जनप्रतिनिधि न सिर्फ विकास की दृष्टि से दूरदर्शी होना चाहिए, बल्कि उसे हिंदू-मुस्लिम एकता, भाईचारे और समावेशी समाज के मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जन सुराज का उद्देश्य राजनीतिक परिवर्तन के साथ सामाजिक जागृति को भी आधार बनाना है। पार्टी ऐसे जनप्रतिनिधि को आगे लाना चाहती है जो जनता की नब्ज को समझते हुए उनके हितों की सच्ची पैरवी कर सके। उन्होंने पूर्णिया के सजग नागरिकों, बुद्धिजीवियों, युवाओं एवं मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव देकर ऐसे चेहरे को सामने लाने में सहयोग करें, जो पूर्णिया के विकास, सामाजिक सौहार्द और स्वाभिमान का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुराज पार्टी का लक्ष्य किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि विचार और नीति आधारित राजनीति को आगे बढ़ाना है। इसलिए प्रत्याशी का चयन जनता के सुझाव, पारदर्शिता और जनहित की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर किया जाएगा। पप्पू सिंह ने कहा कि पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र से वही प्रतिनिधि जन सुराज की ओर से मैदान में उतरेगा, जो इस क्षेत्र की आकांक्षाओं, समस्याओं और संभावनाओं को सच्चे अर्थों में समझते हुए जन सेवा को अपनी प्राथमिकता बनाएगा। जनता का सहयोग ही पार्टी को एक सक्षम और जनोन्मुखी नेतृत्व देने में मार्गदर्शक बनेगा।

# माँ दुर्गा के चरणों में नमन कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने मांगा जनकल्याण का वरदान

## विजयादशमी पर दुर्गा पंडालों का भ्रमण, श्रद्धालुओं संग साझा की भक्ति, आस्था और नीलकंठ दर्शन का अद्भुत संयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** विजयादशमी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पूर्णिया नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुँचकर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का दर्शन किया और नवरात्र की पूणार्हुति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने माँ दुर्गा के चरणों में नमन करते हुए प्रदेश की उन्नति, जनसमृद्धि और सामाजिक सौहार्द की कामना की।

शक्ति की उपासना और धर्म की विजय के इस पर्व पर डॉ. जायसवाल ने कहा कि माँ दुर्गा नारी शक्ति, साहस और न्याय की प्रेरक हैं, और समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब हम नारी सम्मान को अपने आचरण का अंग बनाएं। उन्होंने कहा कि विजयादशमी यह संदेश देती है कि अन्याय चाहे कितना ही प्रबल क्यों न हो, अंततः विजय सत्य, धर्म और नीति की ही होती है। भ्रमण के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने गुलाबबाग, रजनी चौक, भट्टा बाजार, लाइन बाजार और नवरत्न स्टेशन क्लब जैसे प्रमुख पंडालों में पहुँचकर माँ के दर्शन किए। हर स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और 'जय माँ दुर्गा' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान एक विशेष क्षण तब देखने को मिला जब डॉ. दिलीप जायसवाल ने नीलकंठ पक्षी



का दर्शन किया। उन्होंने भक्तजनों को भी अपने हाथों में नीलकंठ पक्षी लेकर दर्शन करवाया। धार्मिक मान्यता है कि विजयादशमी के दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ संकेत माना जाता है। यह पक्षी भगवान शिव का प्रिय है, और मान्यता है कि इसके दर्शन से जीवन में शुभता, समृद्धि और पापों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। यह पक्षी उस संतुलन का प्रतीक है, जिसमें विष को धारण कर भी अमृत समान शांति बनी रहती है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि नीलकंठ दर्शन से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नव आरंभ के लिए मंगल संकेत प्राप्त होता है। प्रदेश अध्यक्ष के साथ भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस भावनात्मक क्षण के साक्षी बने। भक्तों ने इसे सौभाग्य का अवसर मानते हुए नीलकंठ दर्शन को माँ दुर्गा की कृपा का प्रतीक बताया।जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष किसी भी पंडाल में पहुँचे, आम जनमानस में उत्साह की लहर दौड़ गई। लोगों ने भक्ति और उल्लास के साथ उनका स्वागत किया। हर स्थल पर धर्म, आस्था और सामाजिक एकता की भावना का अनुपम संगम देखने को मिला। संध्या में डॉ. जायसवाल धमदाहा पहुँचे, जहाँ उन्होंने रावण दहन कार्यक्रम में भाग लेकर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। उन्होंने जनसमूह से समाज में सद्भाव, एकता और धर्म के पथ पर अग्रसर होने का आह्वान किया। पूरे भ्रमण के दौरान प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति ने हर स्थल को भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह से आलोकित कर दिया। श्रद्धालु न केवल माँ दुर्गा के दर्शन हेतु उमड़े, बल्कि उनके संदेशों में निहित नीति, धर्म और लोककल्याण की भावना से भी प्रेरित हुए।




# चोरी का विरोध करने पर वृद्धा की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के मीरपुर प्रयाग बिगहा गांव में अज्ञात चोरों ने न सिर्फ घर में चोरी की बल्कि विरोध करने पर एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। मृतका की पहचान उस गांव निवासी रामाधार यादव की 60 वर्षीय अंजनी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात घर से करीब 20 लाख की चोरी हुई है। घर से ज्वेलरी गायब है। घर के सारे सामान बिखरे पड़े थे। संभव है कि चोरी के इरादे से ही बदमाश घर में घुसे थे। छत के रास्ते से आए थे। ऊपर दरवाजे में कोई लॉक नहीं था। मृतका के पति रामाधार यादव ने बताया कि मेरे बच्चे बाहर रहते हैं। देर रात बदमाश घर में घुसे थे। मैं दूसरे कमरे में सो रहा था। चोरों ने दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दिया। चोरी के दौरान उनकी पत्नी की नींद खुल गई। चोर को देखकर उसने शोर मचाया और चोर को पकड़ लिया तभी चोरों ने रॉड से मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद सिर पर पत्थर और चाकू मारकर उसकी हत्या कर फरार हो गए। घर से 300 मीटर की दूरी पर खाली बक्सा, बैग और कपड़ा मिला है। सुबह पड़ोसी ने कमरे का दरवाजा खोला है। घटना की सूचना पर पहुंचे दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास, थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने मामले का जायजा लिया। पड़ोसी अनिता देवी ने बताया कि सुबह 5 बजे मैं जगी, उसके बाद मवेशी को बाहर निकालने के लिए गई। पड़ोसी रामाधार यादव दरवाजा पीट रहे थे। मैंने जाकर देखा तो दरवाजा खुला था लेकिन उनके कमरे की कुंडी बाहर से लगी थी। कुंडी खोला तो वो बाहर आए। घर में सामान बिखरा पड़ा था। मैंने कहा कि आपके घर में चोरी हुई है। उनकी पत्नी दूसरे कमरे थी। वहां जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। बाहर निकलकर मैं चिल्लाने लगी। मौत कैसे हुई है, मुझे नहीं पता। सिर फोड़ा हुआ था, ऐसा लग रहा है ईंट-पत्थर से मारा है। बेड पर ब्लड गिरा था। मौके पर ईंट भी रखा था। चोर ने ही मारा है। उसको पता था कि घर में कोई नहीं है, सिर्फ बुजुर्ग पति-पत्नी ही है। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि अंजलि देवी की सिर में किसी धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज( औरंगाबाद)।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू-गया रेलखंड पर रफीगंज स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रफीगंज रेलवे स्टेशन के पास चलती एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने की कोशिश में 32 वर्षीय एक युवक गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के तारा गांव निवासी रजनीश कुमार सिह उर्फ गोल्डन के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर तुरंत अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बिना देरी किए घायल रजनीश को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद चिकित्सक उसे बचा नहीं पाया और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सोननगर भेजा गया है। गोल्डन की मौत की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव तारा पहुंची पूरे इलाके में मातम छा गया। वहीं इसी स्टेशन के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर, एसआई इंदल कुमार एवं रेलवे जवान पहुंचकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया किंतु पहचान नहीं हो सका। कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर सोननगर जीआरपीएफ को सूचना कर दिया गया। आरपीएफ ने बताया कि गुरुवार को करीब 3 बजे डाउन लाइन पर यह घटना हुई है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हुई है।

# बारिश के बीच धू-धू कर जला 55 फीट ऊंचा रावण का पुतला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर औरंगाबाद में अहंकारी रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद के पुतलों का दहन हुआ। यह कार्यक्रम बारिश और तेज हवा की चुनौतियों के बीच शहर के गांधी मैदान में संपन्न हुआ। प्रशासनिक दिशा निर्देश के आलोक में गांधी मैदान की बैरिकेडिंग कराई गई ताकि रावण दहन देखने के दौरान भीड़ नियंत्रित रहे और किसी को कोई परेशानी न हो। पुतला जलते ही श्रद्धालुओं ने जय श्री राम का नारा लगाया। साथ ही लोगों ने कहा कि रावण दहन असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इससे पहले शहर में श्रीराम भगवान दरबार की शोभायात्रा भी निकाली गई। पूरे शहर में घूमने के बाद भगवान श्रीराम दरबार की शोभायात्रा गांधी मैदान पहुंची जहां प्रभु श्रीराम की



आरती की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। इसके बाद जैसे ही प्रभु श्री राम का बाण रावण को लगा, 55 फीट का रावन का पुतला जल उठा। यहां सरस्वती आराध्य समिति की ओर से पिछले 19 वर्षों से रावण दहन का आयोजन किया गया था। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों से जुड़ी समिति की ओर से इस साल 55 फीट उंचा रावण का पुतला बनवाया गया था। रावण के पुतला का दहन भगवान राम के वेशभूषा में समिति के सदस्य की ओर से तीर चलाकर किया गया। लोगों ने इसका उल्लास पूर्वक जश्न मनाया और फिर परिवार सहित घर लौट गए। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया।




# कंटेनर से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के देवकुली गांव स्थित सिनेमा हॉल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर बुधवार को कंटेनर ने बाइक सवार एक युवक को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के यादव कॉलेज स्थित मुहल्ला निवासी व्यवसायी उमाशंकर प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र शुभम उर्फ मोहित कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने आए वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने बताया कि शुभम शाहपुर से बाइक लेकर अपने मामा अलख निरंजन प्रसाद जो कि व्यवहार न्यायालय में ताईद है, उनके घर भंडारा में शामिल होने जा रहा था। इसी क्रम में सिनेमा हॉल के समीप वह कंटेनर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने देवकुली गांव के समीप सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# चार दिनों बाद लापता छात्र बरामद

## अपराधियों ने मांगी थी पांच लाख की फिरौती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के बभंडी एवं चिल्हकी गांव के बीच से बीते दिनों अपहृत अभियंत्रण के तृतीय वर्ष के छात्र को डायल 112 वाहन के पुलिसकर्मियों ने नबीनगर के मांझियावां गांव से गुरुवार की सुबह बरामद कर लिया। पुलिस ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए इलाज के लिए नबीनगर रेफरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा है। सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे अपहृत ने बताया कि उसका नाम ऋतुराज पाल है और वह टंडवा थाना क्षेत्र के कर्मा लहंग के डुमराही निवासी उदय पाल का पुत्र है। उसके पिता पोर्ट ब्लेयर के एक सीमेंट फैक्ट्री में काम करते हैं। उसने बताया कि वह अभियंत्रण तृतीय वर्ष का छात्र है और 27 सितंबर को गयाजी के पंत नगर स्थित रिमू इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक कॉलेज में रजिस्ट्रेशन कराने गया हुआ था और रात्रि में ही गांव लौट आया था। 28 सितंबर की सुबह अपने गांव से अंबा आ रहा था लेकिन बभंडी और चिल्हकी गांव के समीप ही उतर गया। इसी दौरान उसने सोचा कि औरंगाबाद आकर एक मोबाइल खरीद लूं और जेल में बंद अपने भाई से भी मिल ले। उसी वक्त उसके पास एक स्कॉर्पियो आकर रुकी जिसमें चार लोग सवार थे। उसमें से एक ने मेरा नाम लेते हुए हाल समाचार के साथ-साथ जेल में बंद छोटे भाई के बारे में जानकारी ली और मुझे गाड़ी में बिठा लिया। थोड़ी देर बाद पीछे बैठे एक व्यक्ति ने मुझे कुछ सुंघा दिया। फिर उसके बाद उसे होश नहीं रहा। जब होश में आया तो देखा कि उसे एक ऐसे कमरे में बंद किया गया है जहां मवेशियों का चारा रखा हुआ था। इस दौरान पूरा शरीर दर्द कर रहा था। उसी वक्त जिन लोगों ने मुझे उठाया था वहीं लोग पहुंचे और मेरे ही मोबाइल से मेरा पिता को फोन कर पांच लाख रूपये फिरौती की मांग करने के साथ मारपीट की। इसी दौरान एक बार फिर उसे कुछ सुंघा दिया गया जिससे वह बेहोश हो गया। जब होश में आया तो खुद को एक जगह फेंका पाया गया। स्थानीय लोगों ने डायल 112 को बुलाया और टंडवा पुलिस ने मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। फिलहाल इस मामले को गंभीरता से लेते हुए टंडवा पुलिस जांच में जुट गई है।




# सितंबर में 1089 अभियुक्त गिरफ्तार, 17 लाख से अधिक की वसूली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है ताकि जिले के नागरिक अमन चैन से जीवन बसर कर सके। शुक्रवार को औरंगाबाद पुलिस ने सितंबर माह में की गई उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया के साथ साझा किया है। एसपी के गोपनीय शाखा से मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद पुलिस ने सितंबर माह में 30 जिंदा कारतूस के साथ 07 देशी कट्टा, 90 लीटर विदेशी शराब, 8541 लीटर देशी शराब, 5 चार चक्का वाहन जब्त कर 17 लाख 46 हजार रुपए शमन राशि वसूल की है। डॉयल 112 वाहन की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए जानकारी दी गयी है कि सितंबर माह में डॉयल 112 के तहत कुल 3345 कॉल प्राप्त हुए। इनमें घरेलू हिंसा के 327, सामान्य विधि व्यवस्था के 1642, भूमि और संपत्ति विवाद के 60, सड़क हादसे के 132, अग्निकांड के 11 तथा अन्य मामले के 1173 कॉल थे। डॉयल 112 के पुलिसकर्मियों द्वारा सभी कॉल पर त्वरित कार्रवाई कर अपनी सेवा की मिशाल प्रस्तुत की है। सितंबर माह में हुई गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया गया है कि हत्या मामले में 11, हत्या के प्रयास मामले में 168, डकैती मामले में 02, एससी एसटी एक्ट मामले में 06, दहेज हत्या मामले में 02, पुलिस पर हमला मामले में 02, अवैध उत्खनन मामले में 05, आर्म्स एक्ट में 10, अग्निकांड मामले में 328 तथा मध निषेध मामले में 222 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। बताया गया कि जिले की विधि व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति औरंगाबाद की पुलिस कृत संकल्पित है।

## शराब सहित अन्य मामले में 24 धराये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। शराब के शीर्ष कांडों में 12 एवं अन्य शीर्ष कांड में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 959 वाहनों की जांच की गई जिसमें 77500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वहीं 123.80 लीटर देसी, 0.75 लीटर विदेशी शराब एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो चुनाव के मद्देनजर जले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# नहर से वृद्ध का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के बरियावां के पास उत्तर कोयल नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान थाना कासिमपुर गांव निवासी स्व. कैलाश राम के 65 वर्षीय पुत्र दिनेश राम के रूप में की गई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या में ऐसा प्रतीत होता है कि शौच के दौरान बुजुर्ग अनियंत्रित होकर उत्तर कोयल नहर में जा गिरे और गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस घटना की अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव नहर में पड़ा हुआ है। सूचना के आलोक में घटनास्थल पर पहुंचा और शव को बाहर निकलवा पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में एफएसएल टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है।




# रावण के पुतला दहन कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देव।** सूर्य नगरी देव में रावण पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस



दौरान सूर्य महोत्सव स्थल से रानी तालाब के रामलीला मैदान में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। काली स्थान शिवालय समिति के सदस्यों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डबल लेयर बैरिकेटिंग किया। ताकि सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। सड़कों पर लाइटिंग की व्यवस्था की गयी थी। सर्वप्रथम भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी निकालकर सूर्य मंदिर का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद रावण दहन के लिए रामलीला मैदान भगवान श्रीराम का सेना पहुंची। इस दौरान भगवान राम की भूमिका में देव के छोटू कुमार, लक्ष्मण गौतम कुमार और हनुमान जी के रूप में जितेन कुमार नें अहम भूमिका निभायी। वहीं भगवान श्रीराम के सेना के रूप में अध्यक्ष दीपक धनराज, सचिव राहुल सिंह, संरक्षक दीपक गुप्ता, गोरख साव, मनीष प्रजापत, राकेश राही, रवि पैंटर, बिट्टू सिंह, मोहित कुमार, चंदन सिंह, अशोक यादव, उपेंद्र यादव, तरुण कुमार, गुड्डू सिंह, बीरेंद्र कुमार शामिल हुए और कलियुग में बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए भगवान श्री राम ने तीर चलाकर लंकेश के अहंकार का अंत कर दिया। इस दौरान श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने और समिति का मनोबल बढ़ाने में समाजसेवी लक्ष्मण गुप्ता, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, भूपेश यादव, राजदेव पाल, पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, शिवपूजन सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कुमार सौरभ और अंचलाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। काली स्थान शिवालय समिति के कोषाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी ने कहा कि दशहरा हमें केवल बाहरी रावण के नाश की नहीं, बल्कि भीतर के राग-द्वेष के दहन की प्रेरणा देता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, एक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के रतनुआ ओवरब्रिज के समीप अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया जिससे एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसौली गांव निवासी 20 वर्षीय कुंदन कुमार जबकि घायल की पहचान उसी गांव के 19 वर्षीय शुभम कुमार के रूप में की गई है। गुरुवार को सदर अस्पताल में शव परिजनों ने बताया कि कुंदन और शुभम एक ही बाइक से औरंगाबाद दुर्गा पूजा मेला घूमने निकले थे तभी हादसे का शिकार हो गये।

